नई दिल्ली
शनिवार 13 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 55
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यूत. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### हमलों को तुरंत रोका जाना चाहिए

*भारत ने मीक्स को कहा कि वह इस पूरे मामले पर बनी हुई नई दिल्ली की गंभीर चिंता को तत्काल आधार पर अमेरिका में अपने उच्च-अधिकारियों तक पहुंचाएं। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्षेत्र में तैनात अमेरिकी नौसेना जनहानि से जुड़े ऐसे सभी हमलों को रोकने के लिए तमाम आवश्यक कदम उठाए।*

### रूस, ईरान का तेल बेचने पर हुआ हमला

*रणधीर ने ये भी कहा कि अमेरिकी हमलों का शिकार हुए तीन में से दो जहाज अमेरिका के वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) द्वारा प्रतिबंधित हैं। जबकि एक अन्य जहाज अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन की सूची में शामिल है। यहां बता दें कि यूएस ओएफएसी अमेरिका के वित्त मंत्रालय के तहत आने वाली खुफिया और कानून अनुपालन कराने वाली एजेंसी है। जो समुद्र में मुख्य रूप से उन जहाजों को निशाना बनाती है। जो अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद रूस और ईरान का तेल बेच रहे हैं।*

### अमेरिकी हमलों पर पहला कबूलनामा

*बीते गुरुवार को राजधानी में हुई अंतर-मंत्रालयी मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पहली बार सार्वजनिक रूप से इस तथ्य को स्वीकार किया कि इस सप्ताह अमेरिका की नौसेना ने ओमान की खाड़ी के इलाके में भारतीय चालक दल वाले तीन वाणिज्यिक जहाजों (एमटी मारिवेक्स, सेटेबेलो और जलवीर) को निशाना बनाया है। जिसमें देश के 3 नागरिकों की मौत हो गई है। इन तीनों में से हालांकि कोई भी जहाज भारत के ध्वज वाला नहीं था। बल्कि सभी विदेशी ध्वज वाले थे। एमटी मारिवेक्स पलाऊ ध्वज वाला जहाज था और उसमें 24 भारतीय नाविक थे। अमेरिका की नौसेना ने 8 जून को मारिवेक्स हमला किया था। सभी को सुरक्षित बचा लिया गया। 10 जून को पलाऊ ध्वज वाले एमटी सेटेबेलो नामक तेल टैंकर पर अमेरिका ने हमला किया। जहाज में सवार 24 नाविकों में से 3 की दुखद मृत्यु हो गई थी। इसके अगले दिन 11 जून को ओमान की खाड़ी के इलाके में ही एक बार फिर से अमेरिकी नौसेना ने पश्चिमी-अफ्रीका के देश गिनी बिसाऊ के ध्वज वाले भारतीय सवार एमटी जलवीर तेल टैंकर को निशाना बनाया। जिसमें सवार सभी 20 भारतीय सुरक्षित हैं। इन हमलों में मारे गए 3 भारतीयों के पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए जल्द देश वापस लाए जाएंगे। साथ ही हमलों में बाल-बाल बचे सभी सुरक्षित भारतीयों की भी वतन वापसी होगी।*

ओमान की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर मिसाइल हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

# अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत को फिर से तलब कर भारत की दो टूक...

## हमलों से कमजोर होती मुश्किल वक्त में वैश्विक समुद्री व्यापार से जुड़ी शांति-स्थिरता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के मध्य ओमान की खाड़ी के इलाके में भारतीय सवार व्यापारिक जहाजों को अमेरिका की नौसेना द्वारा लगातार मिसाइलों से हमला कर निशाना बनाए जाने के मामले को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर से भारत ने अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत (चार्ज डी अफेयर्स) जेसन मीक्स को तलब कर बेहद सख्त अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया है। यह पूरा घटनाक्रम एमटी सेटेबेलो जहाज पर हुए हमले के बाद 10 जून को भारत द्वारा अमेरिका के कार्यवाहक



राजदूत को विदेश मंत्रालय में बुलाकर अपनी कड़ी आपत्ति जताने के लगभग 48 घंटे के अंदर सामने आया है। मालूम हो कि वर्तमान समय में विश्व में भारत के ही सबसे ज्यादा नाविक काम कर रहे हैं और इनकी कुल संख्या 3.2 लाख है। अकेले खाड़ी क्षेत्र में देश के नाविकों का आंकड़ा 18 हजार से अधिक है। इन सबके बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार से फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। जहां फ्रांस की मेजबानी में होने जा रहे जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर उनकी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भी एक द्विपक्षीय बैठक हो सकती है। जिसमें इस बात की बहुत संभावना है कि भारतीय प्रधानमंत्री ओमान की खाड़ी क्षेत्र में भारतीय सवार जहाजों पर हो रहे अमेरिकी नौसेना के हमलों के मामले को भी उठा सकते हैं।

### समुद्री व्यापार पर मंडराता खतरा


*विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि अमेरिका के कार्यवाहक राजदूत को 12 जून को मंत्रालय में तलब किया गया। जिसमें खासतौर पर ओमान की खाड़ी क्षेत्र में भारतीय सवार व्यापारिक और नागरिक जहाजों पर अमेरिका की नौसेना द्वारा मिसाइल जैसे अति घातक हथियारों का इस्तेमाल कर किए जा रहे हमलों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। इन हमलों में पहले ही भारत ने अपने 3 नागरिकों की दुखद मृत्यु हो गई है। जिनकी पहचान मुख्य अभियंता पटनाला सुरेश, इंजन फिटर शिवानंद चौरसिया और डेक कैडेट आदित्य शर्मा के रूप में हुई है। मंत्रालय ने अपना विरोध जताते हुए अमेरिका के राजदूत को यह स्पष्ट कर दिया है कि व्यापारिक जहाजों पर हो रहे हमलों को भारत किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा। क्योंकि यह कहीं न कहीं मौजूदा मुश्किल वक्त में संवेदनशील क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शेयर बाजार में उछाल 10 लाख करोड़ कमाए

**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। यह तेजी तब



आई, जब अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता होने की खबर आई है। इसके बाद संसेक्स 2.30% चढ़कर गया। निफ्टी 1.99% चढ़कर 23,622.90 पर बंद हुआ। निवेशकों ने 10 लाख करोड़ की कमाई कर ली।

### वैश्विक स्तर पर फेसबुक और इंस्टाग्राम डाउन

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया ऐप फेसबुक, मैसेंजर और इंस्टाग्राम डाउन हो



गए हैं। इन सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को लॉग-इन करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इन तीनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का संचालन मेटा की ओर से किया जाता है। फेसबुक पर यूजर्स ने कई समस्याओं का सामना किया।

फिनलैंड में हुई 'कुलतारंता टॉक्स' में भाग लेते हुए भारत के विदेश मंत्री ने यूरोपीय देशों को दिखाया आईना

# ये न भूले यूरोप... उनके हथियारों से पाकिस्तान ने वर्षों तक भारत पर किए हमले: जयशंकर



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के इलाके में चल रहे भीषण युद्ध की वजह से बने हुए चिंताजनक वैश्विक माहौल के बीच शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अपनी दो देशों के यात्रा के तहत बुल्गारिया से फिनलैंड पहुंचे। यहां उन्होंने एक बार फिर से अपने चिर-परिचित अंदाज में रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर यूरोपीय देशों द्वारा की जा रही भारत की आलोचनाओं के साथ दिए जा रहे उपदेशों का स्पष्ट अंदाज में करारा जवाब दिया है। 'कुलतारंता टॉक्स' नामक एक परिचर्चा में भाग लेते हुए विदेश मंत्री ने पश्चिम के विकसित देशों की सूची में शुमार यूरोप के देशों को बताया कि उन्हें नई दिल्ली को कोई नसीहत देने की जरूरत नहीं है। क्योंकि हमारा देश मॉस्को से अपनी मनमर्जी से तेल की खरीद नहीं कर रहा है। बल्कि इस पूरे मामले में अमेरिका की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील दी और उसके बाद भारत को रूस से तेल खरीदने की हरी झंडी प्रदान की थी। जिसके बाद भारत ने रूसी तेल की खरीद की है। उन्होंने कहा कि भारत पहले भी यह स्पष्ट कर चुका है कि उसका तेल खरीद का निर्णय कम दाम और उपलब्धता की बुनियाद पर टिका हुआ है। अमेरिका ने वर्ष 2022 में भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित ▶▶ शेष पेज 5 पर

- *भारत ने अपनी मर्जी से नहीं खरीदा रूसी तेल, अमेरिका ने पाबंदियों में छूट के साथ दी रूस का तेल खरीदने की मंजूरी*
- *अमेरिका को भी नहीं छोड़ा, बोले विदेश मंत्री– पहले भारत पर टैरिफ लगाया, फिर तेल खरीद में छूट दे दी*

### यूरोप को नहीं पहुंचाया कोई नुकसान

उन्होंने यह भी कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख और रूस से हमारी तेल खरीद को लेकर आलोचना करने वाले यूरोप के देश इस बात को न भूलें कि उनके हथियारों को खरीदकर ही पाकिस्तान ने कई वर्षों तक भारत पर हमले किए हैं। लेकिन यह भारत ही है, जिसने यूरोप को कभी कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है और न की कभी उनकी सुरक्षा को खतरे में डाला है। ऐतिहासिक रूप से भारत की सीमाओं, चौकियों और सैन्य-सामरिक ठिकानों को निशाना बनाने के लिए कई बार यूरोप में निर्मित हथियारों का हमारे पड़ोसी दुश्मन देश ने बढ़-चढ़कर इस्तेमाल किया है।

### खाड़ी देशों से बढ़ी तेल खरीद का नतीजा

विदेश मंत्री ने यूरोप के देशों को खरी-खोटी सुनाते हुए यह भी कहा कि यह आप और आपकी ही नीतियां हैं। जिसकी वजह से भारत रूस से तेल की खरीद करने के लिए बाध्य हुआ है। यूरोपीय देशों ने बीते वक्त में अचानक मध्य पूर्व यानी खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ अपनी तेल की खरीद में बढ़ोतरी की है। जिसकी वजह से भारत को इलाके में अपने पारंपरिक तेल सप्लायरों से इतर अन्य विकल्पों के साथ रूस से तेल खरीदना पड़ा। ये एक ऐसा दौर रहा, जब बाजार में उपलब्धता के आधार पर केवल रूसी तेल ही मौजूद था और हमने उसकी खरीद की। वहीं, इनसे उलट यूरोप के हथियारों के मामले की बात करें तो वह एक ऐसे देश (पाकिस्तान) के हाथ में पड़ गए। जिसने उनके द्वारा वर्षों तक भारत पर हमला बोला। इसकी तुलना में भारत में बने हथियारों से कभी भी यूरोप के किसी भी देश पर कोई प्रहार या हमला नहीं किया गया है। न ही कभी हमने आपकी सुरक्षा को संकट में डाला है।

### अमेरिका की विरोधाभासी नीति पर प्रहार

*विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अमेरिका की नीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से विरोधाभासी है। क्योंकि इसमें पहले अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के नाम पर ही भारत पर टैरिफ लगाया और बाद में प्रतिबंधों को हटा लिया। मुझे नहीं लगता कि इसमें किसी तरह का कोई दिखावा होना चाहिए। जिसमें कोई सिद्धांत शामिल नहीं है। उन्होंने यह भी साफ किया कि इसे पाखंड का मसला नहीं बनाना चाहिए। यह हालात ही थे। जिन्होंने हमें एक खास दिशा में धकेला है।*

### देशवासियों के हित सर्वोपरि रहेंगे

*यहां बता दें कि भारत ने रूस से चल रही तेल की खरीद को लेकर अपनी नीति को दुनिया के सामने साफ करते हुए कहा है कि उसकी इस कवायद के पीछे देश की 140 करोड़ आम-जनता की जरूरतों और उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मामले में भारत वैश्विक बाजार में तेल की उपलब्धता और अन्य जरूरी पहलुओं पर भी पैनी नजर रखता है। जहां कहीं से भी नई दिल्ली को कम दाम पर तेल मिलेगा। उसकी तुरंत खरीद की जाएगी।*

### संवाद-कूटनीति से हल होंगे विवाद

*जयशंकर ने दुनिया के अलग-अलग इलाकों में चल रहे युद्ध और संघर्षों को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि इन्हें लेकर भारत का यह मानना है कि समस्याओं का समाधान सिर्फ और सिर्फ बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकाला जा सकता है। इस दौरान उन्होंने अपनी एक पूर्व टिप्पणी को भी मजबूती के साथ दोहराया। जिसमें विदेश मंत्री ने कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं है।*

एक ग्राहक को 200 लीटर से ज्यादा डीजल बिक्री पर रोक, सरकार ने जारी की अधिसूचना

# पेट्रोल-डीजल की जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र का बड़ा फैसला, 90 दिन के लिए विशेष आदेश लागू



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरिभूमि विशेष

केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता बनाए रखने, जमाखोरी रोकने तथा आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने राजपत्र अधिसूचना जारी कर ₹मोटर स्पिरिट और उच्च गति डीजल (खुदरा बिक्री केंद्रों के माध्यम से प्रदाय का अस्थायी विनियमन) आदेश, 2026₹ लागू कर दिया है। 11 जून को जारी इस अधिसूचना में कहा गया है कि वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों, अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर बढ़ते दबाव और ईंधन की मांग में असामान्य वृद्धि को देखते हुए पेट्रोल और डीजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राज्यों को दिए गए विशेष निर्देश

*केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और अन्य लागू कानूनों के तहत पेट्रोल और डीजल की जमाखोरी, कालाबाजारी, अनधिकृत भंडारण और अवैध पुनर्विक्रय के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।*

### तलाशी और जब्ती का अधिकार

*अधिसूचना के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अधिकृत राजपत्रित अधिकारी, पुलिस अधिकारी और तेल कंपनियों के अधिकृत अधिकारी नियमों के उल्लंघन की स्थिति में तलाशी, निरीक्षण और जब्ती की कार्रवाई कर सकेंगे।*

### आदेश की अवधि

*यह आदेश प्रारंभिक रूप से 90 दिनों के लिए लागू रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर केंद्र सरकार इसे आगे बढ़ा सकती है। विशेष परिस्थितियों में किसी उपभोक्ता वर्ग, क्षेत्र या लेनदेन को आदेश के कुछ प्रावधानों से छूट भी दी जा सकती है।*

### वैश्विक परिस्थितियों का असर

*सरकार ने अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी भू-राजनीतिक* ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा, कृषि विकास में 4.5% वार्षिक वृद्धि, खाद्य उत्पादन 376 मिलियन टन तक पहुंचा

## इंदौर से ब्रिक्स कृषि सहयोग का नया संकल्प, केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने शुभारंभ सत्र को किया संबोधित

*प्राकृतिक खेती और तकनीक से भविष्य की तैयारी, छोटे किसानों पर फोकस: शिवराज*




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी और स्वच्छता के प्रतीक इंदौर में ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत की कृषि शक्ति, सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक सहयोग की प्रतिबद्धता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित थे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह संवाद विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के सामने मौजूद चुनौतियों- जैसे जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव और बाजार की अनिश्चितता का सामूहिक समाधान खोजने के लिए महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि छोटे किसान मजबूत होते हैं, तो दुनिया की खाद्य सुरक्षा स्वतः सुदृढ़ हो जाएगी। उन्होंने भारत की कृषि उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले एक दशक में कृषि क्षेत्र में लगभग 4.5 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। देश का कुल खाद्य उत्पादन बढ़कर लगभग 376 मिलियन टन तक पहुंच गया है। गेहूं उत्पादन 118 मिलियन टन के करीब पहुंचा, जबकि बागवानी उत्पादन 378 मिलियन टन से अधिक हो गया है। मछली उत्पादन भी बढ़कर 19 मिलियन टन से अधिक हो चुका है। चौहान ने कहा कि भारत में लगभग 43 प्रतिशत कार्यबल कृषि ▶▶ शेष पेज 5 पर

पेपरलीक के बाद 21 जून को देश में फिर से होगी मेडिकल क्षेत्र की ये प्रतिष्ठित परीक्षा

## कैबिनेट सचिव ने समीक्षा बैठक में परखी नीट-यूजी परीक्षा की तैयारियां

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पेपरलीक के बाद एक बार फिर से 21 जून को होने वाली नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार के स्तर पर लगातार उच्च-स्तरीय बैठकों की कवायद जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को कैबिनेट सचिव टी.वी.सोमनाथन ने एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की है। जिसमें उन्होंने परीक्षा की मुख्य आयोजक, राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह के साथ परीक्षा से जुड़ी हुई तमाम जरूरी तैयारियों की को व्यापक आधार पर जांचा-परखा। यहां बता दें कि पूर्व में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में भी ऐसी कुछ बैठकें हुई हैं। जिसमें पारदर्शिता के साथ परीक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत के निशानेबाजी कोच जसपाल राणा का निधन, एशियन गेम्स में दिलाया था देश को गोल्ड

## म्यूनिख से लौटे थे, असहज महसूस हुआ तो मैक्स अस्पताल ले गए, वहां ली अंतिम सांस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के मशहूर निशानेबाजी कोच और पूर्व एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट जसपाल राणा का



शुक्रवार को 49 की उम्र में निधन हो गया। राणा भारत के पिस्टल शूटर्स के हाई परफॉर्मेंस कोच की भूमिका निभा रहे थे। म्यूनिख में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप से भारत लौटते समय उन्हें कुछ असहज महसूस हुआ। नई दिल्ली पहुंचते ही राणा को साकेत के मैक्स अस्- पताल में भर्ती कराया गया। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने जसपाल राणा के निधन की पुष्टि की। राणा ने तीन दशक से ज्यादा समय अपनी सेवाएं दी। उन्होंने खिलाड़ी और कोच दोनों की भूमिका बखूबी निभाई। 1990 के समय में वे चर्चाओं का केंद्र बने जब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एशियन गेम्स, ▶▶ शेष पेज 5 पर

पूर्व आईएएस नियाज खान ने कहा

## मुस्लिमों की जबरदस्ती नसबंदी करने पर भी विचार किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपने बयानों से हमेशा सुर्खियों में रहने वाले मप्र काडर के रिटायर्ड आईएएस अफसर नियाज खान की



एक विवादित टिप्पड़ी से बवाल मच गया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है कि देश की डेढ़ अरब आबादी अब नासूर बन गई है। अब समय आ गया है कि लोगों की जबरदस्ती नसबंदी करने पर विचार किया जाय। उन्होंने कहा कि मुस्लिम के यहां ज्यादा बच्चे होते हैं, इसलिए कड़ाई से उनकी भी नसबंदी हो। यदि हम यह नहीं करते तो भविष्य अंधकारमय है। उनकी एक सबसे चर्चित पुस्तक 'ब्राह्मण द ग्रेट' देश भर में विख्यात है। उन्होंने कहा कि या तो लोग खुद नसबंदी कराएं या सरकार जबरिया नसबंदी करे। मुस्लिम के यहां ज्यादा बच्चे होते हैं इसलिए कड़ाई से उनकी भी ▶▶ शेष पेज 5 पर

नटराजन बोलीं- चुनाव के नामांकन फॉर्म में न कोई कमी थी, न ही मांगी गई कोई जानकारी छिपाई

# कांग्रेस बोली– नटराजन का नामांकन खारिज करना लोकतंत्र पर काला धब्बा, भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर की धांधली

- जीतू पटवारी और उमंग सिंघार बोले– चुनाव आयोग ही लोकतंत्र का गला घोंट रहा
- हरीश चौधरी ने कहा– 'मोदी है तो मुमकिन है' नारे की कीमत देश का हर वर्ग चुका रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से पार्टी की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज करने को लोकतंत्र पर काला धब्बा बताते हुए कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर राज्यसभा चुनाव में धांधली की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में मीनाक्षी नटराजन के साथ पत्रकार वार्ता करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नामांकन रद्द किए जाने को देश की आजादी के बाद की सबसे



दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में से एक बताते हुए कहा कि चुनाव आयोग ही लोकतंत्र का गला घोंट रहा है। साथ ही इस मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिलने दिल्ली आए पार्टी के 61 विधायकों को समय नहीं दिए जाने पर भी दुख व्यक्त किया। मीनाक्षी नटराजन ने अपने नामांकन पत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उसमें कोई चूक नहीं थी। उन्होंने कहा कि निजी शिकायत की जानकारी देने के लिए फॉर्म 26 में कोई कॉलम ही नहीं था। अगर ऐसा कॉलम होता, तो वह यह सूचना जरूर देतीं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि न फॉर्म में कोई कमी थी और न ही मांगी गई कोई जानकारी छिपाई गई। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ न तो कोई लंबित आपराधिक मामला है और न ही कोई ऐसा मामला जिसमें उन्हें किसी दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक कानूनी नोटिस है, जिस पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने पर कांग्रेस का तीखा हमला, 61 विधायक पहुंचे दिल्ली

### 'वोट चोरी' से आगे बढ़कर भाजपा अब 'सीट चोरी' कर रही है : कांग्रेस

*हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के नामांकन पत्र खारिज किए जाने को लेकर भाजपा और निर्वाचन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा अब ₹वोट चोरी₹ से आगे बढ़कर ₹सीट चोरी₹ की राजनीति कर रही है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मध्य प्रदेश कांग्रेस के 61 विधायक मौजूद रहे, जो मीनाक्षी नटराजन के समर्थन में राष्ट्रपति से मुलाकात का समय मांगने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि मीनाक्षी नटराजन को राज्यसभा चुनाव जीतने के लिए केवल 58 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता थी और उनके पास पर्याप्त संख्या थी। पार्टी का आरोप है कि भाजपा को चुनावी हार की आशंका थी, इसलिए नामांकन प्रक्रिया का दुरुपयोग कर उनका पर्चा खारिज कराया गया।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, चार महिलाएं करवाई गई मुक्त

**नई दिल्ली।** पहाड़गंज इलाके में एक इमारत से संचालित देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़ नबी करीम पुलिस ने किया है। इस सिलसिले में चार महिलाओं को मुक्त कराया गया है। साथ ही 29 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी रोहित राजबीर सिंह के अनुसार किराए पर ली गई इमारत से कथित देह व्यापार गिरोह के संचालित होने की सूचना गुरुवार शाम मिली। इसके बाद सूचना का सत्यापन करने के लिए कॉन्स्टेबल फेरू को नकली ग्राहक बनाकर भेजा गया। गैर-कानूनी गतिविधि की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उस जगह पर छापा मारा और आरोपी को पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान इमारत से 20 से 34 साल की उम्र की चार महिलाओं को मुक्त कराया गया। पुलिस ने बताया कि मकान मालिक हरिकिशन उर्फ राजू चैंपियन (58) के खिलाफ केस दर्ज किया है। वह द्वारका का रहने वाला है। पुलिस अभी इस गिरोह के संचालन में आरोपी की भूमिका की जांच कर रही हैं और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# रिहायशी इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



गोविंदपुरी इलाके के तुगलकाबाद एक्सटेंशन में शुक्रवार तड़के पांच मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। पुलिस को आग लगने की सूचना रात दो बजकर 31 मिनट पर मिली।

डीसीपी हेमंत तिवारी ने कहा कि सूचना के बाद पुलिस बताये गये पते गली नंबर 1 तुगलकाबाद एक्सटेंशन गोविंदपुरी पहुंची। दमकल की चार गाड़ियां भी आग बुझाने के काम में लगाई गई। इमारत में घना धुआं भर जाने के कारण कई लोग अंदर फंस गए थे। इसके बाद पुलिस व दमकल विभाग के समन्वित बचाव अभियान में इमारत से आठ लोगों को सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए सफदरजंग अस्पताल और एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान पंकज (28), बहन सोनी (20), नानी सुशीला देवी (70) के तौर पर हुई है। ये सभी इमारत की तीसरी मंजिल पर आरजेड-1/ 173 नंबर के फ्लैट में रहते थे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने समय रहते दूसरी मंजिलों पर रहने वाले लोगों को बचा लिया। परिवार के दो अन्य सदस्य पंकज की एक और बहन मोनी (18) और मां गुड्डी देवी (50) गंभीर रूप से घायल है। प्रारंभिक जांच से संकेत मिला है कि आग संभवतः इमारत के भूतल पर शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। आग से एक इलेक्ट्रिक स्कूटर समेत सात दुपहिया वाहन भी पार्किंग क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुये हैं।

## पार्किंग क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से धधकी आग पूरी इमारत में फैली

निर्देश तोमर ▶▶ नई दिल्ली

■ तीसरी मंजिल पर रहने वाले परिवार पर बरपा कहर, दूसरी मंजिल के लोग सुरक्षित निकले

तुगलकाबाद एक्सटेंशन की गली नंबर 1 स्थित पांच मंजिला रिहायशी इमारत में शुक्रवार तड़के लगी आग पार्किंग क्षेत्र से धधकने की बात जांचकर्ताओं ने कहीं है। पुलिस ने शुरुआती जांच में कहा कि पार्किंग क्षेत्र में एक ई स्कूटर के चार्जिंग पर लगे होने की बात सामने आई है। आशंका है कि ई स्कूटर या प्लग में शॉर्ट सर्किट से आग लगी, जिससे पास खड़े अन्य छह दुपहिया वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही समय में आग पूरी इमारत में फैल गई। तीसरी मंजिल पर रहने वाले परिवार पर आग का कहर बरपा और तीन लोगों की जान चली गई। परिवार के दो लोग अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। जबकि दूसरी मंजिलों के सदस्य आग से बच निकलने में कामयाब रहे।

अस्पताल में मां के साथ जिंदगी की जंग लड़ रही मोनी (18) के पिता सुभाष का देहांत हो चुका है। इसके बाद चार सदस्यीय परिवार को बड़े भाई पंकज और बहन सोनी ने मिलकर संभाला। सुख-सुविधाओं का ख्याल रखा। दिल्ली जैसे शहर में सिर ढकने के लिए दो वर्ष पहले मदनगीर के बिल्डर से 50 गज में बना दो कमरों का फ्लैट खरीदा था। परिवार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिला स्थित मोहम्मद नगर का रहने वाला है।

### एक दिन पहले गांव में हुआ था चाचा का देहांत

एक दिन पहले गांव में रहने वाले पंकज के एक चाचा राजबहादुर का देहांत हुआ था। परिवार अभी इसी शोक में था कि बृहस्पतिवार व शुक्रवार की दरम्यानी रात आग का कहर टूट पड़ा। पंकज इलाके में ही मोबाइल एसेसरीज की दुकान चलाता था। ग्रेजुएशन के बाद बहन सोनी ने फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किया। वह बतौर फैशन डिजाइनर सुखदेव विहार के एक बुटिक में काम करती थी। वहीं मोनी साफ्टवेयर डेवलपमेंट का कोर्स कर रही है। पहले परिवार तुगलकाबाद स्थित वीपी सिंह कैंप में रहता था।

### लोगों के मना करने पर भी आग में घुसा पंकज

पड़ोसियों ने बताया कि पंकज आग लगने के समय घर पर नहीं था। वह अपने किसी दोस्त के यहां गया हुआ था। देर रात जब लौटा तो गेट से धुआं निकालता देखा। तीसरे तल पर मां, दो बहनें और नानी आग में फंसी थी। लोगों ने उसे पकड़ा और अंदर जाने से काफी रोका। लेकिन वह जान की परवाह किए बगैर आग की लपटों के बीच से होता हुई ऊपर तक पहुंचा और परिवार को बचाने का प्रयास किया। लेकिन गंभीर रूप से झुलसने से उसकी मौत हो गई। मां और बहन की मौत धुएं से दम घुटने की वजह से बताई जा रही है।

### कई लोग साड़ियों के सहारे खिड़की से जान बचाने में रहे सफल

गोविंदपुरी में पांच मंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग के दौरान घने धुएं और आग की लपटों के बीच कई लोग साड़ियों के सहारे खिड़कियों से बाहर निकले जबकि कुछ ने बचने की हताश कोशिश में छत से मदद के लिए आवाज लगाई। आसपास के लोगों का कहना है कि बचाओ बचाओ की चीखें उनके कानों में गुंज रही है। गली नंबर 1 में रहने वाले लोगों ने आग लगने के दौरान मची घबराहट, दहशत और हताशा के मंजर को बयां किया। पास ही रहने वाले राजन ने बताया कि सबसे पहले देर रात करीब दो बजे धुआं दिखाई दिया और जल्द ही तंग गली में फैल गया। उसने कहा कि शुरुआत में आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन इमारत के अंदर खड़े दोपहिया वाहन पहले ही आग की चपेट में आ चुके थे। वहां ज्वलनशील सामान होने की वजह से आग पूरी इमारत में तेजी से फैल गई। पड़ोसियों ने बताया कि जैसे-जैसे इमारत में धुआं तेजी से फैला, अंदर फंसे लोगों के पास बाहर निकलने के लिए दूसरे रास्ते खोजने के अलावा कोई चारा नहीं बचा था। लोगों ने साड़ियों का इस्तेमाल कर खिड़कियों से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कई लोग इमारत के पिछले दरवाजे से बाहर निकलने में कामयाब रहे।

# जीटीबी अस्पताल में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आर्थिक अपराध शाखा ने पूर्वी दिल्ली के गुरु तेगबहादुर (जीटीबी) अस्पताल में अनुबंध पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 23 बेरोजगार युवाओं से लगभग साढ़े पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मनीष कुमार बताया गया है। इसे नौ जून को शाहदरा के जीटीबी एन्क्लेव से गिरफ्तार किया गया। वह बार-बार स्थान बदल कर पुलिस को चकमा दे रहा था।

पुलिस के अनुसार नर्सिंग में बीएससी डिग्री धारक मनीष को कथित तौर पर जुआ खेलने की आदत है, जिस कारण उस पर कर्ज हो गया था। देनदारियों को चुकाने के लिए उसने बेरोजगार युवाओं को कथित तौर पर निशाना बनाते हुए उन्हें नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की। मामला कृष्ण पाल और 22 अन्य पीड़ितों की शिकायत पर दर्ज किया गया था। आरोप था कि मनीष ने उन्हें अनुबंध के आधार पर जीटीबी अस्पताल में 'डाटा एंट्री ऑपरेटर' और नर्सिंग सहायक के पद पर नौकरी दिलवाने का वादा किया था जिसका मासिक वेतन लगभग 21 हजार रुपये था। ईओडब्ल्यू के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रवि कुमार सिंह ने कहा कि उनका विश्वास हासिल करने के लिए आरोपी ने कथित तौर पर दावा किया कि उसके पिता जीटीबी अस्पताल में एक वरिष्ठ पद पर हैं और उनके अस्पताल प्रशासन के भीतर मजबूत संबंध हैं। इससे उनकी नियुक्तियां की जा सकती है। इसकी बातों पर भरोसा करके पीड़ितों ने उसे अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य निजी दस्तावेज भी सौंप दिए थे। इसके बाद कथित भर्ती प्रक्रिया के लिए सुरक्षा जमा के तौर पर उसने हर पीड़ित से 20 से 25 हजार रुपये लिए। पुलिस ने बताया कि आरोपी पीड़ितों को भरोसा दिलाता रहा कि भर्ती प्रक्रिया चल रही है और बाद में उसने दावा किया कि नौकरियों पर कुछ समय के लिए रोक लगा दी गई है। उसने वादा किया था कि 45 दिनों के अंदर नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे। जांचकर्ताओं को पता चला कि इस प्रकार आरोपी ने शिकायतकर्ताओं से लगभग 5.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी।

## भाजपा मान मर्यादा को ताक पर रख कर रही है लोकतंत्र की हत्या, धांधली को रोकेगी कांग्रेसः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर में बोलते हुए कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत करके वोट में धांधली कर रहा है। जिससे साफ है कि भाजपा मान मर्यादा को पूरी तरह ताक पर रख कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। लेकिन अब कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी और भाजपा व चुनाव आयोग की मिलीभगत से हो रही धांधली को रोकेगी। राज्यसभा की सीट चोरी करने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित सभी छोटे बड़े नेताओं को भाजपा और चुनाव आयोग की जुगलबंदी के षडयंत्र के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करना पड़ेगा। यादव शुक्रवार को नजफगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा द्वारका मोड़ पर आयोजित बीएलए-2 प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर यादव के अलावा पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, महासचिव संगठन अनिल भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष तसवीर सोलंकी, महासचिव डॉ. पी के मिश्रा व जिला अध्यक्ष राजेश यादव सहित अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में यादव ने कहा कि एसआईआर पर बीएलए-2 को प्रशिक्षण शिविर में दी गई जानकारी और बूथ स्तर पर काम करने की शैली सिर्फ बीएलए-2 को ही लागू नहीं करनी है। बल्कि भाजपा के हर छोटे बड़े नेताओं को भाजपा और चुनाव आयोग की जुगलबंदी के षड्यंत्र के खिलाफ एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अब तक भाजपा विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ही धांधली कर रही है लेकिन अब तो राज्यसभा के चुनाव पर भी तानाशाही तरीके से चुनाव आयोग पर दबाव बनाकर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किया है। उससे भाजपा ने सभी संवैधानिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर लोकतंत्र की हत्या की है। यादव ने कहा कि पिछले 15 महीनों में रेखा सरकार ने दिल्ली के लोगों के लिए कुछ नही किया। यही कारण है कि मुख्यमंत्री ने केन्द्र द्वारा किए ऐसे कामों का बखान किया जिससे देश और दिल्ली की आम जनता का दूर-दूर तक कोई सरोकार नही है। क्या देश भर में एयरपोर्ट, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, मोबाईल मैन्युफैक्चरर, इलेक्ट्रिक क्षेत्र का बखान करने दिल्ली में सबका विकास हो सकता है। पिछले 12 वर्षों में भाजपा के कुशासन और एकपक्ष नीति के कारण देश महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी से जूझ रहा जिसका प्रमाण 85 करोड़ देशवासी सरकार पर मुफ्त राशन के लिए निर्भर है।

## जसपाल राणा के निधन पर दिल्ली कांग्रेस ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप एवं एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट, अंतरराष्ट्रीय शूटर जसपाल राणा के निधन पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दुख प्रकट किया है। यादव ने कहा कि राणा का निधन खेल जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों व प्रशंसकों को ये दुःख सहने की शक्ति दें। बता दें कि शूटर जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स को मिलाकर कुल 23 मेडल अपने नाम किए थे। इनमें एशियन गेम्स में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मिलाकर कुल 8 मेडल थे। कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने 9 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज को मिलाकर कुल 15 मेडल जीते थे। उन्हें 18 साल की उम्र में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। राणा ने शुक्रवार को दिल्ली के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली।

# दो अंतरराज्यीय अवैध हथियार सिंडिकेट का पर्दाफाश, छह मुख्य सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ 26 अवैध सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद

स्पेशल सेल ने दो अंतरराज्यीय अवैध हथियार सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। सिंडिकेट के छह मुख्य सदस्य गिरफ्तार किये गये। इनसे 26 सेमी ऑटोमैटिक पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद हुये हैं। अवैध हथियार मध्य प्रदेश से लाए जा रहे थे और दिल्ली एनसीआर के बदमाशों मंजीत महल, गोगी गैंग और रणदीप भाटी जैसे गैंग को सप्लाई किए जा रहे थे। इस कार्रवाई में अवैध हथियारों की ढुलाई में इस्तेमाल की गई तीन गाड़ियां भी जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये लोगों के नाम रवि कुमार, सुनील तंवर, योगेश, रजत उर्फ रज्जू, सौरभ और निखिल है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल पाए गए हैं। ऑपरेशन-1 के तहत रवि कुमार और सुनील तंवर को दिल्ली के ताहिरपुर स्थित राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पास से पकड़ा गया। इनके बैग से कुल 15 अवैध हथियार बरामद हुए। रवि कुमार से 10 और सुनील तंवर से पांच। पूछताछ से पता चला कि सुनील तंवर के कहने पर रवि कुमार मध्य प्रदेश के बुरहानपुर से अवैध हथियार खरीदता था। इन हथियारों को सुनील तंवर को देने के लिए वह राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पास आया था। केस की जांच के दौरान, अवैध हथियार लेने वालों की तलाश तेज की गई। नतीजतन पिस्तौल लेने वाले योगेश को द्वारका सेक्टर-7 से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोडेड सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और पांच कारतूस बरामद हुए। उसकी गाड़ी में छिपाई गई तीन अन्य सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौलें भी बरामद हुई। आगे की जांच के दौरान हथियार लेने वाले दो अन्य लोगों रजत उर्फ रज्जू और सौरभ को लक्ष्मी नगर से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान इनसे दो पिस्टल और तीन कारतूस मिले। ऑपरेशन-2 के तहत स्पेशल सेल (नॉर्दर्न रेंज) ने पक्की जानकारी के आधार पर न्यू कोंडली निवासी अवैध हथियार सप्लायर निखिल को रोहिणी इलाके में हेलीपैड के पास से गिरफ्तार किया। वह अपने एक जानकार व्यक्ति को अवैध हथियारों की एक बड़ी खेप देने आया था। उसके बैग की तलाशी लेने पर पांच अवैध पिस्तौलें मिलीं।

## फर्जी कॉल सेंटर नेटवर्क का मास्टरमाइंड अरेस्ट

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की साइबर पुलिस ने शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में फर्जी कॉल सेंटर नेटवर्क के मास्टरमाइंड को ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया। मास्टरमाइंड प्रदीप सिंह उर्फ प्रदीप साहू (30) ग्वालियर, गुना, अयोध्या और आजमगढ़ में फर्जी कॉल सेंटरों का नेटवर्क चला रहा था। यह गिरोह व कॉल सेंटर से जुड़े लोग सोशल मीडिया पर शादी से जुड़ी सेवाओं के फर्जी विज्ञापनों के जरिए लोगों को जाल में फंसाते थे। इस गिरोह से जुड़े धोखाधड़ी के आठ मामले सामने आए हैं। डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार एक मामला गत वर्ष साइबर पुलिस स्टेशन शाहदरा में पूर्वी आजाद नगर निवासी राज की शिकायत पर दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि फेसबुक ब्राउज करते समय उन्हें शादी से जुड़ी सेवाओं का एक विज्ञापन दिखा। विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद कुछ लोगों से उनका संपर्क हुआ। उन्हें अपनी सेवाएं लेने के लिए राजी किया गया। उनकी बातों पर भरोसा करते हुए शिकायतकर्ता ने धोखेबाजों द्वारा दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से लगभग 81 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उन्हें एहसास हुआ कि शादी से जुड़ी सेवाएं दिलाने के झूठे वादे के तहत उनके साथ धोखाधड़ी और ठगी की गई है। पकड़े गये आरोपी ने खुलासा किया कि वह लगभग पांच साल से कॉल सेंटर चला रहा था और उसने ग्वालियर, गुना, अयोध्या और आजमगढ़ में लगभग 14 कॉल सेंटर खोले थे। उसने बताया कि कर्मचारियों को विज्ञापनों के जरिए भर्ती किया जाता था और उन्हें शादी-ब्याह की सेवाएं चाहने वाले अनजान लोगों से संपर्क करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती थी। प्रदीप सिंह उर्फ प्रदीप साहू जांजगीर-चंपा, छत्तीसगढ़ का रहने वाला है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बादल गुलाटी, पुत्रः संजय गुलाटी, पताः एम–144, ऊपरी तल, एम–ब्लॉक, लक्ष्मी नगर, पूर्वी दिल्ली** ने **FIR No. 572/2021, U/s 279/338 IPC Act, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बादल गुलाटी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बादल गुलाटी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 572/2021, U/s 279/338 IPC Act, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **बादल गुलाटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2026** को या इरारो पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव**
**एलडी जेएमएफसी–05, कमरा सं. 7, द्वितीय तल, जिला शाहदरा**
**DP/7918/SHD/2026** **कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीरू पुत्र श्री रमेश कुमार निवासी मकान नं. 930, गली नं. 9, गोविन्दपुरी, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **219/2022 अन्तर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना औखला औद्योगिक क्षेत्र, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरू** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरू** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **219/2022 अन्तर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना औखला औद्योगिक क्षेत्र, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **वीरू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री आकांक्षा गौतम**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
दक्षिण-पूर्व जिला, कमरा नं. 513
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली
**DP/7663/SE/2026**
**(Court Matter)**


# अपहरण व मर्डर केस में 50 हजार के इनामी अपराधी मुठभेड़ में दबोचे

■ पैर में गोली लगने से घायल हुये दोनों बदमाश

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने मालवीय नगर इलाके के अरबिंदो कॉलेज के पास मुठभेड़ में गाजियाबाद के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लोनी के रहने वाले है और अपहरण व मर्डर केस में वांटेड थे। इनके नाम गोपाल और सौरभ बताये गये हैं। इनके पास से दो पिस्टल व कारतूस बरामद हुये हैं। दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। दोनों के पैर में गोली लगी और उन्हें इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार विशेष सूचना मिली थी कि ये दोनों मालवीय नगर इलाके में किसी अपराध को अंजाम देने की साजिश रच रहे हैं। इस जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच की एक टीम ने अरबिंदो कॉलेज के पास जाल बिछाया और इलाके की निगरानी शुरू कर दी। जब संदिग्ध वहां पहुंचे तो उन्होंने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में दोनों संदिग्धों के पैर में गोली लगी। बाद में आरोपियों को काबू में कर हिरासत में ले लिया गया।

## सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सुधार के लिए डीटीसी ने मांगे जनता से सुझाव, जारी किया क्यू आर कोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने अपनी सेवाओं व यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए आम जनता से सुझाव मांगे है। डीटीसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अपने यात्री नेटवर्क को और अधिक बेहतर बनाने में जनता हमारी मदद करें, ताकि हम आपको बेहतर सेवा दे सकें। डीटीसी दिल्ली बस नेटवर्क की कार्यक्षमता एवं कनेक्टिविटी में सुधार के उद्देश्य से किए जा रहे रूट रेशनलाइजेशन अध्ययन के तहत एक यात्री फीडबैक सर्वेक्षण आयोजित करने जा रहा है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य बस यात्रियों की यात्रा संबंधी आवश्यकताओं, अनुभवों एवं अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से समझना है। प्राप्त सुझाव एवं फीडबैक दिल्ली के लिए अधिक कुशल, सुलभ एवं यात्री-केंद्रित सार्वजनिक परिवहन प्रणाली के विकास में सहायक होंगे। डीटीसी ने सभी बस यात्रियों से अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में सर्वेक्षण में भाग लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें। इसके लिए डीटीसी ने बाकायदा एक क्यूआर कोड जारी किया है जिसको स्कैन करके कोई भी नागरिक बड़ी आसानी से अपने सुझाव दे सकता है। सनद रहे कि दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन सेवा के रूप में डीटीसी एक बड़ा साधन है।

# होटल रिसेप्शनिस्ट ने फोन चुराकर किये 1.10 लाख रुपये ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



रोहिणी जिले की साइबर पुलिस ने एक शख्स का मोबाइल फोन चुराने और 1.10 लाख रुपये ट्रांसफर करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी एक होटल में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर कार्यरत था। इसने होटल के कस्टमर का ही फोन चुराकर इस कारनामे को अंजाम दिया था।

पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम पंजाब में मोहाली निवासी बवनप्रीत सिंह (20) है। पुलिस ने चोरी का मोबाइल फोन भी इसके पास से बरामद कर लिया है और आरोपी के बैंक खाते में जमा एक लाख रुपये फ्रीज करवाये गये हैं। दरअसल एक व्यक्ति ने अपना मोबाइल फोन चोरी होने और ऑनलाइन माध्यम से उसके बैंक खाते से अनधिकृत रूप से 1.10 लाख रुपये हस्तांतरित करने के आरोप में मामला दर्ज कराया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी रोहिणी के एक होटल में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करता है। उसने शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन कथित तौर पर तब चुरा लिया जब वह सो रहा था और पीड़ित के खाते से जुड़े बैंकिंग ऐप से कथित तौर पर अपने बैंक खाते में 1.10 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिये थे। इसे महिपालपुर से गिरफ्तार किया गया।


**हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | CORRIGENDUMNO.IIAGAINSTNITNO. 09/GNL-15/B/VOL.III DATED 29.05.2026 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 16.06.2026 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 20263E4F84669E954CB8A4CEC7AC4C34A8C61056HVP/ TENDER ID- 2026_HBC_523421_1/E-TENDER ENQUIRY NO.0521202614-22-42/HVPNL DEPT/HRY DATED 21.05.2026 | शुद्धिपत्र सं. 01, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 22.06.2026 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | 2026F63586124CCA4A2F8D8500D5A419BBDA1056HVP/ TENDERID-2026_HBC_523417_1/E-TENDER ENQUIRY NO.0521202613-36-31/HVPNL DEPT/HRY DATED 21.05.2026 | शुद्धिपत्र सं. 01, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 22.06.2026 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद–13/2027/100/46165/I/88/7 दि. 12.06.26

## सड़कों और सीवर व्यवस्था में होगा व्यापक सुधार

# दिल्ली देहात और शहरी क्षेत्र के विकास के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्धः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली



दिल्ली सरकार दिल्ली के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है और सड़कों और सीवर व्यवस्था में व्यापक सुधार किया जाएगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मीडिया संवाद नामक प्रेसवार्ता में 'हरिभूमि' संवाददाता के दिल्ली देहात में सड़कों में गड्ढे और सीवरों की बदहाल हालत को लेकर किए गए प्रश्न पर यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली देहात की लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों को विकास कार्यों के लिए 200 करोड़ रुपये से लेकर 500 करोड़ रुपये तक का बजट दिया गया है। इसके अलावा ग्रामीण विकास बोर्ड को भी पुनर्जीवित किया गया है, जो लंबे समय से निष्क्रिय स्थिति में था। सरकार ने पिछले वर्ष बोर्ड के लिए 1000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया, जिसके अंतर्गत दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य जारी हैं।

रेखा गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों, सीवर लाइनों और अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि चल रही परियोजनाओं के पूरा होने के बाद सड़क और सीवर व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दिल्ली की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाना और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चाहे गांव-देहात हों, अनधिकृत कॉलोनियां हों या शहरी क्षेत्र, सभी स्थानों पर सड़क, ड्रेनेज और अन्य जनसुविधाओं के विकास के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सुविधा और जीवन स्तर में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है तथा विकास कार्यों के परिणाम जल्द ही धरातल पर दिखाई देंगे।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर सीएम व प्रदेश अध्यक्ष ने की विस्तार से चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसमर्पित सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के साथ नरेन्द्र मोदी के चुने हुए प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक लम्बा सेवा कार्यकाल रिकार्ड बनाने पर शुक्रवार को प्रदेश भाजपा ने मीडिया संवाद के माध्यम से एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया। प्रेसवार्ता में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि उनकी सरकार विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित सरकार है। प्रेसवार्ता का संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक राजकुमार भाटिया की उपस्थिति में किया और कहा कि विगत 12 वर्ष भारत के परिवर्तित निर्माण को समर्पित वर्ष हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का दिन नए भारत की उपलब्धियों का जश्न बनाने के लिए उत्सव का दिन है और साथ ही आज के दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रुप में 12 वर्ष पूर्ण किए है। 12 वर्षों का विकास, 12 वर्षों का विश्वास और 12 वर्षों का जनसेवा का संकल्प, एक-एक दिन नई इबारत लिखी गई और उसका लाभ देश के 140 करोड़ जनता तक पहुंचाने का काम किया गया। बीते 12 वर्षों में मोदी ने प्रधानमंत्री पद को जनसेवा का माध्यम बनाया, यह हम सबने देखा है और नेतृत्व की नई परिभाषा लिखने का काम किया है। इस अवसर पर देश के हर क्षेत्र में हुए विकास को लेकर एक वीडियो भी दिखाई गई। प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि अक्षरधाम से बदरपुर सिर्फ 15 मिनट में, पंजाबी बाग से टिकरी बॉर्डर तक सिर्फ 30 मिनट में और आई.एन.ए. से लेकर महिलापुर तक हाईवे बन रहा है जो दिल्ली की जाम, समय की बचत और साथ ही प्रदूषण को कम करने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा आने वाले समय में केन्द्र सरकार की 12 सालों की उपलब्धियों को लेकर और दिल्ली सरकार के 15 महीने की उपलब्धियों को लेकर एक जागरुकता अभियान चलाएगी और घर-घर तक जाएगी। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि बिते 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने खेत खलिहान से लेकर चंन्द्रयान तक और गांव की चौपाल से लेकर वैश्विक मंचों तक अभुतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है। भारत ने जो यात्रा पिछले 12 वर्षों में तय की है वह असाधारण है क्योंकि वैश्विक मंच पर सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाला भारत आज वैश्विक एजेंडा तय करता है। दुनिया की दिशा देने की क्षमता रखता है। आज दुनिया भारत को समाधान और संभावनों के रुप में देख रही है। पिछला 12 वर्ष जनविश्वास, जनभागीदारी और जनशक्ति की यात्रा है। मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार की अनेकों उपलब्धियां गिनाई। सीएम ने बताया कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास की ऐसी गति देखी है, जो पहले कभी नहीं देखी गई। अर्बन ट्रांसपोर्ट इसका बड़ा उदाहरण है। वर्ष 2014 में देश में 248 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क था। आज यह बढ़कर 1,095 किलोमीटर से अधिक हो चुका है और 26 से ज्यादा शहरों तक पहुंच गया है। एयर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव आया है। उड़ान योजना ने आम नागरिक के हवाई सफर के सपने को साकार किया है। आज देश में 164 से अधिक एयरपोर्ट्स संचालित हैं और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा डोमेस्टिक एविएशन मार्केट बन चुका है।

सीएम ने बताया कि डिजिटल इंडिया आज दुनिया के लिए एक मिसाल है। प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों को डिजीटल इम्पॉवरमेंट मिला है।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने प्रोजेक्ट डीआरओपी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को किआ इंडिया तथा इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) के सहयोग से प्रोजेक्ट डी.आर.ओ.पी. ("प्लास्टिक के प्रति जिम्मेदार दृष्टिकोण) का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत, मिशन लाइफ तथा विकसित भारत 2047 के विजन से प्रेरित होकर, प्लास्टिक अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन को सुदृढ़ करने, पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने तथा पर्यावरणीय स्थिरता के लिए जन भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर चहल ने पुनर्चक्रित प्लास्टिक अपशिष्ट से निर्मित डी.आर.ओ.पी. सामुदायिक कूड़ेदानों का लोकार्पण किया तथा डी.आर.ओ.पी. संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



■ पर्यावरणीय स्थिरता के लिए जन भागीदारी के लिए महत्वपूर्ण कदम

इसके साथ ही एनडीएमसी क्षेत्र में प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहण, पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण की एक सुव्यवस्थित प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर एनडीएमसी परिषद सदस्य अनिल वाल्मीकि, आईपीसीए के सचिव अजय गर्ग, आईपीसीए की उपनिदेशक डॉ. राधा गोयल, किआ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल सूद, एनडीएमसी की मुख्य स्वास्थय अधिकारी डॉ. शकुंतला श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिकारीगण, आरडब्ल्यूए, एमटीए के प्रतिनिधि तथा अन्य हितधारक उपस्थित रहे।

## देर रात भारी बारिश के बाद पारे में गिरावट से मौसम हुआ सुहाना, 12 मिमी बरसा पानी

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी और तरबतर करने वाली उमस के बाद गुरुवार देर रात तेज हवाओं व झमाझम हुई बारिश के बाद शुक्रवार का दिल्ली में पारा गिरने से मौसम खुशगवार बना रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सफदरजंग वेधशाला ने 11.2 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि पारा लुढ़ककर 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ यह भी सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस नीचे है। यानी बारिश के बाद दिल्ली में मौसम में भारी बदलाव दर्ज हुआ जिससे लोगों ने राहत महसूस की। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा बारिश आया नगर में 12.4 मिमी दर्ज हुई। जबकि लोधी रोड 9.8 मिमी, पूसा में 7.5 मिमी, रिज एरिया में 6.0 मिमी, पालम में 4.2 मिमी, राजघाट में 3.2 मिमी, मयूर विहार में 2.0 मिमी और नजफगढ़ में 1 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने शुक्रवार को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था लेकिन देर रात खबर लिखे जाने तक कहीं कहीं बूंदाबांदी को छोड़ दे तो अच्छी बारिश देखने को नहीं मिली। आईएमडी ने शनिवार के लिए भी येलो अलर्ट जारी करते हुए अनुमान व्यक्त किया कि आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, दोपहर या शाम के समय के समय हल्की बारिश के साथ आंधी तूफान आ सकता है। लेकिन रविवार से अगले तीन चार दिन में मौसम एक बार फिर गर्म होने लगेगा और तापमान बढ़कर 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। वहीं निजी मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि अगले सप्ताह के पहले आधे हिस्से तक दिल्ली में प्री-मानसून गतिविधियां ऐसे ही जारी रह सकती हैं। दिल्ली-एनसीआर में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम ने दो बार करवट ली। एक बार सुबह धूल भरी आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश हुई, जबकि दूसरी बार गुरुवार आधी रात के आसपास मौसम फिर बिगड़ गया। इस दौरान तेज हवाओं के साथ अचानक बारिश हुई जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। खराब मौसम को देखते हुए एहतियात के तौर पर, एक इंटरनेशनल फ्लाइट सहित तीन विमानों को नजदीक हवाई अड्डों की ओर डायवर्ट करना पड़ा। गौरतलब है, दिल्ली के अधिकांश मौसम केंद्रों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। कंपनी का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ मौसम को सक्रिय बना रहे हैं। दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में मौसम की सक्रियता के पीछे कई मौसम प्रणालियाँ काम कर रही हैं।

## एमसीडी ने अवैध निर्माणों पर की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने बुधवार को बुराड़ी क्षेत्र के जगतपुर क्षेत्र स्थित मिलन विहार कॉलोनी में बड़े पैमाने पर चल रहे अवैध निर्माण के खिलाफ व्यापक तोड़फोड़ अभियान चलाया। यह कार्रवाई सुबह 10 बजे शुरू हुई और शाम 5 बजे तक जारी रही। एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, मिलन विहार कॉलोनी में दो भूखंडों पर बिना अनुमति के निर्माण कार्य किया जा रहा था। इनमें एक प्लॉट लगभग 200×45 वर्ग फुट तथा दूसरा 45×40 वर्ग फुट क्षेत्रफल का था। निगम की टीम ने दोनों स्थलों पर किए गए अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की। कार्रवाई को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) तथा कैट्स की टीमों की तैनाती की गई थी। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तोड़फोड़ अभियान शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया गया। एमसीडी अधिकारियों का कहना है कि राजधानी में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और भवन निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम ने लोगों से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक स्वीकृतियां और अनुमति अवश्य प्राप्त करें। स्थानीय लोगों के बीच इस कार्रवाई को लेकर दिनभर चर्चा रही। निगम की टीम ने शाम करीब 5 बजे अभियान समाप्त कर क्षेत्र से वापसी की।



■ जगतपुर के मिलन विहार में अवैध निर्माण ध्वस्त

## निगम ने 12 जोनों में एक विशेष स्वच्छता भियान का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। 'नागरिक-केंद्रित सुशासन के 12 वर्ष' के राष्ट्रव्यापी उत्सव के अंतर्गत, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने 12 जून 2026 को अपने सभी 12 जोनों में एक विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान का शुभारंभ किया। एमसीडी प्रशासन ने शुक्रवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करना तथा स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार के प्रयासों को और सुदृढ़ करना है। वहीं, दिल्ली की उप महापौर डॉ मोनिका पंत ने कड़कड़डूमा गांव में विशेष स्वच्छता अभियान में भाग लिया। पश्चिमी जोन में हरि नगर के विधायक श्याम शर्मा को चिन्हित क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों का नेतृत्व करने हेतु संयोजक नामित किया गया। इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुभाष नगर स्थित प्रयोग विहार में व्यापक सफाई अभियान के साथ हुई, जिसे बाद में बेरीवाला बाग और आसपास के क्षेत्रों तक विस्तारित किया गया।

## पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड केंद्र अब सोमवार को रहेंगे बंद : डीटीसी

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

■ डीटीसी कर्मियों को मिलेगा साप्ताहिक अवकाश

दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी 'पिंक सहेली- नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी)' योजना के तहत कार्यरत कर्मियों को राहत देते हुए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। डीटीसी द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, '15 जून 2026 से सभी पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड वितरण केंद्र प्रत्येक सोमवार को बंद रहेंगे' और वहां तैनात कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। डीटीसी के संचालन विभाग द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड योजना के तहत पात्र महिला यात्रियों को डीटीसी और क्लस्टर बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत 3 मार्च 2026 से दिल्ली के विभिन्न डीसी, एसडीएम कार्यालयों तथा डीटीसी केंद्रों पर स्मार्ट कार्ड वितरण शुरू किया गया था। हालांकि विशेष परिस्थितियों या जनहित से जुड़े कार्यक्रमों के दौरान किसी केंद्र को सोमवार को खोलने की आवश्यकता होने पर सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। डीटीसी ने स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में संबंधित कर्मियों को समकक्ष अवकाश प्रदान किया जाएगा।

### कर्मियों के कल्याण, मनोबल और सेवा के लिए निर्णय

डीटीसी का कहना है कि कर्मियों के कल्याण, मनोबल और सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से सक्षम प्राधिकारी ने प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक अवकाश देने का निर्णय लिया है। डीटीसी ने सभी डिपो प्रबंधकों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस संबंध में ड्यूटी रोस्टर तैयार करें तथा सभी केंद्रों पर सूचना प्रदर्शित करें। साथ ही लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित किया जाएगा।

### अब संख्या 50 से बढ़कर हो चुकी है 70

डीटीसी से मिली जानकारी के अनुसार शुरुआत में लगभग 50 केंद्रों से शुरू हुई यह व्यवस्था अब बढ़कर 70 से अधिक केंद्रों तक पहुंच चुकी है। डीटीसी के अनुसार अब तक '10 लाख से अधिक पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड जारी किए जा चुके हैं', जिसके कारण वितरण केंद्रों पर लगातार कार्यभार बना हुआ है। योजना के सफल संचालन और जनता की मांग को पूरा करने के लिए कर्मचारी पिछले तीन माह से सप्ताह के सातों दिन लगातार कार्य कर रहे थे।

## मालवीय नगर अग्निकांडः साहसी बचावकर्मियों और नागरिकों को सीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित विशेष और भावुक गरिमामयी कार्यक्रम में मालवीय नगर (हौजरानी) में हुए भीषण अग्निकांड और साकेत (सैदुलाजाब) में हुई दर्दनाक इमारत ढहने की दुर्घटना में जान गंवाने वाले नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की रक्षा करने वाले साहसी नागरिकों, पुलिसकर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बचावकर्मियों को 21हजार रुपये के चेक और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मालवीय नगर के विधायक सतीश उपाध्याय और छतरपुर के विधायक करतार सिंह तंवर भी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मालवीय नगर के हौजरानी अग्निकांड के दौरान साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए गद्दे बिछाकर कई लोगों की जान बचाने वाले रियाजुद्दीन मंसूरी को विशेष रूप से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने उनके मानवीय प्रयासों की सराहना करते हुए उनके द्वारा उपयोग किए गए गद्दों के मूल्य की प्रतिपूर्ति के साथ-साथ प्रोत्साहन स्वरूप 21,000 रुपये का चेक भी प्रदान किया। इस दौरान दोनों दुर्घटनाओं में दिवंगत हुए नागरिकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।



मुख्यमंत्री ने दुर्घटनाओं में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो पूरे समाज की आत्मा को झकझोर देते हैं। मालवीय नगर अग्निकांड और साकेत भवन दुर्घटना ऐसी ही हृदयविदारक घटनाएं थीं, जिन्होंने अनेक परिवारों को असहनीय और कभी न पूरी होने वाली पीड़ा दी है। हौजरानी की घटना में जहां एक पूरा परिवार काल के गाल में समा गया, वहीं इलाज के लिए भारत आए विदेशी नागरिकों के परिवारों को भी इस त्रासदी का सामना करना पड़ा। यह पीड़ा केवल प्रभावित परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश की है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे स्थानीय लोगों और अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि अगर संकट की उस घड़ी में त्वरित कार्रवाई न होती तो नुकसान और भी भयावह हो सकता था।

सीमित संसाधनों के बावजूद जिस अदम्य साहस, सेवा और सामूहिक प्रयास का परिचय हमारे नागरिकों व पुलिसकर्मियों ने दिया, वह पूरी दिल्ली के लिए प्रेरणास्रोत है। दिल्ली सरकार मानवता की मिसाल पेश करने वाले ऐसे सभी नायकों को नमन करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों, आपदा प्रबंधन तंत्र और जागरूकता को और मजबूत किया जाएगा।

इस अवसर पर साकेत भवन दुर्घटना के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दक्षिण जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के जिला परियोजना अधिकारी चंदर प्रकाश, दिल्ली पुलिस के निरीक्षक रितेश कुमार शर्मा, कांस्टेबल मनीष कुमार जांगिड़, कांस्टेबल विवेक शाक्य, कांस्टेबल अंगद मीणा, स्थानीय निवासी कपिल गिरी, हरजीत कुमार और डॉ. रफीक खान को सम्मानित किया गया।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गुप्ता का किया गया भव्य स्वागत

# मनोहर नीति से नायाब हरियाणा में भाजपा को मजबूती प्रदान करेंगी अर्चना, हरियाणा में आधी आबादी महिला को भाजपा ने दिया पूरा हक

महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेशे से डॉ. अर्चना गुप्ता का अनुभव और पार्टी के लिए समर्पण हरियाणा में भाजपा को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ विकसित भारत-विकसित हरियाणाके संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री एवं भाजपा की वरिष्ठ नेता सीमा त्रिखा ने कहा है कि मनोहर नीति से नया और नायाब हरियाणा हर दिशा में प्रगति की ओर अग्रसर है वहीं महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेशे से डॉक्टर अर्चना गुप्ता का अनुभव और पार्टी के लिए समर्पण हरियाणा में भाजपा को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ विकसित भारत-विकसित हरियाणाके संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्रीमती त्रिखा नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता का स्वागत करने उनके निवास पर पहुंची थी। इस मौके पर उन्होंने उनका शॉल पहनाकर व बुक्के देकर स्वागत किया।



## कार्यकर्ता आधारित संगठन है भाजपा

पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां समर्पण, मेहनत और संगठन के प्रति निष्ठा रखने वाले कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। पार्टी नेतृत्व द्वारा डा अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना उनके लंबे संघर्ष, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा अपने कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है और उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार जिम्मेदारियां प्रदान करती है।

### पीएम मोदी की नारी शक्ति को सशक्त बनाने की सोच

डॉ. अर्चना गुप्ता की नियुक्ति यह सिद्ध करती है कि भाजपा में महिलाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में आगे बढ़ाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नारी शक्ति को सशक्त बनाने की सोच की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नारी शक्ति वंदन की भावना और महिला सशक्तिकरण के संकल्प का सशक्त उदाहरण है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जो महिलाओं को संगठन, नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी प्रदेश में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

## खबर संक्षेप

### 17 वर्षीय बेटी 3 दिन में बिहार से सकुशल बरामद



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर-15 की टीम ने सिक्योरिटी गार्ड की 17 वर्षीय गुमशुदा बेटी को मात्र 3 दिन के भीतर गया से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। सेक्टर-15 निवासी रामदयाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पुत्री 7 जून 2026 को मदर डेयरी बूथ पर दूध लेने गई थी, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटी।

### गोदाम से पाइप चोरी करने वाले दो गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** गोदाम से पाइप चुराने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-56 ने दो को काबू किया है। क्राइम ब्रांच ने चोरीशुदा पाइप व आटो को बरामद किया है। सेक्टर-9 निवासी प्रमोद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि तिकोना पार्क स्थित उसकी गोदाम में स्टॉक की गिनती के दौरान कुछ लोहे के पाइप कम पाए गए। थाना कोतवाली में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज है।

### दहेज हत्या मामले में पति गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** सेक्टर-45 स्थित श्री होम्स सर्वोहम सोसायटी में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने के मामले में पुलिस चौकी सेक्टर 46 की टीम ने आरोपी पति प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया है। 10 जून की रात श्री होम्स सर्वोहम सोसायटी में सीमा नामक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। मृतका के पिता अजीत सिंह ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

### बाइक सवार महिला और युवक की मौत



**फरीदाबाद।** बड़खल मेट्रो फ्लाईओवर के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार एक महिला और युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल गुरुवार की देर रात वह अपनी बाइक पर दोस्त अभिषेक और एक महिला को लेकर घर के लिए जा रहा था। महिला उनकी जानकार बताई जा रही है।

### मानसून से पहले नालों की सफाई पुख्ता कराने के निर्देश



**फरीदाबाद।** मानसून से पहले शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीसी मीणा ने शहर के कई संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। उन्होंने नालों की सफाई, पानी निकासी व्यवस्था और आपातकालीन तैयारियों का निरीक्षण किया।

12 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही का नया अध्याय लिखा

# गरीब कल्याण नीतियों से 12 वर्षों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए

*मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 साल राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित सोच, दूरदर्शी नेतृत्व और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आधारित सुशासन का परिणाम है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 साल राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित सोच, दूरदर्शी नेतृत्व और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर आधारित सुशासन का परिणाम है। गुर्जर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने शासनकाल के दौरान भ्रष्टाचार और घोटालों में उलझी रही। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, जिला महामंत्री शोभित अरोड़ा, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, सीमा भारद्वा, राज मदान और मनीष छोकर तरनजीत सिंह भाटिया उपस्थित रहे।




### देश का 80% भूभाग पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तार बताते हुए कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज देश के लगभग 80 प्रतिशत भूभाग पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकारें कार्य कर रही हैं। पिछले 12 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन, पारदर्शिता व जवाबदेही का नया अध्याय लिखा है। भारत पहले से अधिक सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर व सुरक्षित राष्ट्र के रूप में विश्व मंच पर स्थापित हुआ है।

### सीमापार आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 12 वर्षों में सीमापार आतंकवाद पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है तथा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ने से रक्षा निर्यात लगभग 40 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। रक्षा बजट 2014 के लगभग 2.4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर आज लगभग 8 लाख करोड़ रुपये हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत की विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची है जबकि अमेरिका की लगभग 2.1 प्रतिशत, जापान की 1.1 प्रतिशत और ब्रिटेन की 1.3 प्रतिशत है। ऐसे में भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर बताने वाले लोगों को विश्व अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति को समझना चाहिए।

26 जून से हड़ताल का ऐलान

# सीवर में हो रही मौतों के विरोध में ननि कर्मियों ने कामकाज ठप रखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगर निगम कर्मचारी इम्प्लॉइज फेडरेशन ने नगर निगम क्षेत्र में सीवर में काम करते हुए लगातार हो रही मौतों के विरोध में आज कामकाज ठप रखा तथा प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। संगठनों ने मांग की कि मृतक कर्मचारियों के परिवारों को 15 दिनों के भीतर एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी पक्की नौकरी तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मांगें पूरी न होने की स्थिति में 26 जून से प्रदेशव्यापी हड़ताल पर जाने का ऐलान किया गया है।

### मौतों का मुख्य कारण सुरक्षा उपकरणों की कमी

गौरतलब है कि 1 मई से 11 जून के बीच नगर निगम क्षेत्र में सीवर में कार्य करते हुए पांच कर्मियों की मौत हो चुकी है। कर्मचारी संगठनों का आरोप है कि इन मौतों का मुख्य कारण सुरक्षा उपकरणों की कमी तथा सरकार एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना है।

### जांच सुको के सेवानिवृत्त जज से करवाई जाए

नरेश शास्त्री ने कहा कि मामले की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश से करवाई जाए। उन्होंने आयुक्त की जिम्मेदारी तय करते हुए खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

# प्रथम जत्था का 15 जून को होगा पारंपरिक विदाई समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कैलाश मानसरोवर यात्रा-2026 के अंतर्गत प्रथम जत्था के श्रद्धालु गाजियाबाद स्थित कैलाश मानसरोवर भवन पहुंच चुके हैं। वर्तमान में प्रथम दल में 32 पुरुष एवं 16 महिला यात्री शामिल हैं। यात्रा प्रारंभ होने तक इस दल में कुल 50 यात्रियों की संख्या पूर्ण हो जाएगी।

यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए कैलाश मानसरोवर भवन के प्रबंधक दिनेश गर्ग ने बताया कि वर्ष 2026 की कैलाश मानसरोवर यात्रा 11 जून से 27 अगस्त तक संचालित होगी।

इस वर्ष कुल 20 बैचों में यात्रियों को भेजा जाएगा, जिनमें प्रत्येक बैच में 50 यात्री शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कुल 20 बैचों में से 10 बैच उत्तराखंड के लिपुलेख मार्ग से तथा 10 बैच सिक्किम के नाथुला मार्ग से कैलाश मानसरोवर के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रथम जत्था को 15 जून प्रातः 6 बजे विधिवत प्रारम्परिक विदाई समारोह के साथ हरी झंडी दिखाकर सिक्किम के नाथुला मार्ग के लिए रवाना किया जाएगा। गर्ग ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी कैलाश यात्री यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व गाजियाबाद स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में ठहराए जा रहे हैं, जहां उनके आवास, भोजन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

पुलिस कमिश्नर ने टैबलेट सौंपने के साथ दी जिम्मेदारी

# स्मार्ट पुलिसिंग के लिए विवेचना अधिकारियों को अत्याधुनिक टैबलेट उपकरण सौंपे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पुलिस आधुनिकीकरण, विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण तथा स्मार्ट पुलिसिंग को सुदृढ़ बनाने के लिए दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड़ ने शुक्रवार को सभी थानों के विवेचना अधिकारियों को अत्याधुनिक टैबलेट उपकरण सौंपे।

### नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण

कमिश्नरेट गाजियाबाद का यह कदम पुलिसिंग में तकनीकी नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आने वाले समय में अपराध नियंत्रण और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाएगा। गाजियाबाद पुलिस नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। आधुनिक तकनीक का उपयोग कर हम न केवल विवेचना की गुणवत्ता बढ़ा रहे हैं, बल्कि पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बना रहे हैं। यह पहल पुलिस और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करेगी।

### तकनीकी सुविधा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

पुलिस आयुक्त ने कहा कि इस कदम से न केवल विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित होगा, बल्कि स्मार्ट पुलिसिंग को भी नई मजबूती मिलेगी। साथ ही, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएन एस एस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) जैसे नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में भी यह तकनीकी सुविधा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इससे कागजी कार्यवाही में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही विवेचना की गुणवत्ता एवं गति में सुधार लम्बित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं नागरिक केंद्रित बनेगी। कमिश्नरेट गाजियाबाद के थानों में नियुक्त कुल 932 विवेचकों को टैबलेट उपलब्ध कराए गए।

वरिष्ठ-कनिष्ठ पदाधिकारियों का आभार माना

# गर्ग बने अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश प्रचार सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



देश के 365 वैश्य घटकों की प्रतिनिधि संस्था अग्रवाल वैश्य समाज ने अपने संगठनात्मक ढांचे का विस्तार करते हुए संपादक उमेश गर्ग को अग्रवाल वैश्य समाज, हरियाणा का प्रदेश प्रचार सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति शीर्ष नेतृत्व की सहमति और अनुशंसा के बाद तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई है।

संस्था के मुख्य कार्यालय से जारी सूचना के मुताबिक, प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की विशेष अनुशंसा पर उमेश गर्ग के नाम पर मुहर लगी। महासचिव बलराम गुप्ता द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया कि उमेश गर्ग की सामाजिक सक्रियता, संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और लंबे सांगठनिक अनुभव को देखते हुए उन्हें ये अहम जिम्मेदारी दी गई है। महासचिव बलराम गुप्ता ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश प्रचार सचिव अपनी कुशल कार्यशैली से प्रदेश स्तर पर संगठन की नीतियों, विचारों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उमेश गर्ग के नेतृत्व और अनुभव से हरियाणा में समाज और संगठन को नई ऊर्जा और सही दिशा मिलेगी।

वहीं अपनी नियुक्ति पर उमेश गर्ग ने प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष तायल, महासचिव राजेश सिंगला और बलराम गुप्ता समेत सभी वरिष्ठ-कनिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जो दायित्व उन्हें मिला है वे इसके लिए सभी की उम्मीदों पर सदा खरा उतरेंगे। जिस उद्देश्य को लेकर अग्रवाल वैश्य समाज ने शुरुआत की है, उस उद्देश्य को आप सबके सहयोग से आगे बढ़ाने का सदा प्रयास रहेगा।

हरियाणा युवा कांग्रेस ने चलाया 'चलो वार्ड-चलो पंचायत' अभियान

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है सही मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा युवा कांग्रेस ने मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए कमर कस ली है। प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया के नेतृत्व में शुक्रवार को गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में 'चलो वार्ड-चलो पंचायत अभियान के तहत बैठक हुई। ये बैठक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम का हिस्सा थी।

बैठक में कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को मतदाता सूची के सत्यापन, शुद्धिकरण और



गणना फॉर्म भरने की पूरी जानकारी दी गई। कटारिया ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर पात्र नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में होना जरूरी है। कोई भी अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न रहे। फिलहाल गुरुग्राम विधानसभा के चार बूथों पर लोगों को इस अभियान के बारे में जागरूक किया गया है। बैठक में सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) नियुक्त करने पर भी चर्चा हुई। प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। ये बीएलए-2 हर बूथ पर मतदाताओं को मदद और गाइडेंस देंगे। साथ ही ये सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी वोटर गणना फॉर्म भरने से न छूटे।

### घर-घर जाकर लोगों को प्रक्रिया समझाएं

निशित कटारिया ने बताया कि 15 जून से हर मतदाता को गणना फॉर्म भरकर जमा करना होगा। कांग्रेस पार्टी पूरी सक्रियता से इस अभियान को सफल बनाने में जुटी है। कटारिया ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि घर-घर जाकर लोगों को प्रक्रिया समझाएं और फॉर्म भरवाने में मदद करें। उन्होंने कहा, मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। इसी मकसद से ये अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहित तंवर, जिला महासचिव विक्रम कटारिया, कृष्ण कुमार, दशमेश सिंह और दीपक कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **(1) आलम मंशूरी पुत्रः** श्री इदरीश मंशूरी **पताः** महाराजपुर, रिंग रोड, गाजियाबाद यूपी **(2) अजय कुमार पुत्रः** श्री सीता राम यादव **पताः** सब्जी, मंडी, बदरपुर, नई दिल्ली **(3) मंगलू पुत्र** श्री कोंडा **पताः** मंडी चौक, बदरपुर, नई दिल्ली, **(4) मनोज कुमार पुत्रः** श्री प्रकाश **पताः** सब्जी मंडी, जेजे कॉलोनी, बदरपुर, नई दिल्ली, **(5) प्रदीप पुत्रः** श्री सूभाई, **पताः** ए–1279 बदरपुर, नई दिल्ली ने **FIR No. 140/2018 U/S 379/511/34 IPC, थानाः बाराखंभा रोड नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहें हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गए है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 140/2018 U/S 379/511/34 IPC, थानाः बाराखंभा रोड नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) आलम मंशूरी (2) अजय कुमार (3) मंगलू (4) मनोज कुमार (5) प्रदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।


आदेशानुसार
सुश्री विजयश्री राठौड़
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 13
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली

**DP/7686/NDD/2026**
**(Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में भाई ने भाई को मार डाला

**लातेहार।** यहां के महुआडांड़ थाने क्षेत्र के पोटमाडीह में छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी।



घटना में मृतक के पत्नी व बेटे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पड़ोसियों ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, हाथापाई हुई और छोटे भाई ने टांगी से हमला कर दिया और उसकी मौत हो गई।

### निशांत कुमार की डिग्री पर सियासत तेज

**पटना।** आरजेडी के एमएलसी सुनील सिंह ने वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार की शैक्षणिक



योग्यता को लेकर तीखा हमला बोला है। मीडिया से चर्चा के दौरान तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि निशांत की राजनीतिक लॉन्चिंग से पहले उन्हें 'इंजीनियर' बताया गया था। लेकिन अब उनका आधिकारिक हलफनामा और दस्तावेज सामने आए हैं, जिसमें खुलासा हुआ है कि वे सिर्फ 12वीं पास हैं।

### दलित से शादी पर पिता ने युवती की छीन ली जिंदगी

**बांदा।** जिले में बदौसा थाना क्षेत्र में एक दलित लड़के से युवती को प्रेम विवाह करना भारी पड़ गया। प्रेमी



युगल को गिरफ्तार कर थाने लेकर पहुंची पुलिस के सामने ही पिता ने बेटी के ऊपर चाकू से हमला बोल दिया। पुलिस ने आनन-फानन में उसे सीएचसी अतर्रा ले गई। यहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बेटी ने दम तोड़ दिया।

### घंटों परेशान रहे यात्री

# लखनऊ से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में बम लिखा टिश्यू पेपर मिलने से फैली सनसनी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब उड़ान भरने से ठीक पहले विमान के टॉयलेट में बम लिखा हुआ एक टिश्यू पेपर मिला। लखनऊ से सुबह 11.15 बजे इंडिगो एयरलाइन के दिल्ली जाने वाले विमान 6ई2111 के टॉयलेट में किसी ने एक टिश्यू पेपर पर बम होने की सूचना लिखकर रख



दिया। इसके बाद विमान को एसटीसी से संपर्क के बाद टैक्सी वे एरिया में लाया गया। सीआईएसएफ सहित सभी सुरक्षा एजेंसियों ने यात्रियों और उनके सामान को उतार दिया है। विमान और सामान की तलाशी ली गई।

#### विमान में मौजूद 180 यात्रियों का धड़कता रहा दिल

अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान कोई विस्फोटक या हानिकारक पदार्थ नहीं मिला और आगे की कानूनी और सुरक्षा प्रक्रियाएं चल रही हैं कि टिश्यू पेपर पर बम शब्द किसने लिखा और इसके पीछे किसका हाथ है। इस पूरी छानबीन के दौरान विमान में बैठे 180 यात्री परेशान होते रहे।

### उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत

# लखनऊ, बरेली और बाराबंकी में फ्री लगेंगे नए बिजली पोस्टपेड स्मार्ट मीटर

लखनऊ, बरेली और बाराबंकी में फ्री नए बिजली पोस्टपेड स्मार्ट मीटर लगेंगे। एमडी रिया केजरीवाल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिलिंग और सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए तकनीकी दल का सहयोग करें।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ, बरेली और बाराबंकी के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। इन जिलों में पहले से लगे 'पोस्टपेड ईईएसएल मेक' स्मार्ट मीटरों के संचालन और रखरखाव की अनुबंध अवधि समाप्त होने वाली है। ऐसे में केंद्र सरकार की योजना आरडीएसएस (रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के तहत इन पुराने मीटरों के स्थान पर नए आधुनिक पोस्टपेड स्मार्ट



मीटर चरणबद्ध तरीके से लगाए जा रहे हैं। यह कार्यदायी संस्था मैसर्स इंटेलस्मार्ट और मैसर्स पोलारिस द्वारा किया जा रहा है। मीटर बदलने की यह पूरी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों के साथ संपन्न होगी। खास बात यह है कि इस कार्य के लिए उपभोक्ताओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा और न ही उन्हें किसी तरह की अतिरिक्त औपचारिकता पूरी करनी होगी। मध्यांचल डिस्कॉम की एमडी रिया केजरीवाल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिलिंग और सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए तकनीकी दल का सहयोग करें। वहीं राजधानी के बिजली उपभोक्ताओं को कटौती व लो-वोल्टेज से जल्द निजात मिलेगी।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष : मुख्यमंत्री योगी ने गिनाईं उपलब्धियां

# बताया-आस्था, विकास,किसान और गरीब कल्याण का नया भारत गढ़ने की गाथा

*योगी ने कहा 'पहली बार भारत एहसास कर रहा है कि योजना बनाना ही नही,बल्कि उनके सफल क्रियान्वयन के लिए एक जनांदोलन बना देना,यह पहली बार देखा गया है।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पीएम नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित मीडिया संवाद में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय में भारत ने जो परिवर्तन देखा है, वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है। कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, महिला, युवा और किसान को विकास के केंद्र में रखकर योजनाओं को केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें जनांदोलन बनाकर धरातल पर उतारा।

इन 12 वर्षों में भारत ने आस्था व आर्थिकी के अद्भुत संगम, सुशासन, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव का नया अध्याय लिखा है, जबकि यूपी ने भी पीएम के विजन के अनुरूप विकास व सुशासन की नई पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का ऐसा माडल प्रस्तुत किया, जिसमें जनधन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास, आयुष्मान भारत, मुद्रा, स्टार्टअप और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लाया।

**खास बातें**

- सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला
- देश बना आस्था और आर्थिकी के अद्भुत संगम का मॉडल



#### 2030 तक हासिल होगा एक ट्रिलियन डालर का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश वर्ष 2030 तक एक ट्रिलियन डालर और 2036 तक दो ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य हासिल करेगा तथा 2047 तक विकसित भारत के साथ विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना को साकार करेगा। उन्होंने प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए उनके दीर्घ और यशस्वी नेतृत्व की कामना की। मुख्यमंत्री ने इससे पहले लोकभवन में मोदी सरकार के 12 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व एनडीए के सहयोगी उपस्थित थे।

#### फसल बीमा और सिंचाई योजनाओं का विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और सिंचाई योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार किसान सरकार की प्राथमिकता बना है। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारपुरी पुनर्निर्माण और भारतीय विरासत के संरक्षण को सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियां बताते हुए कहा कि पहली बार देश की आस्था को सम्मान मिला है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के माध्यम से प्रधानमंत्री ने करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार, सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, आपरेशन सिंदूर, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और डिफेंस कारिडोर जैसे कदमों ने भारत की सुरक्षा और सामरिक क्षमता को नई मजबूती दी है। प्रदेश में ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण और रक्षा उद्योगों का विस्तार इसी दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।

### डिप्टी सीएम यादव को फोन पर धमकी

# ओटीपी नहीं देने पर बदसलूकी साइबर थाने में एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के डिप्टी डिप्टी सीएम बिजेंद्र यादव को धमकी दी गई है। उन्हें फोन कर धमकाया गया। इस मामले में पटना साइबर थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस उस मोबाइल नंबर का पता लगा रही है जिससे जदयू नेता को फोन किया गया था। पार्सल बुकिंग के नाम पर उन्हें कॉल किया गया। उप मुख्यमंत्री ने फोन काट दिया तो दुबारा कॉल कर उनके साथ बुरा वर्ताव किया गया। पुलिस गंभीरता के साथ छानबीन में जुट गई है। घटना 5 जून की बताई जा रही है।

#### जान से मारने और गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी

बिजेंद्र यादव को जान से मारने और गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी दी गई। मामला इस प्रकार है। 5 जून को डिप्टी सीएम को एक कॉल आया। कॉलर ने उन्हें पार्सल बुकिंग के बारे में बताया। मंत्री ने कहा कि मेरा कोई पार्सल नहीं है। यह कहकर उन्होंने कॉल काट दिया। बदमाश ने उन्हें दुबारा कॉल किया। बोला कि एक ओटीपी गया है उसे जल्दी दीजिए। मंत्री ने फिर कहा कि कोई पार्सल नहीं है। ओटीपी भी नहीं है। इतना सुनने के बाद कॉलर उनके साथ बदतमीजी करने लगा। उसने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी।

#### सचिव ने दर्ज कराया केस

बात जब सामने आई तो प्रशासन ऐक्शन में आ गया। घटना को लेकर उपमुख्यमंत्री के आप्त सचिव वीरेंद्र कुमार ने पटना के साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और छानबीन शुरू की जा रही है। पुलिस को दी गई जानकारी में यह बताया गया है कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उपमुख्यमंत्री के मोबाइल नंबर पर फोन किया। फोन करने वाले ने दावा किया कि उनके नाम से एक पार्सल बुक किया गया है। जब मंत्री ने इस बात से पूरी तरह इनकार किया और कहा कि उन्होंने कोई सामान बुक नहीं कराया है, तो भी आरोपित लगातार फोन कर उन्हें परेशान करने लगा।

## पेज एक का शेष

### ये न भूले यूरोप...

करते हुए कहा था कि इससे वैश्विक बाजार में स्थिरता बनी रहेगी। डॉ. जयशंकर का यह तीखी प्रतिक्रिया परिचर्चा में एक पत्रकार द्वारा यूक्रेन युद्ध के बीच भारत के रूस के प्रति बने हुए नरम रुख के साथ उससे की जा रही तेल खरीद के आरोप के जवाब में दी गई है। उल्लेखनीय है कि कुलतारंता टॉक्स फिनलैंड द्वारा आयोजित की गई एक परिचर्चा थी। जिसमें भारत के अलावा फिनलैंड की विदेश मंत्री एलीना वाल्टोनन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की उप-विदेश मंत्री लाना नुसेबेह शामिल हुईं। परिचर्चा का विषय 'इमरजिंग पावर्स एंड न्यू जियोपॉलिटिकल कांपीटिशन' था।

### पेट्रोल-डीजल की...

**क्यों लाना पड़ा नया आदेश :** सरकार ने अधिसूचना में कहा है कि कुछ क्षेत्रों में औद्योगिक, संस्थागत और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं द्वारा खुदरा पेट्रोल पंपों से बड़े पैमाने पर पेट्रोल और डीजल की खरीद की जा रही थी। इससे आम उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की उपलब्धता प्रभावित होने और स्थानीय स्तर पर कमी पैदा होने की आशंका बढ़ गई थी। सरकार के अनुसार, ऐसी स्थिति में जमाखोरी, कालाबाजारी और ईंधन के दुरुपयोग की संभावना भी बढ़ जाती है, जिससे सार्वजनिक जीवन, परिवहन व्यवस्था और आवश्यक सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

**क्या हैं नए आदेश के प्रमुख प्रावधान :** नई व्यवस्था के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां और अधिकृत डीलर निम्नलिखित निर्देश लागू कर सकेंगेः

1. **औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं पर रोकः** संस्थागत, औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहक खुदरा पेट्रोल पंपों से पेट्रोल (एमएस) या डीजल (एचएसडी) की थोक खरीद नहीं कर सकेंगे। उन्हें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति केवल अधिकृत उपभोक्ता पंपों या निर्धारित चैनलों के माध्यम से करनी होगी।

2. **खुदरा बिक्री पर सीमाः** पेट्रोल पंप केवल वाहन के टैंक या पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन द्वारा अनुमोदित कंटेनरों में ही ईंधन बेच सकेंगे। एक ग्राहक या वाहन को एक दिन में 200 लीटर से अधिक डीजल की बिक्री नहीं की जा सकेगी। खरीदा गया ईंधन पुनः बिक्री के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

3. **निगरानी और अनुपालनः** तेल कंपनियों और पेट्रोल पंप संचालकों को आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना होगा। उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।

### वैश्विक परिस्थितियों ...

तनाव, अंतरराष्ट्रीय शिपिंग और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क पर दबाव तथा ऊर्जा आपूर्ति संबंधी अनिश्चितताओं के कारण एहतियाती कदम उठाना जरूरी हो गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम मुख्य रूप से ईंधन की कृत्रिम कमी रोकने, जमाखोरी पर अंकुश लगाने और आम उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। आदेश के उल्लंघन पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और अन्य संबंधित कानूनों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकेगी।

### कैबिनेट सचिव ने...

के सफल संचालन पर ध्यान केंद्रित किया गया था। यह जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है।

**पीएम मोदी कर रहे निगरानी :** गौरतलब है कि इस साल 3 मई को नीट-यूजी की परीक्षा हुई थी। जिसमें पेपरलीक का मामला सामने आने के बाद सरकार ने 12 मई को इसे रद्द कर 21 जून को पुनः कराने का ऐलान किया था। परीक्षा को हर लिहाज से फुल-प्रूफ बनाने के लिए हालिया समय में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई एक बैठक में भारतीय वायुसेना से लॉजिस्टिक सहायता लेने यानी हवाई बल के मी-17 हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल करने को लेकर सहमति जताई गई है। वहीं, पेपरलीक का मामला सामने आने के बाद फिर से होने वाली परीक्षा की समूची प्रक्रिया की निगरानी स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी जुटे हुए हैं।

**पारदर्शी होनी चाहिए परीक्षाः सोमनाथन :** मंत्रालय ने कहा कि समीक्षा बैठक में कैबिनेट सचिव टी.वी. सोमनाथन ने इस बात पर जोर दिया कि नीट-यूजी की फिर से होने वाली इस परीक्षा का सुरक्षित वातावरण में पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से आयोजित किया जाना चाहिए। मामले पर केंद्र, राज्यों की सरकारें और जिला प्रशासन निकट समन्वय के साथ काम कर रहा है। जिससे इस बार परीक्षा का आयोजन बेहतर ढंग से किया जा सकेगा। परीक्षा में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी व्यक्ति ऐसा कुछ भी करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कानून के तहत तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**प्रभावी समन्वय संग मजबूत होंगी तैयारियां :** कैबिनेट सचिव ने पूर्व में भी परीक्षा से जुड़ी हुई तैयारियों को लेकर कई उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता की है। जिसमें 1 जून को हुई केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों के सचिवों की बैठक और उसके बाद 4 जून को हुई राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों की बैठक मुख्य रूप से शामिल है। इस दौरान सोमनाथन ने हालांकि परीक्षा को फिर से कराए जाने को लेकर चल रही तैयारियों और व्यवस्था को लेकर हुई प्रगति का विस्तार से आकलन किया। इन सभी बैठकों का उद्देश्य नीट-यूजी परीक्षा की प्रक्रिया को लेकर सभी भागीदार पक्षों के बीच प्रभावी समन्वय, तैयारियों को मजबूत बनाने तथा इसके आयोजन में ईमानदारी और विश्वास को बरकरार रखना है।

### म्यूनिख से लौटे थे ...

कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन चैंपियनशिप्स में कई मेडल जीते और देश के सबसे सफल निशानेबाजों में से एक बने। राणा ने प्रतिस्पर्धी करियर के बाद कोचिंग में अपनी पारी खेली और जल्द ही भारतीय शूटिंग के सबसे प्रभावशाली लोगों में से एक बने। वह राष्ट्रीय कोचिंग से जुड़े और 2012 में जूनियर पिस्टल प्रोग्राम की जिम्मेदारी संभाली। अगले दशक तक राणा ने कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार किया, जिन्होंने आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई। राणा के मार्गदर्शन में सौरभ चौधरी, अनिश भानवाला और चिंकी यादव ने खूब सफलता प्राप्त की। राणा ने मनु भाकर की तैयारी और विकास में अहम भूमिका निभाई।

**राणा को सम्मान :** खेल में योगदान को देखते हुए एनआरएआई ने फरवरी 2025 में जसपाल राणा को 25 मीटर पिस्टल श्रेणी में हाई परफॉर्मेंस कोच बनाया। वह राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रोग्राम में सक्रियता से शामिल थे और मृत्यु से पहले भारत के दिग्गज पिस्टल निशानेबाजों के साथ काम कर रहे थे। कोचिंग और एथलीट विकास में योगदान देने के लिए जसपाल राणा को 2020 में द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो कि भारतीय खेल जगत में सबसे बड़े सम्मानों में से एक है।

### मुस्लिमों की जबरदस्ती ...

नसबंदी हो। यदि हम यह नहीं करते तो भविष्य अंधकारमय है।

### इंदौर से ब्रिक्स कृषि...

से जुड़ा है और यह क्षेत्र न केवल खाद्य सुरक्षा बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं- जैसे उन्नत बीज, सिंचाई, तकनीक और किसान सहायता कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए बताया कि इनसे किसानों को व्यापक लाभ मिला है। उन्होंने छोटे और सीमांत किसानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत के लगभग 87 प्रतिशत किसान इस श्रेणी में आते हैं और इन्हें सशक्त बनाना ही समावेशी विकास की कुंजी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत करोड़ों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकि किसान क्रेडिट कार्ड और फसल बीमा जैसी योजनाएं किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने मध्य प्रदेश से शुरू किए गए देशव्यापी "खेत बचाओ अभियान" का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके माध्यम से किसानों तक वैज्ञानिक जानकारी और सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं, जिससे प्राकृतिक खेती और जैविक इनपुट्स का उपयोग बढ़ रहा है।

### कांग्रेस बोली- नटराजन....

अदालत ने संज्ञान तक नहीं लिया है। हरीश चौधरी ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब यह संस्था एकपक्षीय हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयुक्तों के चयन की प्रक्रिया से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर एक कैबिनेट मंत्री को शामिल कर लिया है। अब सरकार जिसे चाह रही है, उसे नियुक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि मीनाक्षी नटराजन ने सभी नियमों का पालन करते हुए नामांकन भरा था, लेकिन फिर भी उसे रद्द कर दिया गया। वहीं झारखंड में भाजपा समर्थित उम्मीदवार के नामांकन पत्र में कई बड़ी गलतियां थीं, लेकिन उन्हें सुधारने का मौका दिया गया। हरीश चौधरी ने 'मोदी है तो मुमकिन है' नारे पर निशाना साधते हुए कहा कि इसकी कीमत आज देश का हर वर्ग चुका रहा है। नीट पेपर लीक और सीबीएसई की गड़बड़ियों से छात्र परेशान हैं, पूरी शिक्षा व्यवस्था तबाह हो गई है, किसानों को फसल के सही दाम नहीं मिल रहे हैं और वे खाद की किल्लत का भी सामना कर रहे हैं, गलत विदेश नीति के कारण देश तेल व ईंधन के संकट से जूझ रहा है। जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश में राज्यसभा चुनाव के लिए संख्या बल के हिसाब से कांग्रेस को 58 विधायकों की जरूरत थी और उसके पास इससे ज्यादा विधायक हैं। कई निर्दलीय विधायक भी उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि इसी एकजुटता से भयभीत होकर भाजपा ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज करवाने का अपराध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस चुनाव के निर्वाचन अधिकारी आरएसएस की पृष्ठभूमि से आते हैं और उनकी भूमिका पहले भी संदिग्ध रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता नटराजन की उम्मीदवारी निरस्त किए जाने के विरोध में भोपाल स्थित चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रहे और वहीं सोए तो भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। केसी वेणुगोपाल के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल आवेदन लेकर दिल्ली स्थित केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय भी गया, लेकिन उस आवेदन पर भी संज्ञान नहीं लिया गया। वहीं उमंग सिंघार ने बताया कि जब निर्वाचन अधिकारी से इस गलत फैसले के बारे में पूछा गया, तो उसने सरकार के दबाव में गलती करने की बात स्वीकार की। सिंघार ने आगे कहा कि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को गुमराह करते हुए कहा कि उसे कांग्रेस की याचिका नहीं मिली, जबकि पार्टी का प्रतिनिधिमंडल दो दिन पहले उनसे मिल चुका था। उन्होंने तंज कसा कि भाजपा पहले वोट चोरी करती थी, अब सीधे सीट चोरी करने लगी है। उन्होंने कहा कि यह घटना चुनावी निरंकुशता की ओर बढ़ते कदम की शुरुआत है।

**नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द होना गैरकानूनी और लोकतंत्र के खिलाफ- खरगे :** वहीं बंगलौर में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन रद्द होना गैरकानूनी और लोकतंत्र के खिलाफ है। ऐसा होना नरेंद्र मोदी के इशारे के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी कांग्रेस और लोकतंत्र को खत्म करने के लिए ऐसी साजिशें करवा रहे हैं। मोदी सरकार आरएसएस के एजेंटों को बड़े पदों पर बैठाकर मनमानी करवा रही है। ऐसा ही कुछ झारखंड में भी किया गया। भाजपा समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी को पूरा समय देकर फॉर्म की गलतियां सही करवाई गईं, लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार के नामांकन को तुरंत निरस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे साफ है कि चुनाव आयोग निष्पक्ष काम नहीं कर रहा है।

### वोट चोरी से आगे....

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी राज्यसभा उम्मीदवार का नामांकन इस प्रकार खारिज किया गया हो। उन्होंने कहा कि इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र के भविष्य को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि इस निर्णय ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन खारिज होना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के प्रति भाजपा के रवैये को दर्शाता है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि देश में अब 'संवैधानिक मॉडल' और 'मोदी मॉडल' के बीच संघर्ष चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है।

**मीनाक्षी नटराजन ने क्या कहा :** मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि उनका नामांकन इस आधार पर खारिज किया गया कि उन्होंने अपने चुनावी शपथपत्र में एक कथित आपराधिक मामले का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ वर्तमान में कोई लंबित आपराधिक मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस मामले का हवाला दिया गया है, वह केवल एक निजी शिकायत (प्राइवेट कंप्लेंट) है, जिस पर अदालत ने अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि चुनाव उम्मीदवारों द्वारा भरे जाने वाले फॉर्म-26 के अनुसार केवल उन्हीं मामलों का खुलासा करना आवश्यक होता है जिनमें अदालत संज्ञान ले चुकी हो या आरोप तय किए जा चुके हों। नटराजन ने दावा किया कि उन्होंने शपथपत्र के सभी कॉलम नियमानुसार भरे थे और किसी भी कानूनी प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया।

**भाजपा समर्थित उम्मीदवार पर भी सवाल :** कांग्रेस नेताओं ने भाजपा समर्थित राज्यसभा उम्मीदवार के नामांकन पत्रों पर भी सवाल उठाए। पार्टी का आरोप है कि उनके नामांकन और शपथपत्र में कई विसंगतियां थीं, फिर भी उन्हें सुधार का अवसर दिया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मीनाक्षी नटराजन के मामले में अत्यधिक कठोरता बरती गई, जबकि दूसरे उम्मीदवार के मामले में नियमों को अलग तरीके से लागू किया गया। पार्टी ने इसे दोहरे मापदंड का उदाहरण बताया।

**कानूनी और राजनीतिक लड़ाई का ऐलान :** कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी इस मामले में कानूनी और राजनीतिक दोनों स्तरों पर संघर्ष जारी रखेगी। उनका आरोप है कि यह केवल एक उम्मीदवार का मामला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया और चुनावी निष्पक्षता से जुड़ा मुद्दा है। हालांकि, कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा या निर्वाचन आयोग की ओर से तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### 'पेंशन पाने वाले लोग कोई आपदा नहीं: तेजस्वी यादव



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की सम्राट सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने के लिए आकस्मिक निधि से 3662 करोड़ रुपए की निकासी पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव हमलावर हैं। अब तेजस्वी ने सम्राट चौधरी को नौसिखिया मुख्यमंत्री बताकर बिहार की वित्तीय स्थिति को बदतर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 267 का हवाला देते हुए सरकार से सवाल किया कि ऐसी क्या विचित्र परिस्थिति पैदा हो गई, जो हर महीने दी जाने वाली पेंशन जैसे सामान्य एवं नियमित खर्च के लिए आकस्मिक निधि का उपयोग करना पड़ रहा है?

**भाजपा पर सपा प्रमुख व सांसद अखिलेश का बड़ा हमला**

### अमेरिका के हिसाब से अब बन रही भारत की आर्थिक नीति, देश का बाजार गिरवी रखवा दिया



**कासगंज।** समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को उर्मिला गार्डन का उद्घाटन करने के लिए कासगंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूर्व सांसद कुंवर देवेंद्र सिंह यादव की समाजवादी पार्टी में वापसी कराई। जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि 2027 में यूपी का विधानसभा चुनाव हार गए तो देश में दोबारा चुनाव नहीं देख पाओगे। हाल ही में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव इसका उदाहरण है। जिसमें जनता के वोटो को लूट गया है।



# अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

## लाइफ Style

# भूमि
## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



## हॉलीवुड मसाला




# ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



# टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



# नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




# ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भटकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भटकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

## टीवी मसाला



# दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

## 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

# 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

# इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालन: द बॉय

बालन: द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीख: 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीख: 19 जून।

### जना नायकन

जून में थलपति विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

## जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

# रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाईं थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## दो सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बदले जाएंगे

भोपाल। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग में दो सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों के फेरबदल की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही इसके आदेश जारी किए जा सकते हैं। जोन-9 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र शर्मा को हटाकर उनकी जगह पूर्व में इसी जोन की जिम्मेदारी संभाल चुके बलवीर मलिक को दोबारा पदस्थ किए जाने की तैयारी है। वहीं जोन-11 में भी बदलाव के संकेत हैं। यहां पूर्व प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अमन पाल की वापसी हो सकती है।

# इंदौर में कृषि महाकुंभः ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में छोटे किसानों पर वैश्विक मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की बैठक को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि यह बैठक छोटे किसानों के सशक्तिकरण, खाद्य सुरक्षा और कृषि में नवाचार को नई दिशा देने का मंच बनेगी।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने गुरुवार रात इंदौर में चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि इस बैठक का मुख्य फोकस छोटे किसानों की आय बढ़ाने, खेती को अधिक उत्पादक और टिकाऊ बनाने तथा खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने पर है। केवल अनाज उत्पादन ही नहीं, बल्कि पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना भी प्राथमिकता है। कृषि में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को सशक्त करने और युवाओं को आधुनिक तकनीक से खेती की ओर आकर्षित करने पर जोर दिया है।

# महिला शक्ति, युवाओं पर विशेष फोकस, खाद्य सुरक्षा से टेक्नोलॉजी तक कृषि का नया रोडमैपः केंद्रीय मंत्री शिवराज

### इन्दौर में अतिथियों और प्रतिनिधियों के सम्मान में दिया रात्रि भोज



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल कृषि मंत्रियों एवं अन्य विदेशी प्रतिनिधियों एवं अतिथियों से मुलाकात की। उन्होंने अतिथियों का इन्दौर में स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी के सम्मान में रात्रि भोज भी दिया। मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन को प्रदर्शित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना पर आधारित प्रस्तुतियों ने देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा से मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों की विशेषताओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। रात्रि भोज एवं सांस्कृतिक आयोजन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट, कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना, सांसद शंकर लालवानी तथा कविता पाटीदार आदि मौजूद रहे।

### कहा- समावेशी विकास, नवाचार और जनकल्याण के दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा मप्र

# नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल में मुख्यमंत्री ने बताईं मप्र की उपलब्धियां

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहभागिता की। यहां उन्होंने मध्यप्रदेश में सभी वर्गों के विकास के लिए किए जा रहे विशेष प्रयत्नों से अवगत कराया।

डॉ. यादव ने कहा कि काउंसिल की बैठक में 'विकसित भारत @>2047' के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र और राज्यों की साझी भागीदारी, समन्वित प्रयासों तथा विकास के विभिन्न आयामों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि मप्र भी विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए सुशासन, समावेशी विकास, नवाचार और जनकल्याण के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई बैठक




काउंसिल में केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी। बैठक में डॉ. मोहन भी शामिल हुए।

### गवर्निंग काउंसिल ने की इन मुख्य मुद्दों पर चर्चा

नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की इस बैठक में मुख्यतः 'मूलभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल', 'उत्पादक रोजगार, उद्यमिता और विकेंद्रीकृत विकास', 'स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण' एवं 'सभी के लिए समानता और गरिमा' से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नदी जोड़ो परियोजनाओं के क्रियान्वयन की तैयारी की गई है। पीएमश्री महाविद्यालयों के माध्यम से युवाओं को अनेक संकायों और विषयों के अध्ययन से जोड़ा गया है। कौशल विकास और औद्योगिकीकरण के प्रयास तेज हुए हैं।

### नक्सलवाद के खात्मे के बाद देंगे विकास को गति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में जानकारी दी कि प्रदेश को नक्सलवाद का खात्मा केंद्र सरकार द्वारा तय की गई समय-सीमा से पहले करने में सफलता मिली है। प्रदेश के जो क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित थे, वहां विकास की गति तेज की जाएगी।

## जोनल अधिकारी की विभागीय जांच शुरू

भोपाल। नगर निगम प्रशासन ने गुरुवार को योजना प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त, उपायुक्त तथा उद्यान शाखा की सहायक उद्यान अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए। वहीं उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने सहित जोन-19 के जोनल अधिकारी की विभागीय जांच शुरू कर दी। दरअसल उद्यान विभाग से संबंधित शिकायतों को बिना स्थल निरीक्षण निराकृत दर्शाने पर उद्यान विभाग की सहायक उद्यान अधीक्षक ममता ब्रह्मे को नोटिस जारी करने एवं जोनल अधिकारी जोन-19 को नोटिस जारी कर विभागीय जांच करने, उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए थे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | दिल्ली मेन स्टेशन पर 100 बेड की क्षमता वाली दो मंजिला नई RPF बैरक की व्यवस्था और ADEN/DLI NDLS और HNZM सेक्शन में दिल्ली मेन स्टेशन (04) ANVT (02) और HNZM (02) पर RPF के लिए डॉग केनेल सह ब्रीडिंग सेंटर की व्यवस्था। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.4,57,31,750.40/– (रुपये चार करोड़ सतावन लाख इकतीस हजार सात सौ पचास और चालीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.9,14,600.00/– (रुपये नो लाख चौदह हजार छह सौ मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 06.07.2026 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 20646203 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/28/2026–27/डब्लू–3
दिनांक : 12.06.2026 2017/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मोहन सरकार बताएगी मोदी सरकार के 12 साल का रिपोर्ट कार्ड, प्रदेशभर में होंगे लाभार्थी कार्यक्रम

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश में भी भाजपा और मोहन सरकार बड़े स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को राजधानी भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनके लाभार्थियों से जुड़े आंकड़ों को सार्वजनिक करेंगे। मुख्यमंत्री की यह प्रेस कॉन्फ्रेंस दोपहर 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगी। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उपमुख्यमंत्री तथा सरकार और संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

### कलेक्टरों व निगम आयुक्तों को जारी किए दिशा निर्देश

सरकारी सूत्रों के अनुसार प्रदेशभर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को जोड़ते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं के लाभ सीधे जनता तक पहुंचाने और उनकी जानकारी व्यापक स्तर पर प्रसारित करने की रणनीति तैयार की गई है। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, कांग्रेस पर साधा निशाना

# मोदी ने मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी : नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक देश को भ्रमित करने का काम किया, जबकि मोदी सरकार ने भारत को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचकूला स्थित पंचकमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत की आवाज आज जी-20, ब्रिक्स, एससीओ और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों पर प्रभावी ढंग से सुनी जाती है।



उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-370 हटाने, आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे फैसलों ने देश की सुरक्षा को नई मजबूती दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यूपीआई, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश में डिजिटल क्रांति और आर्थिक विकास को गति दी है। देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका

उन्होंने बताया कि देश में 2.2 लाख से अधिक स्टार्टअप कार्यरत हैं और भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, कृषि विकास, खेल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी व्यापक बदलाव हुए हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, लखपति दीदी योजना, किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और खेलो इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो और हवाई सेवाओं का तेजी से विकास हुआ है।

## 25 से फिर खनकेंगी करछियां, बुंदेली शेफ 4 का काउंटडाउन शुरू

छतरपुर। इन दिनों बुंदेलखंड की कई रसोइयों में मसालों की खुशबू के साथ एक अलग तरह का उत्साह भी पक रहा है। कहीं नई रेसिपी पर प्रयोग हो रहे हैं, कहीं दादी-नानी के पुराने स्वाद फिर से याद किए जा रहे हैं, तो कहीं महिलाएं अपनी सबसे खास डिश को और बेहतर बनाने में जुटी हैं। वजह है 'बुंदेली शेफ सीज़न 4', जिसका इंतजार, जो कि अब धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप लेने लगा है। इस लोकप्रिय ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता का पहला ऑडिशन 25 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरा ऑडिशन 10 जुलाई और तीसरा ऑडिशन 20 जुलाई को होगा। इन पड़ावों से गुजरकर 15 प्रतिभागी जुलाई के अंतिम सप्ताह में होने वाले क्वार्टर फाइनल तक पहुंचेंगी।

### बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े थे

# आकाशीय बिजली गिरने से एक उपसरपंच और दो अन्य की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक उप-सरपंच और दो अन्य लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। अंतागढ़ के ग्राम कलगांव में आज सुबह मनरेगा में काम करने के दौरान हुई बारिश से बचने को ग्रामीण पेड़ के नीचे आ गए, जहां आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग घायल हो गए हैं। मामले की जानकारी देते हुए अंतागढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम कुलगांव में चल रहे मनरेगा में काम करने के लिए करीब 50 से 60 मजदूर काम करने के लिए गए हुए थे। शुक्रवार की सुबह अचानक से हुई बारिश से बचने के लिए सभी मजदूर पास के पेड़ के नीचे आ गये थे। अचानक से



हुए आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अंतागढ़ ब्लॉक के कलगांव में मनरेगा (जी राम जी ) योजना के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई तो वहीं 5 महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। जिसमें 1 महिला को कांकेर रेफर किया जा रहा है। सभी घायलों का इलाज अभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में जारी है।

### बैतूल से कूनो तक कई कार्यक्रमों में होंगी

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 जून से पांच दिवसीय मप्र दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 जून से मप्र के पांच दिवसीय दौरे पर रहेंगी। अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रपति बैतूल, ओंकारेश्वर, जबलपुर और श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए संबंधित जिलों में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 18 जून को इंदौर पहुंचेंगी, जहां से हेलीकॉप्टर द्वारा बैतूल जाएंगी। बैतूल के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित ब्रह्मकुमारी संस्थान के आध्यात्मिक जागृति द्वारा आदिवासी समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इसके बाद शाम को खंडवा जिले स्थित पवित्र तीर्थस्थल ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचकर ज्योतिर्लिंग की रात्रि आरती में भाग लेंगी। 19 जून को राष्ट्रपति सिक ' तरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।



वे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। उसी दिन राष्ट्रपति ग्वालियर पहुंचेंगी और वहां से श्योपुर जिले स्थित कूनो नेशनल पार्क जाएंगी।

**यात्रीगण कृपया ध्यान दें!**

**परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ–2026**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा आर.आर.बी. एनटीपीसी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:–

**रेलगाड़ी सं. 04321/04322 मुरादाबाद – देहरादून – मुरादाबाद अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 05 फेरे

| गाड़ी सं. 04321 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04322 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:00 | मुरादाबाद | 05:00 | ---- |
| 06:15 | ---- | देहरादून | ---- | 19:50 |

चलने के दिन: **04321 मुरादाबाद** से दिनांक 13.06.2026 व 14.06.2026 को एवं **04322 देहरादून** से दिनांक 13.06.2026, 14.06.2026 व 15.06.2026 को।
ठहराव: अमरोहा, गजरौला जं., मंडी धनौरा, चांद सियाऊ, हल्दौर, बिजनौर, बासी किरतपुर, मुअज्जमपुर नारायण जं., लक्सर जं., ज्वालापुर एवं हरिद्वार जं. स्टेशन
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04323/04324 बरेली – गाज़ियाबाद – बरेली अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 05 फेरे

| गाड़ी सं. 04323 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04324 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:50 | बरेली | 23:50 | ---- |
| 04:35 | ---- | गाज़ियाबाद | ---- | 20:10 |

चलने के दिन: **04323 बरेली** से दिनांक 13.06.2026 व 14.06.2026 को एंव **04324 गाज़ियाबाद** से दिनांक 13.06.2026, 14.06.2026 व 15.06.2026 को।
ठहराव: रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं. एवं हापुड़ स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04425 नई दिल्ली – सहारनपुर जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| स्टेशन ↓ | गाड़ी सं. 04425 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| नई दिल्ली | ---- | 04:30 |
| सहारनपुर जं. | 08:30 | ---- |

चलने के दिन: **04425 नई दिल्ली** से दिनांक 13.06.2026, 14.06.2026, 15.06.2026 व 16.06.2026 को।
ठहराव: तिलक ब्रिज, आनन्द विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, नया गाजियाबाद, मुरादनगर, मोदीनगर, मेरठ नगर, मेरठ छावनी, दौराला, खतौली, मन्सूरपुर, मुजफ्फरनगर, देवबंद, नागल एवं टपरी जं. स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04426 सहारनपुर जं. – शकूर बस्ती अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| स्टेशन ↓ | गाड़ी सं. 04426 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| सहारनपुर जं. | ---- | 11:30 |
| शकूर बस्ती | 16:20 | ---- |

चलने के दिन: **04426 सहारनपुर** जं. से दिनांक 13.06.2026, 14.06.2026, 15.06.2026 व 16.06.2026 को।
ठहराव: टपरी जं., नागल, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मन्सूरपुर, खतौली, दौराला, मेरठ छावनी, मेरठ नगर, मोदीनगर, मुरादनगर, नया गाजियाबाद, गाजियाबाद, साहिबाबाद, आनन्द विहार, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली, दिल्ली किशनगंज एवं दया बस्ती स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04427 शकूर बस्ती – सहारनपुर जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| स्टेशन ↓ | गाड़ी सं. 04427 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| शकूर बस्ती | ---- | 17:15 |
| सहारनपुर जं. | 22:00 | ---- |

चलने के दिन: **04427 शकूर बस्ती** से दिनांक 13.06.2026, 14.06.2026, 15.06.2026 व 16.06.2026 को।
ठहराव: दया बस्ती, दिल्ली किशनगंज, नई दिल्ली, तिलक ब्रिज, आनन्द विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, नया गाजियाबाद, मुरादनगर, मोदीनगर, मेरठ नगर, मेरठ छावनी, दौराला, खतौली, मन्सूरपुर, मुजफ्फरनगर, देवबंद, नागल एवं टपरी जं. स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04428 सहारनपुर जं. – शकूर बस्ती अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| स्टेशन ↓ | गाड़ी सं. 04428 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| सहारनपुर जं. | ---- | 04:45 |
| शकूर बस्ती | 09:40 | ---- |

चलने के दिन: **04428 सहारनपुर जं.** से दिनांक 14.06.2026, 15.06.2026, 16.06.2026 व 17.06.2026 को।
ठहराव: टपरी जं., नागल, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मन्सूरपुर, खतौली, दौराला, मेरठ छावनी, मेरठ नगर, मोदीनगर, मुरादनगर, नया गाजियाबाद, गाजियाबाद, साहिबाबाद, आनन्द विहार, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली, दिल्ली किशनगंज एवं दया बस्ती स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04429 शकूर बस्ती – सहारनपुर जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| स्टेशन ↓ | गाड़ी सं. 04429 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| शकूर बस्ती | ---- | 10:50 |
| सहारनपुर जं. | 15:30 | ---- |

चलने के दिन: **04429 शकूर बस्ती** से दिनांक 13.06.2026, 14.06.2026, 15.06.2026 व 16.06.2026 को।
ठहराव: दया बस्ती, दिल्ली किशनगंज, नई दिल्ली, तिलक ब्रिज, आनन्द विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, नया गाजियाबाद, मुरादनगर, मोदीनगर, मेरठ नगर, मेरठ छावनी, दौराला, खतौली, मन्सूरपुर, मुजफ्फरनगर, देवबंद, नागल एवं टपरी जं. स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04430 सहारनपुर जं. – नई दिल्ली अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 04 फेरे

| स्टेशन ↓ | गाड़ी सं. 04430 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| सहारनपुर जं. | ---- | 17:45 |
| नई दिल्ली | 22:30 | ---- |

चलने के दिन: **04430 सहारनपुर** जं. से दिनांक 13.06.2026, 14.06.2026, 15.06.2026 व 16.06.2026 को।
ठहराव: टपरी जं., नागल, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मन्सूरपुर, खतौली, दौराला, मेरठ छावनी, मेरठ नगर, मोदीनगर, मुरादनगर, नया गाजियाबाद, गाजियाबाद, साहिबाबाद, आनन्द विहार एंव तिलक ब्रिज, स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04643/04644 फिरोजपुर छावनी – अमृतसर – फिरोजपुर छावनी अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 04643 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04644 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:10 | फिरोजपुर छावनी | 23:20 | ---- |
| 09:30 | ---- | अमृतसर | ---- | 19:30 |

चलने के दिन: **04643 फिरोजपुर छावनी** एवं **04644 अमृतसर** से दिनांक 13.06.2026 से 20.06.2026 तक।
ठहराव: मक्खू, लोहियां खास जं., सुल्तानपुर लोदी, कपूरथला, जलंधर शहर एवं ब्यास स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04645/04646 लुधियाना जं. – जलंधर शहर – लुधियाना जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 04645 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04646 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:00 | लुधियाना जं. | 20:50 | ---- |
| 13:10 | ---- | जलंधर शहर | ---- | 19:30 |

चलने के दिन: **04645 लुधियाना जं.** से एवं **04646 जलंधर शहर** से दिनांक 13.06.2026 से 20.06.2026 तक।
ठहराव: फिल्लौर जं. एवं फगवाड़ा जं. स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04549/04550 सहारनपुर जं. – जलंधर शहर – सहारनपुर जं. अनारक्षित परीक्षा विशेष एक्सप्रेस** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 04549 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04550 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:00 | सहारनपुर जं. | 21:15 | ---- |
| 10:50 | ---- | जलंधर शहर | ---- | 15:20 |

चलने के दिन: **04549 सहारनपुर जं.** से एवं **04550 जलंधर शहर** से दिनांक 13.06.2026 से 20.06.2026 तक।
ठहराव: सरसावा, यमुनानगर जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, मुस्तफाबाद, बराड़ा, अंबाला छावनी जं., अंबाला शहर, राजपुरा जं., सरहिंद जं., खन्ना, लुधियाना जं., फिल्लौर जं. एवं फगवाड़ा जं. स्टेशन.
स्थान: सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# गरीब की थाली तक खाड़ी युद्ध का दबाव

अमेरिका-ईरान के बीच जारी जंग का असर अब गरीब की थाली पर भी दिखने लगा है। हाल के महीनों में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों ने गरीब और मध्यम वर्ग की चिंता को और बढ़ा दिया है। मई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 प्रतिशत और खाद्य महंगाई 4.78 प्रतिशत तक पहुंच जाना इस बात का संकेत है कि रसोई का बजट लगातार दबाव में है। टमाटर, अदरक और अन्य आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल ने परिवारों की मासिक योजनाओं को प्रभावित किया है। वहीं, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और खाड़ी क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति इस समस्या को लगातार गंभीर बनाती जा रही है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर खाड़ी देशों से आयातित कच्चे तेल पर निर्भर है। जब भी इस क्षेत्र में युद्ध या राजनीतिक तनाव बढ़ता है, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अस्थिर हो जाती हैं। तेल महंगा होने का असर केवल पेट्रोल और डीजल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, भंडारण और उत्पादन लागत बढ़ने के कारण इसका प्रभाव खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ता है। यही कारण है कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष का दबाव अंततः गरीब की थाली तक पहुंच रहा है। महंगाई का सबसे अधिक असर उन परिवारों पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित है। गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों के बीच संतुलन बनाना कठिन हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों से अधिक होना इस बात का प्रमाण है कि किसान और ग्रामीण परिवार भी इस संकट से अछूते नहीं हैं। खाद्य महंगाई के पीछे केवल अंतरराष्ट्रीय कारण ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक गर्मी, बेमौसम बारिश और आपूर्ति शृंखला में आने वाली बाधाएं भी कीमतों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कई फसलों के उत्पादन में कमी और समय पर बाजार तक आपूर्ति न हो पाने से मांग और उपलब्धता के बीच अंतर बढ़ रहा है। इसका सीधा परिणाम उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकाने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरत वाली सब्जियों और अन्य खाद्य पदार्थों की महंगाई आम उपभोक्ता के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। यही वजह है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने भी आगामी वित्त वर्ष के लिए महंगाई के अनुमान को बढ़ाया है। यह संकेत है कि आने वाले समय में कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। दूसरी ओर, रिजर्व बैंक को महंगाई नियंत्रण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। केवल ब्याज दरों में बदलाव से खाद्य महंगाई पर पूरी तरह नियंत्रण संभव नहीं है, क्योंकि इसके पीछे आपूर्ति संबंधी कारण अधिक प्रभावी हैं। इसलिए केंद्र और राज्यों को मिलकर कृषि, भंडारण और वितरण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। कुल मिलाकर यह समझना होगा कि महंगाई केवल आर्थिक आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह करोड़ों परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ा सवाल है। खाड़ी क्षेत्र का युद्ध, वैश्विक तनाव, जलवायु परिवर्तन और घरेलू आपूर्ति संबंधी चुनौतियां मिलकर आम आदमी की थाली को प्रभावित कर रही हैं। यदि समय रहते प्रभावी नीतिगत कदम नहीं उठाए गए, तो इसका सबसे बड़ा बोझ उन लोगों पर पड़ेगा, जो पहले से ही सीमित संसाधनों के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। इसलिए सरकार, रिजर्व बैंक और समाज के सभी हितधारकों को मिलकर ऐसा समाधान तलाशना होगा, जो आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ गरीब की थाली की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सके।

# पहाड़ों को भी सांस की जरूरत है



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

पहाड़ मनुष्य के लिए हमेशा से आस्था और आकर्षण का केंद्र रहे हैं। विभिन्न धर्मों के तीर्थस्थल इन पहाड़ों पर हैं वहीं दूसरी ओर पहाड़ों के तराई की सुरम्यता सैलानियों को लुभाती है जिसके चलते हर साल इन इलाकों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। इन दिनों हिमाचल से लेकर उत्तराखंड की पहाड़ों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भीड़ अटी पड़ी है। उत्तराखंड के केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद चारधाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड तोड़ भीड़ के चलते सरकारी व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उत्तराखंड सरकार के सूत्रों के मुताबिक कपाट खुलने के बाद अब तक चारधाम यात्रा के लिए 27 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं जो राज्य बनने के बाद मई महीने का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के अनुसार बीते साल 2025 में 6 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री और पर्यटक राज्य के पहाड़ों पर आए जो अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। अलबत्ता इस भारी भीड़ के चलते जोशीमठ से बद्रीनाथ और केदारनाथ मार्ग पर सोनप्रयाग में 20-25 किलोमीटर तक ट्रैफिक जाम हो रहा है। इस जाम में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घंटों भूखे - प्यासे फंस रहे बावजूद लोगों में उत्साह है। केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के पैदल रास्तों में भारी संख्या में लोगों की भारी भीड़ है।

गर्मियों के दौरान पर्यटकों के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन हिमाचल प्रदेश के शिमला, मनाली, कुफरी, कसौली और डलहौजी जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों की बात करें तो यहां टूरिस्टों का सैलाब उमड़ पड़ा है फलस्वरूप सभी प्रमुख मार्गों पर कई किलोमीटर का ट्रैफिक जाम लग रहा है।पर्यटन विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार इन दिनों प्रतिदिन लगभग 25-30 हजार पर्यटक हिमाचल के पहाड़ों पर पहुंच रहे हैं वीकेंड में यह आंकड़ा बढ़ जाता है। मीडिया से जुड़े खबरों के मुताबिक बीते एक महीने के दौरान अकेले शिमला क्षेत्र में 8 लाख और मनाली में 70 हजार से ज्यादा पर्यटक वाहनों की एंट्री हुई है। आलम यह है कि इन पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों पर गाड़ियां दौड़ नहीं बल्कि रेंग रही है। चिंतनीय है कि पहाड़ों पर बढ़ रहे मानवी भीड़, बसाहट और वाहनों के बोझ के चलते पहाड़ हांफने लगे हैं। पहाड़ों की सकरी और घुमावदार सड़कों पर हजारों वाहनों के लंबे जाम की वजह से इन इलाकों में चौबीसों घंटे ध्वनि और वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। इन प्रदूषणों की वजह से जहां पर्यावरणीय खतरा बढ़ रहा है वहीं पहाड़ों के परिस्थितिकी तंत्र पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ।

विचारणीय है कि पहाड़ों पर बढ़ती भीड़ केवल पर्यावरण को ही नुकसान नहीं पहुंचा रहा है बल्कि यह धार्मिक परंपराओं और संस्कृति पर भी विपरीत असर डाल रहा है। गौरतलब है कि पहले लोग चारधाम यात्रा में आध्यात्मिक भाव लेकर जाते थे लेकिन अब एक बड़ा तबका इन स्थानों में महज सैर-सपाटे के लिए जा रहे हैं। बीते कुछ सालों के दौरान इन इलाकों में सोशल मीडिया से जुड़े यूट्यूबर्स की आमद बढ़ी है जो इस मीडिया में फालोवर्स बढ़ाने के सनक के चलते केवल रील्स बनाने के लिए यहां पहुंच रहे हैं।इसके अलावा कुछ ऐसे समूह भी केदारनाथ सहित अन्य धामों में पहुंच रहे हैं जो ढोल - नगाड़ों और तेज स्पीकर की आवाज में नाचते हुए नजर आते हैं। जबकि अनेक पर्यावरणविदों ने पहले ही चेतावनी दी है कि उत्तराखंड के पहाड़ 'डेंजर जोन' में आता है और तेज आवाज के चलते इसके चट्टान खिसक सकते हैं बावजूद इस चेतावनी का असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। दूसरी ओर इस तीर्थक्षेत्र में पुलिस ने कुछ ऐसे लोगों के खिलाफ भी जुर्मानी कार्रवाई किया है जिन्होंने मादक पदार्थों का सेवन किया था। बहरहाल पहाड़ों पर हो रहे इन गतिविधियों से देवस्थानों के मंदिरों की मर्यादा भंग हो रही है। हालांकि मंदिर और स्थानीय प्रशासन इस प्रकार के गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए हर साल निर्देश जारी करती है लेकिन नतीजा शून्य है।



बहरहाल यह कहना गैर-मुनासिब नहीं होगा कि मानव सभ्यता का विकास प्रकृति के गोद में हुआ है लेकिन आधुनिक सभ्यता ने सबसे ज्यादा असभ्यता और अनुदारता प्रकृति के साथ ही दिखाई है। पहाड़ पृथ्वी का सबसे बड़ा हिस्सा है जो परिस्थितिकी तंत्र को सहेजता है और नदियों का प्रमुख स्रोत भी है।पहाड़ हमारे लिए केवल प्राकृतिक संसाधन ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक धरोहर है। देश के इतिहास पर गौर करें तो मध्ययुगीन काल की अनेक वीर गाथाएं और परंपराएं पहाड़ों से ही जुड़ी है। पहाड़ सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील होते हैं। चिंतनीय है कि अंधाधुंध विकास की अंधी दौड़ के चलते पहाड़ों के सीने को छलनी किया जा रहा है। विकास के लिए बिजली चाहिए और इसके लिए अविरल नदियों को बांधकर पहाड़ों पर जलविद्युत परियोजनाएं बनाई जा रही है। जलविद्युत संयंत्रों और सड़क निर्माण के दौरान पहाड़ों को खोखला कर कई किलोमीटर लंबाई वाले सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। इन परियोजनाओं और निर्माण के लिए दैत्याकार क्रेन और भारी निर्माण उपकरण पहाड़ों को खोद रहे हैं, चट्टानी सीने को बारुद के विस्फोटों से तोड़ा जा रहा है। पहाड़ों को सहेजे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है।पेड़ों के कटने, विस्फोट और ड्रिल मशीनों के कंपन से पहाड़ों की मिट्टी और चट्टान कमजोर होकर धसकने लगे हैं जिसके चलते इन क्षेत्रों में आपदाएं लगातार बढ़ रही है।

देश में जारी शहरीकरण, औद्योगिकीकरण, सड़कों, बांधों के निर्माण और खनिज उत्खनन के लिए पहाड़ों को खोदा जा रहा है। विचारणीय है कि उत्तराखंड राज्य के अस्तित्व में आने के बाद वहां की सरकारों ने बिजली उत्पादन और पर्यटन उद्योग को अपने पहली प्राथमिकता में रखा जिसके चलते इस राज्य में पनबिजली परियोजनाओं और होटल-रिसॉर्ट निर्माण की बाढ़ आ गई है। केंद्र सरकार ने चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए "ऑल वेदर रोड" का निर्माण भी शुरू कर दिया।पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के आवागमन और आवास की सुविधा के लिए पहाड़ों और पेड़ों को काटकर सड़कें, पुल, होटल, रिसॉर्ट और कृत्रिम पर्यटन केंद्र बनाए जा रहे हैं जिससे पहाड़ों का परिस्थिकीय तंत्र भी बिगड़ रहा है।

विडंबना है कि हमारी व्यवस्था अब देश के इतिहास के साथ भूगोल को भी बदलने के लिए आमादा है जिसके घेरे में जंगल, पहाड़ और नदियां हैं। गौरतलब है कि विकास का सपना शुरू में लुभावना होता है लेकिन जब यह विनाश बनकर प्रकट होता है तो वह बड़ा ही प्रलयंकारी और भयावह होता है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का नतीजा कितना भयानक हो सकता है? इसका अंदाजा साल 2013 में केदारनाथ के जलतांडव से लेकर 2025 में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों में रिकॉर्ड तोड़ बारिश, भूस्खलन, बादल फटने से हुई तबाही से लगाया जा सकता है।बीते एक दशक के दौरान कश्मीर से कन्याकुमारी तक के पहाड़ी इलाकों में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की वजह से हजारों लोगों की मौतें हुई है तथा सैकड़ों हताहत हुए हैं वहीं अरबों रुपए का नुकसान भी हुआ है।

विचारणीय यह भी है कि पहाड़ों पर हो रहे अत्याचार के लिए केवल सरकार और मशीनरी ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि आम जनता भी समान रूप से जवाबदेह है जो मानव सभ्यता का कचरा पहाड़ों और नदियों पर डाल रहे हैं। पर्वतीय इलाकों में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के वाहनों के धुएं और हार्न उस इलाके में वायु और ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं फलस्वरूप पर्यावरण और ईकोसिस्टम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां आने वाले लोगों द्वारा हर महीने हजारों टन प्लास्टिक कचरा जिसमें प्लास्टिक बोतल, पॉलिथीन बैग, शीतल पेय के केन, स्ट्रा, चिप्स एवं अन्य खाद्य पदार्थों के पैकेट और अन्य डिस्पोजेबल सामान पहाड़ों, जंगलों या नदियों में फेंक दिए जाते हैं। एक एनजीओ हीलिंग हिमालय के प्रदीप सांगवान बताते हैं कि हिमालयन क्षेत्र के पर्यटन स्थलों से वे रोज 1.5 टन गैर बायोडिग्रेडेबल कचरा इकट्ठा करते हैं। ये प्लास्टिक कचरे हिमालय के तापक्रम को बढ़ाते हैं जिससे ग्लेशियर पिघलता है फलस्वरूप झील बनते हैं जो जलतांडव लाते हैं। लिहाजा हम कह सकते हैं कि पहाड़ों पर हो रहे आपदा कुदरती नहीं बल्कि इंसानी आपदा है और इसकी कीमत आने वाली पीढ़ी को भी चुकाना होगा।

बहरहाल भारत के अर्थव्यवस्था में पर्यटन उद्योग का महत्वपूर्ण स्थान है। पहाड़ हमेशा से पर्यटकों को बुलाते रहे हैं लेकिन अब इसकी दुश्वारियां सामने है फलस्वरूप पहाड़ों का सब्र टूटने लगा है। देश में पहाड़ों के विकास, पर्यावरण संरक्षण, आस्था और कानून के चौराहे पर खड़े हैं। सरकार और पर्यावरणविदों के पहाड़ों पर अपने - अपने दावे और वादे हैं। बिलाशक पर्यावरण और इकोसिस्टम के लिए पहाड़ जरूरी है लेकिन आर्थिक विकास और रोजगार के लिए भी पहाड़ जरूरी है। इन परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि पहाड़ों के सहेज कर ही विकास का खाका खींचा जाए ताकि पहाड़ों के अस्तित्व पर कोई संकट न आए।आखिरकार क्या हम ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं जहां जंगल न हो, पहाड़ न हो और नदियों का अविरल प्रवाह न हो ? बेशक इसके बिना इंसानी सभ्यता का अस्तित्व भी खतरे में है लिहाजा विकास के लिए प्रकृति को विमर्श में लाना ही होगा।

## श्रद्धांजलि

डॉ. घनश्याम बादल



# गोल्डन बॉय शूटर जसपाल राणा का यूं अचानक जाना


भारतीय खेल जगत के लिए 12 जून 2026 का दिन एक गहरे शोक में बदल गया, जब देश के महानतम निशानेबाजों में से एक, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शूटर और कोच जसपाल राणा के निधन का समाचार सामने आया। मात्र 49 वर्ष की आयु में उनका जाना न केवल भारतीय निशानेबाजी के लिए, बल्कि पूरे खेल जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। जिस खिलाड़ी ने दशकों तक अपने अचूक निशाने से भारत का तिरंगा विश्व मंच पर लहराया और बाद में प्रशिक्षक के रूप में नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को सफलता का मार्ग दिखाया, उसका इस प्रकार अचानक चले जाना विश्वास करना कठिन है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी की धरती पर जन्मे जसपाल राणा ने उस समय भारतीय निशानेबाजी को पहचान दिलानी शुरू की, जब यह खेल देश में अपेक्षाकृत कम लोकप्रिय था। कम उम्र में ही उनकी प्रतिभा ने खेल विशेषज्ञों का ध्यान आकर्षित कर लिया था। उनके पिता नारायण सिंह राणा स्वयं शूटिंग से जुड़े रहे और उन्होंने ही अपने पुत्र की प्रतिभा को तराशने का कार्य किया। देखते ही देखते, यह युवा खिलाड़ी भारतीय निशानेबाजी का पर्याय बन गया। जसपाल राणा की उपलब्धियों की सूची इतनी लंबी है कि उसे संक्षेप में समेटना कठिन है। वे भारत के सबसे सफल कॉमनवेल्थ गेम्स खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने 1994 से 2006 के बीच आयोजित चार राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 15 पदक जीते, जिनमें 9 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि उन्हें भारतीय खेल इतिहास के सर्वाधिक सफल खिलाड़ियों की श्रेणी में स्थापित करती है। एशियाई खेलों में भी उनका प्रदर्शन असाधारण रहा।



1994 एशियन गेम्स में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। इसके बाद 2006 के एशियाई खेलों में उन्होंने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल और 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। सेंटर फायर पिस्टल प्रतियोगिता में उन्होंने विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की थी। एशियाई खेलों में उनके खाते में कुल आठ पदक दर्ज हैं, जो उनकी निरंतरता और उत्कृष्टता का प्रमाण हैं। देश ने भी उनकी उपलब्धियों का सम्मान किया। मात्र 18 वर्ष की आयु में उन्हें 1994 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाले वे सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में शामिल थे। इसके बाद 1997 में उन्हें देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से अलंकृत किया गया। खेल जगत में उनकी सेवाओं और प्रशिक्षक के रूप में योगदान को देखते हुए वर्ष 2020 में उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह एक दुर्लभ उपलब्धि है कि किसी खिलाड़ी को खिलाड़ी और प्रशिक्षक दोनों रूपों में देश के सर्वोच्च सम्मानों से नवाजा जाए। हालांकि जसपाल राणा की महानता केवल उनके जीते गए पदकों तक सीमित नहीं थी। खेल जीवन के बाद उन्होंने भारतीय निशानेबाजी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। वे उन प्रशिक्षकों में रहे जिन्होंने खिलाड़ियों के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और विजेता मानसिकता का विकास किया। भारतीय निशानेबाजी की नई पीढ़ी, विशेषकर मनु भाकर जैसी खिलाड़ियों की सफलता के पीछे उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर की ऐतिहासिक सफलता ने यह सिद्ध कर दिया था कि जसपाल राणा केवल महान खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि असाधारण गुरु भी थे। उनका असमय निधन इसलिए भी अधिक पीड़ादायक है क्योंकि वे अभी भी भारतीय शूटिंग के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। उनके अनुभव, मार्गदर्शन और नेतृत्व की देश को आगे भी आवश्यकता थी। उनके जाने से जो रिक्तता पैदा हुई है, उसे भर पाना आसान नहीं होगा। पदक जीतने वाले खिलाड़ी समय-समय पर आते रहेंगे, लेकिन खेल को दिशा देने वाले व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेते हैं। आज जब हम जसपाल राणा को अंतिम विदाई दे रहे हैं, तब उनके द्वारा जीते गए स्वर्ण पदकों, स्थापित रिकॉर्डों और प्राप्त सम्मानों से कहीं अधिक उनकी वह विरासत स्मरणीय है जो उन्होंने आने वाली पीढ़ियों को सौंपी है। उनके निशाने ने केवल लक्ष्य भेदे नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीय युवाओं के सपनों को भी दिशा दी। भारतीय खेल इतिहास में उनका नाम सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। भारतीय खेल जगत का यह सितारा भले ही अस्त हो गया हो, किंतु उसकी चमक कभी मंद नहीं पड़ेगी। भावभीनी श्रद्धांजलि।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चेतना की चौथी अवस्था है शिव तत्व



संकलित
दर्शन

शिव को अनुभव करने का प्रयास न करें। आपको बस उस पल में मौजूद रहना है और निश्चिंत रहना है, शिव तत्व पहले से ही वहां मौजूद है। हमारी चेतना की 3 अवस्थाएं हैं - जाग्रत, स्वप्न और सुषुप्ति, और चेतना की एक चौथी अवस्था भी है, जहां हम न तो जाग्रत होते हैं, न स्वप्न देखते हैं और न ही सोते हैं। इसका अनुभव ध्यान में होता है। उस चौथी अवस्था की झलक को ही शिव तत्व कहा जाता है। उपनिषद कहते हैं शिवम्, शांतम्, अद्वैतम्, चतुर्थम्, मन्यन्ते, सा आत्मा, सा विज्ञेय। अर्थात शुभ, शांतिपूर्ण चौथी अवस्था, जहां दो नहीं हैं, वह तुम्हारा स्वरूप है, वही जानने योग्य है। आपको क्या लगता है कि आप क्या हैं? आप केवल एक नाम नहीं हैं, मात्र एक रूप नहीं हैं। आप वह प्रकाशमान चेतना हैं जो शिव तत्व है। शिव का मंदिर पत्थरों से नहीं मनुष्य की चेतना से बना है। वह जो संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करता है, वह सत्ता जिसमें हर जीवन समाया है, वह रहस्यमय शिव तत्व है। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है। यह ब्रह्मांड संघर्ष या कष्ट नहीं दे रहा है; यह हर क्षण उत्सव मना रहा है। ये आनंद है, जो यह नहीं जानता, वह दुःखी होता है, निराश होता है, पीड़ित होता है। जो यह जानता है कि यह संपूर्ण सृष्टि एक नृत्य है, उसे आनंद मिलता है। यह सत्य शिव तत्व है।


## व्यक्ति की अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पाकिस्तान की बर्बरता पर ये मौन क्यों?

पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर के नागरिक लंबे समय से सम्मानजनक जीवन जीने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे हैं, किंतु पाकिस्तानी सरकार अपने कब्जे वाले कश्मीरी क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के बजाय सेना के दमन चक्र से वहां के नागरिकों की हत्याएं करती आई है। पाकिस्तानी हुकूमत और सेना द्वारा वर्षों से अधिकृत कश्मीरी लोगों को जबरन जेलों में बंद कर प्रताड़ित किया जाता है, उनके घरों की महिलाओं और बच्चियों की अस्मिता लूटी जाती है और विरोध के बदले मौत दी जाती है। अभी हाल ही में, इस बार भी कश्मीरियों की मांग नागवार गुजरी और सेना प्रमुख मुनीर के इशारे पर बर्बरतापूर्वक अंधाधुंध गोलाबारी की गई।

- ब्रिजेश अग्रवाल, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### कांग्रेस और एनडीए



कांग्रेस और एनडीए की विकास दर में साफ़ फर्क है! एक ऐसा सिस्टम था जहां काम हमेशा अटकता और टलता रहता था, जबकि आज का सिस्टम कहता है कि काम समय पर और बड़े पैमाने पर होगा।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### त्रिपक्षीय समझौता



भारत सरकार, असम और नागालैंड सरकार के बीच एक ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे पूर्वोत्तर में दशकों से चला आ रहा विवाद खत्म हो गया है। इस क्षेत्र में तेल और गैस की खोज का रास्ता खुल गया है। यह भारत की एकता का बेहतरीन उदाहरण है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विपक्ष गैरजिम्मेदार



आज विपक्ष कितना गैरजिम्मेदार हो गया है! अगर हम हिमाचल प्रदेश जीत जाते हैं, तो हम शेर बन जाते हैं, लेकिन अगर चुनाव हार जाते हैं, तो चुनाव आयोग खराब हो जाता है! आप किस तरह की पार्टी बन गए हैं, आपकी क्या हालत है?

- जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### राणा को श्रद्धांजलि



भारत के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों में से एक और एथलीटों की कई पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन से मैं अत्यंत दुखी हूं। उत्कृष्टता के प्रति उनके समर्पण और भारतीय खेल जगत में उनके अपार योगदान ने हमारे राष्ट्र पर अमिट छाप छोड़ी है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# पाक में गरीबों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हुई



पाकिस्तान में पिछले छह वर्षों में गरीबी सात प्रतिशत बढ़ गई है जिससे लगभग 2.7 करोड़ लोग गरीबी के दायरे में आ गए हैं और इसके साथ ही देश में कुल गरीबों की संख्या बढ़कर सात करोड़ हो गई है। देश के राष्ट्रीय आर्थिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26, को बृहस्पतिवार को वार्षिक प्रक्रिया के तहत जारी किया गया। यह प्रक्रिया संघीय बजट पेश किए जाने से पहले आर्थिक संकेतकों को साझा करने के लिए की जाती है। इस सर्वेक्षण में सामने आया है कि वर्ष 2018-19 में गरीबी का स्तर 21.9 प्रतिशत था, जो 2024-25 में बढ़कर 28.9 प्रतिशत हो गया। सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण गरीबी 28.2 प्रतिशत से बढ़कर 36.2 प्रतिशत हो गई जबकि शहरी गरीबी 11 प्रतिशत से बढ़कर 17.4 प्रतिशत तक पहुंच गई। प्रांतीय स्तर के आंकड़ों से पता चलता है कि सभी क्षेत्रों में गरीबी में वृद्धि दर्ज की गई है। पंजाब प्रांत में यह 16.5 प्रतिशत से बढ़कर 23.3 प्रतिशत हो गई, सिंध में 24.5 प्रतिशत से बढ़कर 32.6 प्रतिशत, खैबर पख्तूनख्वा में 28.7 प्रतिशत से बढ़कर 35.3 प्रतिशत और बलूचिस्तान में 41.8 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो गई। बलूचिस्तान में गरीबी दर सबसे अधिक दर्ज की गई, जबकि चारों प्रांतों में पंजाब में गरीबी दर सबसे कम रही।

## ऑफ बीट

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन ज़िम्मेदार हैं?



पहले कैंसर को आमतौर पर बुज़ुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही, उम्र बढ़ने पर शरीर इन खराब कोशिकाओं को पहचान कर हटाने में भी कमजोर हो जाता है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# महिला सशक्तिकरण से बदल रहा भारत का विकास परिदृश्य, हर क्षेत्र में बढ़ रही नारी शक्ति की भागीदारी: प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वित्तीय समावेशन, उद्यमिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास, खेल, विज्ञान और सुशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

सोशल मीडिया पर साझा एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने महिला-नेतृत्व वाले विकास को प्राथमिकता दी है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि



उभरती हुई तकनीकों, विशेष रूप से ड्रोन तकनीक जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी नए अवसरों के द्वार खोल रही है और देश के विकास के स्वरूप को बदल रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार स्वयं सहायता समूहों (सेल्फ हेल्प ग्रुप्स) को लगातार प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान कर रही है। इन समूहों के माध्यम से लाखों महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवारों तथा समुदायों के जीवन स्तर में सुधार ला रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं और पहलों का मूल उद्देश्य महिलाओं को सम्मान, अवसर और सशक्तिकरण प्रदान करना है। इसी सोच के तहत ऐसा वातावरण तैयार किया गया है, जिसमें महिलाएं अपनी पूरी क्षमता का विकास कर सकें और राष्ट्र निर्माण में अधिक प्रभावी योगदान दे सकें।

प्रधानमंत्री ने विज्ञान, अंतरिक्ष अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि देश की नारी शक्ति लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और वैश्विक स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा रही है। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने एक संस्कृत श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि देश की माताएं, बहनें और बेटियां अपनी प्रतिभा, कौशल और परिश्रम के बल पर प्रत्येक क्षेत्र में भारत माता का गौरव बढ़ा रही हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व क्षमता विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सामाजिक न्याय का विषय नहीं है, बल्कि भारत के समग्र विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत आधार भी है। सरकार के अनुसार, पिछले एक दशक में महिला उद्यमिता, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और तकनीकी प्रशिक्षण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यही कारण है कि आज महिलाएं पारंपरिक क्षेत्रों के साथ-साथ आधुनिक और तकनीकी क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

## महिलाओं को सम्मान दिया ध्यान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार का 'विमेन-लेड डेवलपमेंट' मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का नया



अध्याय लिख रहा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से लेकर उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण तक महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

## रक्षा क्षेत्र में आगे आईं महिलाएं: राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं परिचालन, रणनीतिक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं



में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, जिससे सशस्त्र बलों और देश की सुरक्षा को मजबूती मिल रही है। वर्ष 2014 में सेना में महिलाओं की संख्या लगभग 3,000 थी, जो 2025 तक बढ़कर 11,000 हो गई है।

## खबर संक्षेप

### तमिलनाडु में किसानों को 134.83 करोड़ दिए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने राज्य में धान की खेती को बढ़ावा देने के लिए



'कुरुवई विशेष पैकेज योजना 2026' की घोषणा की है। इस योजना पर 134.83 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसका लाभ कावेरी डेल्टा और गैर-डेल्टा दोनों क्षेत्रों के किसानों को मिलेगा। राज्य में बड़े पैमाने पर धान की खेती होती है।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, 4 लोगों की मौत

**उन्नाव।** उन्नाव जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर एक कार के खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण चार



लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा आसीवन थाना क्षेत्र में हुआ, जब तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### खाद्य पदार्थों की पैकिंग में पिन-वायर न लगाएं

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य व्यापार संचालकों को निर्देश किया है कि तत्काल प्रभाव से मेटल की पिन, स्टेपल पिन, वायर और अन्य चीजों का इस्तेमाल खाने-पीने के उत्पादों को पैक करने और सुरक्षित रखने के लिए न करें। इससे उनकी सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो रहा है।

### कोलकाता में खुला भारत का पहला एआई डेटा लैब

**कोलकाता।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने एआई की दुनिया में एक बड़ा कदम उठाया है।



टीसीएस ने टेक दिग्गज ओरेकल के साथ साझेदारी करते हुए कोलकाता के 'डेल्टा पार्क लॉर्ड्स' में भारत का पहला ओरेकल एआई डेटा प्लेटफॉर्म लैब और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस लॉन्च किया।

### तृणमूल कांग्रेस में फूट और मतभेदों के झंझटों के बीच पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी नरम पड़े

# कल्याण बनर्जी मुझसे बड़े हैं, उन्हें अपनी राय रखने का पूरा अधिकार: अभिषेक बनर्जी

**कहा, उकसावे वाले बयानों के लिए अमित शाह के खिलाफ एफआईआर क्यों नहीं होनी चाहिए?**



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस में फूट और मतभेदों के झंझटों के बीच पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी अब नरम रूख अपनाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि कल्याण बनर्जी मुझसे बड़े हैं, उन्हें अपनी राय रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने मुझे बचपन से देखा है। मैं उनके खिलाफ कुछ नहीं कहूंगा।

इसके साथ ही अभिषेक ने जाली हस्ताक्षर मामले में अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के समन पर अभिषेक बनर्जी ने कहा, आप जानते हैं कि मुझे सीआईडी ने तलब किया था। मैं वहां साढ़े पांच घंटे तक रहा। मुझे 14 जून को फिर बुलाया गया है और मैं वहां जाऊंगा। मैं हमेशा इस तरह की जांच में सहयोग करता हूं। मुझे एक अन्य मामले में भी फिर से समन दिया जाएगा।

गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को टीएमसी के वरिष्ठ नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि ममता दीदी को मेरे और अभिषेक बनर्जी के बीच किसी एक को चुनना होगा। उनके इस बयान से अभिषेक के व्यवहार को लेकर पार्टी के बीच का विवाद एक बार फिर खुलकर सामने आ गया था। जाली हस्ताक्षर मामले में अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के समन पर अभिषेक बनर्जी ने कहा, आप जानते हैं कि मुझे सीआईडी ने तलब किया था। मैं वहां साढ़े पांच घंटे तक रहा। मुझे 14 जून को फिर बुलाया गया है और मैं वहां जाऊंगा। मैं हमेशा इस तरह की जांच में सहयोग करता हूं। मुझे एक अन्य मामले में भी फिर से समन दिया जाएगा।

अभिषक बनर्जी ने कहा, मैंने उनसे कहा था कि अगर मैं मौजूद नहीं हूं तो किसी और को नोटिस दे दें। लेकिन मैंने सुना कि वे इंतजार कर रहे थे। अगर वे ऐसे समय नोटिस देना चाहते हैं जब मैं घर पर नहीं हूं और किसी दूसरे व्यक्ति को नोटिस लेने की अनुमति भी नहीं है, तो उन्हें मेरे घर लौटने तक इंतजार करना होगा।

मैं हमेशा जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करता हूं। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान मेरे 'डीजे' को लेकर उन्होंने कोई शिकायत नहीं की थी। लेकिन अब सरकार बदल गई है और मेरे खिलाफ लगातार मामले दर्ज किए जा रहे हैं। उकसावे वाले बयानों के लिए अमित शाह के खिलाफ एफआईआर क्यों नहीं होनी चाहिए? उन्होंने आगे कहा, मेरी पेशी को लेकर कई लोग सीआईडी से मिली जानकारी के आधार पर खबरें चला रहे हैं।

इस मामले में जानकारी लीक किए जाने के खिलाफ हम हाईकोर्ट जाएंगे। यह मामला अभी अदालत में विचाराधीन है और मैं खुद कोई जानकारी साझा नहीं कर रहा हूं। इस लड़ाई में हम एक इंच भी पीछे नहीं हटेंगे। आप हमें झुका नहीं सकते। हमें एजेंसियों से डर नहीं लगता। विधायकों और सांसदों को साथ लेकर टीएमसी को नहीं झुकाया जा सकता। आपने कहा था कि अन्नपूर्णा भंडार देंगे, लेकिन अब हालात अलग हैं।

### कहा, हम लोकसभा अध्यक्ष बिरला से करेंगे मुलाकात, अलग बैठने की व्यवस्था मांगेंगे

## सदन में खुद को 'असली टीएमसी' के रूप में मान्यता देने की मांग करेंगे: बसुनिया

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसद जगदीश बर्मा बसुनिया ने शुक्रवार को कहा कि वे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात करेंगे और सदन में खुद को 'असली टीएमसी' के रूप में मान्यता देने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि वे सदन में अलग बैठने की व्यवस्था भी चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ममता बनर्जी से किसी तरह का संपर्क नहीं हुआ है। सांसद बसुनिया ने कहा, हमने 'असली टीएमसी' समूह बनाया है। अधिकतर सांसद हमारे साथ हैं।

बसुनिया ने कहा कि वे अध्यक्ष से आग्रह करेंगे कि उन्हें असली टीएमसी माना जाए। उन्होंने कहा, हम कार्रवाई की मांग करेंगे, बाकी टीएमसी के साथ एक जैसी बैठने की व्यवस्था नहीं चाहिए। यह बैठक 15 जून को होनी है। जब उनसे पूछा गया कि क्या बागी टीएमसी सांसदों को पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी की ओर से कोई फोन आया है, तो जगदीश बर्मा बसुनिया ने कहा कि उन्हें कोई फोन नहीं आया है। उन्होंने कहा कि किसी तरह का कोई संपर्क नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे कोई फोन नहीं आया। मुझे नहीं पता कि किसी अन्य सांसद को फोन आया या नहीं। कोई संपर्क नहीं हुआ है।

**हम 'डबल इंजन सरकार' के साथ काम करना चाहते हैं: अरूप चक्रवर्ती**

एआईटीसी के बागी सांसद



अरूप चक्रवर्ती ने शुक्रवार को दावा किया कि करीब 20 सांसद उनके गुट का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका गुट टीएमसी को नए रूप में फिर से खड़ा करना चाहता है और राज्य तथा केंद्र के बीच 'डबल इंजन सरकार' के साथ काम करना चाहता है।

चक्रवर्ती ने कहा कि भाजपा का समर्थन उनके समूह के साथ रहेगा। बागी सांसदों का समर्थन भाजपा को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा, राज्य और केंद्र मिलकर 'डबल इंजन सरकार' के जरिये काम करेंगे। संसद में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग करने वाले सांसदों में शामिल चक्रवर्ती ने कहा, हमें 20 सांसदों का समर्थन हासिल है।

### ओडिशा सरकार का बड़ा फैसला



सीएम मोहन मांझी दो साल पूरे होने पर उपलब्धियों की जानकारी देते हुए

## केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई पूरी तरह 'मुफ्त'

### आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिलेगा सहारा

एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

ओडिशा सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसा फैसला लिया है, जो तमाम राज्यों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है।

ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने ऐलान किया है कि अब राज्य के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में किंडरगार्टन (केजी) से लेकर पोस्टग्रेजुएट (पीजी) स्तर तक की पढ़ाई बिल्कुल मुफ्त होगी। इस फैसले से राज्य के तमाम छात्रों को फायदा होगा और शिक्षा को लेकर जागरुकता भी आएगी। सबसे ज्यादा उन परिवारों को इसका लाभ मिलेगा, जिनके बच्चे पैसों की तंगी के चलते स्कूल या फिर कॉलेज नहीं जा पाते हैं।

**युवाओं का भविष्य मजबूत होगा**

सीएम ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को हर वर्ग तक पहुंचाना और आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ने की समस्या को कम करना है। फैसले से राज्य के सभी छात्रों को फायदा होगा, खासतौर पर उन लड़कियों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को, जो स्कूल नहीं जा पाते हैं। शिक्षा पर होने वाले खर्च को कम करके अधिक से अधिक छात्रों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। शिक्षा को पूरी तरह से मुफ्त बनाने और सभी के लिए आसान करने के लिए सरकार की तरफ से ये फैसला लिया गया है।

### केरलम में महिलाओं के लिए बस सफर मुफ्त

केरलम सरकार ने महिलाओं के लिए बस सफर मुफ्त करने का बड़ा फैसला लिया है। यह सुविधा 15 जून से पूरे राज्य में केएसआरटीसी की साधारण बसों में मिलेगी। परिवहन मंत्री सीपी जॉन ने बताया कि मुफ्त यात्रा के लिए महिलाओं को किसी विशेष कार्ड या सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं होगी। सीएम वीडी सतीशन 15 जून को सुबह 8:30 बजे थंपानूर बस स्टेशन पर इस योजना का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के समय बस को चलाने और संभालने का पूरा काम महिला कर्मचारी ही करेंगी। ग्रामीण इलाकों की 'ग्रामवंडी' सेवा में भी महिलाएं मुफ्त सफर कर सकेंगी।

### कूरियर कंपनी ने गुमा दिए थे दस्तावेज

## तेलंगाना में भैंस की मौत के 10 साल बाद मिला बीमा का पैसा

एजेंसी ⏭ हैदराबाद

तेलंगाना में एक किसान को एक दशक बाद बीमा कंपनी से भैंस की मौत के बाद बीमा की राशि मिली है। तेलंगाना राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने किसान को 80,000 भुगतान करने का आदेश दिया है। यह मामला वारंगल जिले के रामावरम गांव के रहने वाले किसान जे रजनी कुमार का है, उनकी भैंस, जिनका बीमा उन्होंने करवा रखा था, वह फरवरी 2016 में मर गई। बाद में पोस्टमार्टम में मौत का कारण गंभीर हेपेटाइटिस पता चला। उसके




डाक्यूमेंट कथित तौर पर कूरियर ट्रांसपोर्टेशन के दौरान खो गए थे। आयोग ने एक पूर्व आदेश के खिलाफ ओरिएंटल इश्योरेंस कंपनी द्वारा दायर अपील की सुनवाई की। आयोग ने कहा कि मामले में उचित प्रक्रिया का पालन किया गया और शिकायतकर्ता मुआवजे को प्राप्त करने का हकदार है।

### तीन संसदीय समितियों की बैठक

## वित्त, कॉरपोरेट कानून और ऊर्जा पर हुआ गहन 'मंथन'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, वित्त और ऊर्जा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए, शुक्रवार को नई दिल्ली में तीन महत्वपूर्ण संसदीय समिति की बैठकें हुईं। तीनों समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में नीतियों और विधायी सुधारों को आकार देने के उद्देश्य से विस्तृत चर्चाओं और विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। कॉर्पोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पर संयुक्त समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्य सुधीर



गुप्ता, संजय के झा और मगुंटा एस रेड्डी ने भाग लिया। ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति की बैठक के एजेंडे में विद्युत मंत्रालय और उत्तर पूर्वी विद्युत निगम लि. (एनईईपीको) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वित्त संबंधी समिति के सत्र में प्रतिभूति बाजार संहिता, 2025 विधेयक पर आंतरिक विचार-विमर्श किया गया।

## 200 कलाकारों ने बिखरे लोकसंस्कृति के रंग



**छाया उत्तराखंड का चोलिया नृत्य**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति और कला का अंतरराष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 का 12 जून को समापन हआ। 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित हुए उत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 कलाकार ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान और माल रोड पर हुए इस सांस्कृतिक महोत्सव में उत्तराखंड का चोलिया नृत्य पेश करते कलाकार।

### खाड़ी देशों में फंसे सीबीएसई छात्रों के लिए खुशखबर

## जिनके नतीजे रुके थे, ऐसे छात्रों के लिए विशेष नीति बना रहा केंद्र

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया के कई देशों में जारी तनाव और संघर्ष के कारण जिन छात्रों के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हो सके हैं, उनके लिए राहत की खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वह ऐसे छात्रों के लिए एक विशेष नीति बनाने पर विचार कर रही है। इससे उन विद्यार्थियों को फायदा मिल सकता है जिनकी परीक्षाएं प्रभावित हुईं।



**22 जून तक टली सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह केवल एक छात्र का मामला नहीं है, बल्कि ऐसे कई छात्र हैं जो समान परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अदालत को बताया कि सरकार इस मुद्दे पर व्यापक स्तर पर विचार कर रही है और जल्द ही कोई निर्णय सामने आ सकता है। इसके बाद न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 22 जून तक टाल दी।

**सऊदी अरब के छात्र ने लगाई थी याचिका**

यह मामला सऊदी अरब में रहने वाले छात्र प्रांशु जिगरकुमार पटेल की याचिका से जुड़ा है। छात्र का कहना है कि उसका परिणाम अब तक घोषित नहीं किया गया है और उसकी स्थिति 'आरएल (रिजल्ट लेटर)' दिखाई जा रही है। परिणाम न आने की वजह से वह उच्च शिक्षा के कई अवसरों से वंचित हो सकता है।

# 504 करोड़ के हरियाणा फंड घोटाले और 153 करोड़ के चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी घोटाले में दाखिल हुई चार्जशीट

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सीबीआई ने हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (सीएससीएल) से जुड़े करोड़ों रुपये के कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग चार्जशीट दाखिल किए हैं। एजेंसी ने कहा है कि मामलों की जांच जारी है और आने वाले समय में और भी चार्जशीट दाखिल की जा सकती हैं।

सीबीआई ने हरियाणा सरकार के धन के दुरुपयोग से जुड़े मामले में पंचकूला स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। इस मामले में दो निजी व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है, जिन्हें कथित अपराध से अर्जित धन का लाभार्थी बताया गया है। यह इस मामले में सीबीआई की दूसरी चार्जशीट है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकार के बताया कि इससे पहले इस मामले में 15 आरोपियों और संस्थाओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। इनमें तीन सरकारी कर्मचारी, छह बैंक अधिकारी, दो कंपनियां और चार निजी व्यक्ति शामिल हैं।

वहीं, चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (सीएससीएल) से जुड़े मामले में सीबीआई ने चंडीगढ़ की विशेष अदालत में पहली चार्जशीट दाखिल की है। इस मामले में कुल सात आरोपियों को नामजद किया गया है, जिनमें पांच बैंक अधिकारी, सीएससीएल का एक अधिकारी तथा एक निजी व्यक्ति शामिल है।सीबीआई के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, धोखाधड़ी तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

जांच एजेंसी ने बताया कि हरियाणा सरकार से जुड़े मामले की जांच उसे हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली थी। यह मामला हरियाणा सरकार के आठ विभागों से संबंधित है। इसके अलावा चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड और सीआरईएसटी चंडीगढ़ से जुड़े दो मामलों को चंडीगढ़ पुलिस के आर्थिक अपराध थाना से सीबीआई ने अपने हाथ में लिया था। सीबीआई के मुताबिक, हरियाणा सरकार से जुड़े मामले में कथित वित्तीय अनियमितताओं से लगभग 504 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है, जबकि चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश से जुड़े मामलों में करीब 153 करोड़ रुपये की हानि हुई है। दोनों मामलों में कुल कथित नुकसान 657 करोड़ रुपये से अधिक का है। एजेंसी ने कहा कि जांच अभी जारी है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे भी कई लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है।

सीबीआई का कहना है कि मामले से जुड़े सभी जिम्मेदार व्यक्तियों को कानून के दायरे में लाने के लिए निष्पक्ष, व्यापक और समयबद्ध जांच की जा रही है। इन मामलों को हाल के वर्षों के सबसे बड़े सरकारी वित्तीय अनियमितता मामलों में से एक माना जा रहा है, जिनमें सरकारी विभागों, बैंकिंग तंत्र और निजी व्यक्तियों की कथित मिलीभगत की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### विश्व बैंक का अनुमान भारत की जीडीपी 6.6 फीसदी रहेगी




**वाशिंगटन।** भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में कम होकर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पिछले साल यह 7.7 प्रतिशत थी। हालांकि, इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। विश्व बैंक ने बृहस्पतिवार को यह अनुमान लगाया।

### रुपया 77 पैसे की बढ़त के साथ 95.08 प्रति डॉलर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 77 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.08 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ जल्द समझौते के संकेत दिए जाने के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला है। अमेरिकी डॉलर में कमजोर रुख ने भी रुपये को समर्थन दिया।

### मई में बैंकों की ऋण वृद्धि 17.44 प्रतिशत रही




**मुंबई।** खुदरा और कॉरपोरेट दोनों तरह के ऋण की लगातार बनी मांग के कारण मई में बैंक ऋण में सालाना आधार पर 17.44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह लगातार नौवां महीना है जब ऋण की वृद्धि दहाई अंक में रही है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

# खाड़ी में शांति के संकेतों से भारतीय शेयर बाजार उछला, सेंसेक्स 1,695 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिका एवं ईरान में शांति कायम होने के संकेतों से वैश्विक बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतें गिरने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में जोरदार उछाल आया। सेंसेक्स 1,695 अंक से अधिक चढ़ गया जबकि निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज की गई। इस तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपए बढ़ गयी बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,695.40 अंक उछलकर 75,527.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,775.47 अंक चढ़कर 75,608.02 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 461.30 अंक बढ़कर 23,622.90 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 483.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,645.35 तक पहुंच गया था।

### ट्रंप की घोषणा से निवेशकों की धारणा हुई मजबूत

विश्लेषकों के मुताबिक, ईरान युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सकारात्मक बयान से शेयर बाजार में तेजी आई। ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध खत्म होने और दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर सहमति बनने की बात कही है। इससे वैश्विक स्तर पर तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ी और निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

### इन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), टाइटन, इटर्नल और एचडीएफसी बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, सेंसेक्स में शामिल टेक महिंद्रा और पावर ग्रिड ही नुकसान में रहने वाली कंपनियों में शामिल रहीं।

### कच्चा तेल 88 डॉलर के नीचे पहुंचा

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च ने अपनी टिप्पणी में कहा, 'वैश्विक धारणा में सुधार और आक्रामक लिवाली से भारतीय बाजारों में तगड़ा उछाल देखा गया। अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौता होने की उम्मीद पैदा होने और कच्चा तेल 88 डॉलर के नीचे आ जाने के साथ रुपये में मजबूती से भी निवेशक धारणा को बल मिला।'

### खास बातें

- कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आनी शुरू
- निफ्टी में करीब 461 अंक की तेजी दर्ज
- वैश्विकधारणा में सुधार से आक्रामक खरीदारी देखी गई




### निवेशकों की झोली में आए 9.66 लाख करोड़ रुपये

*शेयर बाजार में शुक्रवार को जोरदार तेजी रहने से निवेशकों की संपत्ति 9.66 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। इस तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 9,66,538.35 करोड़ रुपये बढ़कर 4,62,00,318.80 करोड़ रुपए (4.84 लाख करोड़ डॉलर) पर पहुंच गया।*

### साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1.73 प्रतिशत की तेजी

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर आए इस उछाल से बीएसई सेंसेक्स में साप्ताहिक आधार पर 1,284.61 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 256.2 अंक यानी एक प्रतिशत की बढ़त में रहा।

### एशियाई और अमेरिकी बाजार में रही मजबूती

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 4.63 प्रतिशत और जापान का निक्की सूचकांक 2.81 प्रतिशत चढ़ा। चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक भी बढ़त में रहे। यूरोपीय बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को मजबूती के साथ बंद हुए थे।

## तीन कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन्स, बॉम्बे कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स लिमिटेड और स्वराज ग्रीन पावर एंड फ्यूल लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। सेबी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बॉम्बे कोटेड एंड स्पेशल स्टील्स ने जनवरी 2026 में, बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन्स ने फरवरी में और स्वराज ग्रीन पावर एंड फ्यूल लिमिटेड ने मार्च में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन तीनों कंपनियों को 11–12 जून 2026 के दौरान सेबी से आईपीओ लाने की मंजूरी मिली। बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशन्स इटली स्थित बोनफिग्लियोली ग्रुप की भारतीय इकाई है। इसका प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह ब्रिकी पेशकश पर आधारित है जिसमें प्रवर्तक 4.7 करोड़ शेयर बेचेंगे। सूत्रों के अनुसार इस निर्गम का आकार 2,000 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल इंजीनियर – IV, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | DEN/IV/DLI के अधिकार क्षेत्र में दिल्ली–बठिंडा खंड पर ठेकेदार की SQRS मशीन द्वारा 59.600 टीकेएम TSR (P) कार्य। (निविदा आमंत्रण सूचना – 19–26–27–डब्ल्यू–IV) |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 8,07,50,113.05/- |
| 3. | धरोहर राशि | Rs. 16,15,000.00/- |
| 4. | ई–निविदा भरने का दिनांक और समय & ई–निविदा खुलने का दिनांक और समय | ई–निविदा भरने का समय शुरू दिनांक 23.06.2026 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय & ई– निविदा खुलने का दिनांक 07.07.2026 को 15:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

पत्र संख्या 128–W/260/निविदा सूचना/19-26-27/डब्लू–IV दिनांक :– 12.06.2026 2023/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की पुत्रः** शिवाजी प्रसाद, **निवासः** NIT स्कूल के नज़दीक, सेक्टर-9A, बसई, गुरूग्राम, हरियाणा ने **FIR No. 238/2023 U/s 25/29 Arms Act., थानाः द्वारका नोर्थ, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विक्की** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 238/2023 U/s 25/29 Arms Act., थानाः द्वारका नोर्थ, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राहुल कटारे
DP/7901/DW/2026 जेएमएफसी-06 (दक्षिण पश्चिम), कमरा नं. 514
(Court Notice) द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 11.06.2026

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (excluding GST) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 21/CE/NH/TC/44-13/2026 (1st Call) | 2026_MoRTH_912566_1 | Construction of Retaining wall and pitching work in km 21+200 to 21+700 and Km 50+700 to 50+900 = 700 m. of NH 63 in Chhattisgarh State under Road safety Annual Plan 2026-27. | Rs. 193.68 Lakhs |

निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 27.07.2026 समय शाम 17:30 बजे तक है।

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure / app से डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य अभियंता,
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)
G-262701417/6

# स्पेसएक्स के आईपीओ से मस्क की संपत्ति 970 अरब डॉलर के पार पहुंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एलन मस्क की अंतरिक्ष और सैटेलाइट कंपनी स्पेस एक्स्प्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉर्प (स्पेसएक्स) ने अपने अब तक के सबसे बड़े आईपीओ के साथ इतिहास रच दिया है, जिससे यह सबसे बड़ी सार्वजनिक कंपनियों के टॉप लिस्ट में पहुंच गई है, और इसी के साथ कई रिपोर्टों के अनुसार, इसके संस्थापक एलन मस्क की कुल संपत्ति बढ़कर 970 अरब डॉलर से ज्यादा हो गई है, जिससे वह दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर (1 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति वाले व्यक्ति) बनने के और करीब आ गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्पेस एक्स ने अपने शेयरों की कीमत 135 डॉलर प्रति शेयर तय की है। इस आईपीओ के जरिए कंपनी ने लगभग 75 अरब डॉलर जुटाए हैं, जिसे इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ बताया जा रहा है, जिसके बाद कंपनी का कुल मूल्यांकन करीब 1.77 ट्रिलियन डॉलर हो गया है।

### दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर बनने के करीब पहुंचे एलन



आईपीओ की कीमत तय होने के बाद एलन मस्क की संपत्ति में लगभग 275 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होने का अनुमान है, जिससे उनकी कुल संपति 971 अरब डॉलर तक पहुंच गई है (ब्लूमबर्ग बिलियनर्स इंडेक्स के अनुसार)। आईपीओ मूल्यांकन के आधार पर स्पेस एक्स में एलन मस्क की हिस्सेदारी और शेयर विकल्पों का मूल्य लगभग 688 अरब डॉलर आंका गया है। नियामकीय दस्तावेजों के अनुसार, 1 मई तक मस्क के पास 84.94 करोड़ क्लास-ए शेयर और 557 करोड़ क्लास-बी शेयर थे। दोनों श्रेणियों को मिलाकर उनके पास कुल लगभग 642 करोड़ शेयर हैं। आईपीओ पूरा होने से पहले स्पेसएक्स की दोहरी शेयर संरचना के कारण एलन मस्क कंपनी की लगभग 85 प्रतिशत वोटिंग पावर को नियंत्रित करते हैं।

## सोना 3,000 रुपये मजबूत और चांदी में 10,000 रुपये की तेजी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वहीं चांदी 10,000 रुपये बढ़कर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अमेरिका-ईरान तनाव में कूटनीतिक समाधान के संकेतों से इन कीमती धातुओं में दिलचस्पी फिर से बढ़ गई है। स्थानीय बाजार के जानकारों के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार के 1,53,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,56,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। चांदी की कीमत में भी जोरदार उछाल आया और यह 10,000 रुपये बढ़कर 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी 2,45,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''शुक्रवार को सोने की कीमत में जोरदार उछाल आया। अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीदों ने कीमती धातुओं के बाजार धारणा को बेहतर बनाया।

## देश का खाद्य तेल आयात मई में 6.7 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का खाद्य तेल आयात मई में 6.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 13.39 लाख टन रहा। कच्चे सोयाबीन तेल की अधिक मांग इसकी मुख्य वजह रही। उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, वनस्पति तेल का आयात मई में बढ़कर 13,38,936 टन हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 12,54,883 टन था। वनस्पति तेल में खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों तेल शामिल हैं। यह वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे सोयाबीन तेल के आयात में बढ़ोतरी के कारण हुई, जो इस अवधि में 3,98,585 टन से बढ़कर 4,93,854 टन हो गया। गैर-खाद्य तेलों का आयात भी दोगुने से अधिक होकर पिछले महीने 26,202 टन हो गया, जो मई 2025 में 12,040 टन था। इससे मई 2026 में भारत का कुल वनस्पति तेल आयात (खाद्य और गैर-खाद्य) 8 प्रतिशत बढ़कर 13.65 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 12.67 लाख टन था।


## मीशो 202 करोड़ रुपये में किराना क्लब का करेगी अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो व्यापारियों के बीच कारोबार (बी2बी) से जुड़े मंच 'किराना क्लब' का लगभग 202 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मीशो ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने सिंगापुर में पंजीकृत किराना क्लब प्राइवेट लिमिटेड और उसकी भारतीय अनुषंगी कंपनी 'रिटेल पल्स लैब्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीएलपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के अनुसार, यह अधिग्रहण 31 मार्च, 2027 तक या उससे पहले तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि मीशो लिमिटेड के निदेशक मंडल ने सिंगापुर के कानूनों के तहत स्थापित 'किराना क्लब प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी की 100 प्रतिशत शेयर पूंजी और भारत के कानूनों के तहत बनी 'किराना क्लब' की मौजूदा अनुषंगी कंपनी 'रिटेल पल्स लैब्स प्राइवेट लिमिटेड' की 0.41 प्रतिशत शेयर पूंजी के अधिग्रहण को मंजूरी दी है।

## राशिफल


**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।


**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।


**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।


**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।


**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।


**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।


**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।


**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।


**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।


**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।


**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## 31 जुलाई का न करें इंतजार, समय से पहले आयकर रिटर्न भरने के फायदे, आर्थिक लेन-लेन को बेहतर बना सकते हैं

- आर्थिक जीवन के सबसे जरूरी इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों में से एक हो सकता है

**नई दिल्ली।** कई करदाता आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने को महज एक वार्षिक कार्य मानते हैं। समय से आईटीआर फाइल करना यह भी बड़ी जिम्मेदारी होती है। लेकिन समय पर रिटर्न दाखिल करने से आपको कर से जुड़ी औपचारिकता पूरी करने के अलावा और भी कई फायदा मिल सकते हैं। रिफंड जल्दी हासिल करने से लेकर भविष्य के आर्थिक लेन-देन को बेहतर बनाने तक, आईटीआर आपके आर्थिक जीवन के सबसे जरूरी इस्तेमाल होने वाले दस्तावेजों में से एक हो सकता है। बहरहाल 31 जुलाई की समय सीमा नजदीक आ रही है। शेयर बाजार में निवेश या व्यावसायिक गतिविधियों से नुकसान उठाने वाले करदाता उस नुकसान को आगे ले जा सकते हैं और भविष्य की आय के मुकाबले संतुलित कर सकते हैं। हालांकि, यह फायदा आमतौर पर तभी मिलता है जब आयकर रिटर्न तय समय सीमा के भीतर दाखिल किया जाता है। इसी को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर और सही आयकर रिटर्न दाखिल करने से कर अधिकारियों से नोटिस या जांच की संभावना भी कम हो जाती है। समय सीमा से पहले रिटर्न दाखिल करने से न केवल अंतिम समय के तनाव से बचा जा सकता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित होता है कि आप खास तौर पर आर्थिक फायदा बिना किसी देरी के प्राप्त कर सकें। सबसे पहले और जरूरी यह कि आयकर विवरण (आईटीआर) आय और आर्थिक स्थिरता के सबूत के रूप में काम करता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र–1**

विषयः– पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (MSDAC) का उपयोग करके ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के कार्य का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें सतत ट्रैक सर्किटिंग और आसपास के स्टेशनों पर संबंधित सहायक कार्य शामिल हैं, साथ ही Aunrihar Jn (ARJ) & Varanasi City (BCY) और Banaras (BNRS) & Prayagraj Rambag (PRRB) सेक्शनों में 4x48 OFC कार्य और Sarnath (SRNT), Kadipur (KDQ) और Rajwari (RJI) स्टेशनों पर EI (इनडोर) कार्य। संदर्भः निविदा संख्या NER_SnT_Proj_BSB_02_2026, दिनांक 22.05.2026 16:44 बजे।

विषयांकित निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धिपत्र 1 जारी किया जाता है।

उपरोक्त निविदा के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि 02.07.2026 से 21.07.2026 12:00 बजे तक बढ़ा दी गई है

निविदा 21.07.2026 को 12:30 बजे खुलेगी।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी

उपमुसिदूइं/प्रोजेक्ट
मुजाधि/सिगनल–54 वाराणसी


गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | उचाना निर्वाचन क्षेत्र, जिला जीन्द में रोड आईडी–10501, 6852 वाले 2 अदद सम्पर्क रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (सी.एम. घोषणा कोड–29494, 29496 दिनांक 18.02.2026) + 1 कार्य। | 10.06.2026 22.06.2026 | 5,54,55,597/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejnd38.hsamb@gmail.com |
| 2 | एचएसएएमबी जीन्द | एनजीएम जुलाना में फेज–III के बकाया भाग का विकास। | 11.06.2026 25.06.2026 | 6,95,81,686/- | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejnd38.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/60/46195/I/88/7 दि. 12.06.26

## शब्द पहेली - 6255




**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

### शब्द पहेली - 6254 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ज | हा | ल | त | ■ | ■ | नि | ड | र | ■ |
| क | प | ■ | क्ष्य | ■ | आ | स | रा | ■ | मा | मा |
| ल | ■ | ■ | ही | र | क | ■ | ला | ■ | ■ | हि |
| प | रा | धी | न | ता | ■ | द | ■ | अ | सु | र |
| ना | ■ | र | ■ | लू | ट | मा | र | ■ | रै | ■ |
| ■ | सा | ज | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | सा | या | ■ |
| ■ | व | ■ | फि | त | र | त | ■ | ह | ■ | मा |
| का | न | न | ■ | ल | ■ | न | क | ब | ज | न |
| फि | ■ | ■ | व | ■ | शा | य | र | ■ | ■ | हा |
| र | वा | ■ | च | म | न | ■ | त | ■ | श | नि |
| ■ | द | म | न | ■ | ■ | रो | ब | दा | र | ■ |





# बीओम ने दागा शानदार गोल, दक्षिण कोरिया ने चेक गणराज्य को हराया

एजेंसी ▶▶| गुआडालाजारा

ह्वांग इन-बीओम ने एक गोल किया और एक अन्य गोल में मदद की, जिससे दक्षिण कोरिया ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विश्व कप फुटबॉल के दूसरे मैच में चेक गणराज्य को 2-1 से हरा दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और मैदान से बाहर जाते समय दर्शकों ने उनकी हूटिंग की। इसके बाद चेक गणराज्य ने 59वें मिनट में कप्तान लादिस्लाव क्रेजी के हेडर से किए गए शानदार गोल से बढ़त हासिल कर ली। यह गोल पेनल्टी एरिया में एक लंबी थ्रो-इन के बाद हुआ।

दक्षिण कोरिया ने 67वें मिनट में बराबरी कर ली, जब ह्वांग ने दो खिलाड़ियों को चकमा देने के लिए शॉट मारने का नाटक किया और गोल दाग दिया। इसके बाद उन्होंने दाहिनी ओर से क्रॉस पास दिया, जिस पर ओह ह्योन-ग्यू ने 80वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। यह मैच ग्वाडालाजारा स्टेडियम में खेला गया जहां सैकड़ों सीट खाली पड़ी थी। मैच खत्म होने के बाद दक्षिण कोरियाई टीम ने गोलपोस्ट के पीछे खड़े होकर अपने प्रशंसकों के साथ जश्न मनाया।



# विश्व कप से बाहर हुए एंडो ने की संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▶▶| टोकियो

जापान के कप्तान वतारू एंडो पांव में चोट के कारण विश्व कप से बाहर हो गए हैं, जिसके बाद लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले इस मिडफील्डर ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी। जापान को विश्व कप के ग्रुप एफ में अपना पहला मैच नीदरलैंड के खिलाफ खेलना है लेकिन इससे पहले 33 वर्षीय एंडो ने अपने एक्स अकाउंट पर जापानी भाषा में टूर्नामेंट से हटने का अपना फैसला सुनाया। जापान की टीम टेनेसी के नैशविले में अभ्यास कर रही है। फरवरी में अपने बाएं पैर की सर्जरी कराने वाले एंडो ने कहा, 'चोट लगने के बाद से अब तक मैंने अपनी तरफ से हर संभव कोशिश की है और मुझे कोई पछतावा नहीं है। मैं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से भी संन्यास ले रहा हूं।'' एंडो ने 31 मई को तोक्यो में आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में वापसी की थी लेकिन वह हाफटाइम के बाद मैदान पर वापस नहीं लौटे थे। जापान की टीम के निदेशक मसाकुनी यामामोटो ने बताया कि डिफेंडर को इटाकुरा को नया कप्तान बनाया गया है, जबकि फॉरवर्ड शुटो माचिनो को एंडो की जगह टीम में शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप



### द. अफ्रीका क्रिकेट के लिए बेकरार : स्टेन

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने एसए20 लीग की सफलता में आईपीएल और दक्षिण अफ्रीका की इस टी20 लीग के बीच तालमेल को बड़ा पहलू बताते हुए कहा कि एसए20 ने उनके देश में दर्शकों को फिर स्टेडियम में लौटाया है। पहले चार सत्रों में एसए 20 काफी कामयाब रही है और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को पांचवें सत्र में भी यह सिलसिला जारी रहने की उम्मीद है। स्टेन ने एसए 20 के पांचवें सत्र से कहा,' दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट के लिए बेकरार है। कोरोना काल में दक्षिण अफ्रीका भी खेल से दूर हो गया था। स्थानीय खेलों पर उसकी बड़ी गाज गिरी। एसए 20 कमिश्नर ग्रीम स्मिथ और लीग ने क्रिकेट को देश में लौटाया है।' स्ट्रेन ने कहा,' लोग क्रिकेट देखने को उतावले थे और हमने दर्शकों को वह दिया। उन्होंने इसे हाथोंहाथ लिया और एसए20 ने भी निराश नहीं किया। लोग बड़ी तादाद में अपनी टीमों का समर्थन करने स्टेडियम आ रहे हैं।'

### बेंगलुरु में 3 सितंबर से ग्लोबल शतरंज लीग




**नई दिल्ली।** ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) का चौथा सत्र 3 सितंबर से बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। लीग आयोजकों ने इसकी घोषणा की। टेक महिंद्रा और शतरंज की वैश्विक संचालक फिडे की संयुक्त पहल के रूप में शुरू हुई ग्लोबल शतरंज लीग ने शतरंज के पारंपरिक प्रारुप में कई नए बदलाव किए हैं। इसमें फ्रेंचाइजी आधारित टीमें, मिश्रित (पुरुष और महिला) टीम संयोजन तथा तेज गति वाले मुकाबलों का प्रारुप शामिल है। चौथे सत्र में भी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी टीम आधारित प्रारुप में खिताब के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे। ग्लोबल शतरंज लीग के आयुक्त गौरव रक्षित ने कहा, ग्लोबल शतरंज लीग की स्थापना शतरंज को वास्तव में एक वैश्विक दर्शक खेल बनाने के उद्देश्य से की गई थी।

### स्कॉटलैंड विश्वकप टीम में शामिल हुईं हन्ना रेनी



**नई दिल्ली।** स्कॉटलैंड को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की शुरुआत से ठीक पहले अपनी टीम में बदलाव करना पड़ा है। चोटिल लेग-स्पिनर अबताहा मकसूद की जगह स्कॉटलैंड ने हन्ना रेनी को टीम में शामिल किया है। इस बदलाव को आईसीसी की आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। टूर्नामेंट की इवेंट तकनीकी समिति ने रेनी को शामिल करने की मंजूरी दी। मकसूद को 9 जून को पाकिस्तान के खिलाफ स्कॉटलैंड के वार्म-अप मैच के दौरान मेटाकार्पल फ्रैक्चर हो गया था, जिसके कारण वह बाहर हो गई थीं।

## दोपहर 1.30 बजे से धर्मशाला में गिल और शाहिदी की टीमों में मुकाबला

# अफगानिस्तान के खिलाफ आज से टीम इंडिया का 'मिशन वर्ल्ड कप'

# रोहित की फिटनेस-नीतीश के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से अगले साल होने वाले विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी। इस श्रृंखला में जहां रोहित शर्मा की मैच फिटनेस की परीक्षा होगी, वहीं चोटिल हार्दिक पंड्या के बैकअप के रूप में नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी कड़ी नजर रहेगी।

आईपीएल के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण कुछ मैच नहीं खेल पाने वाले रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के लिए समय रहते पूरी तरह से फिट हो गए हैं, लेकिन भारतीय टीम और दर्शकों को विराट कोहली की कमी खलेगी, जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। भारत अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप की तैयारी कर रहा है। ऐसे में इस बात पर संदेह बना हुआ है कि क्या 39 वर्षीय रोहित वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहेंगे या नहीं। भले ही उम्र उनके पक्ष में नहीं हो लेकिन वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में सक्षम रहे हैं।



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, प्रसिद्ध कृष्णा, श्रेयस अय्यर, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, वॉशिंगटन सुंदर, हर्ष दुबे, इशान किशन, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), सेदिकुल्लाह अटल, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलिखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, बिलाल सामी, नांगेयालिया खरोती, फरीद अहमद मलिक, एएम गजनफर, मोहम्मद नबी, राशिद खान, दरविश रसूली, इब्राहिम जादरान, जिया उर रहमान शरीफी।

### विश्व कप से पहले भारत खेलेगा 25 वनडे

विश्व कप से पहले भारत को लगभग 25 वनडे मैच खेलने हैं, जिससे टीम को खिलाड़ियों और अलग-अलग संयोजन आजमाने का पर्याप्त मौका मिलेगा। शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने तीन वनडे श्रृंखला खेली हैं, जिनमें से दो में उसे हार का सामना करना पड़ा था। मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ मिलकर वह इस रिकॉर्ड में सुधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे। गिल और रोहित के पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है, जबकि कोहली की अनुपस्थिति में तीसरे नंबर पर ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल में से किसी एक को उतारा जा सकता है।

### अच्छी फॉर्म में नहीं कुलदीप

टीम में दूसरे ऑलराउंडर ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर हैं। स्पिन गेंदबाजी में कुलदीप यादव दूसरे विकल्प हो सकते हैं लेकिन वह अभी अच्छी फॉर्म में नहीं हैं। कुलदीप ने हालांकि 120 वनडे में 194 विकेट लिए हैं और उनका अनुभव काफी मायने रखता है। अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने वाले बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे टीम में स्पिन गेंदबाजी का एक और विकल्प हैं। दुबे अच्छे बल्लेबाज भी हैं। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालेंगे, जबकि प्रिंस यादव या गुरनूर बराड़ तीसरे तेज गेंदबाज के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।

## क्रिकेट

# केन विलियमसन ने किया हैरान अचानक क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

अपने दौर के सबसे उम्दा बल्लेबाजों में से एक न्यूजीलैंड क्रिकेट के सबसे सफल दौर के नायक और अपने गरिमामय आचरण से विरोधी टीम को भी मुरीद बना लेने वाले केन विलियमसन ने 15 बरस से अधिक के सुनहरे कैरियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने की घोषणा की।

इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट में तीनों प्रारुपों में एक युग का अंत हो गया। अपने शानदार कैरियर में विलियमसन ने देश के लिए 378 मैच खेले, अनगिनत बल्लेबाजी रिकॉर्ड बनाए और पूरी दुनिया में सम्मान पाया। विलियमसन ने 2025 में ही टी20 प्रारुप से संन्यास ले लिया था।



### विलियमसन ने कई प्रारुपों में बनाए 19346 रन

35 वर्ष के विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिए विभिन्न प्रारुपों में 19346 रन बनाए हैं, जिनमें टेस्ट क्रिकेट में 33 शतक और छह दोहरे शतक समेत 9500 से अधिक रन हैं। उनकी कप्तानी में न्यूजीलैंड दो बार आइसीसी विश्व कप फाइनल, तीन सेमीफाइनल में पहुंचा और 2021 में पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती।

### संन्यास का सही समय : विलियमसन

*विलियमसन ने कहा,' मैंने इस पर काफी सोचा और पिछले कुछ दिन से लग रहा था कि यह सही समय है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए मेरे भीतर हमेशा मजबूत इच्छाशक्ति और ललक रही है और मुझे इस बात में गर्व है कि न्यूजीलैंड के लिए हर मैच में मैंने अपना सब कुछ दिया है।' उन्होंने कहा,' इससे कम पर खेलते रहना सही नहीं होगा और मैं खुशकिस्मत हूं कि अपने हिसाब से मैंने यह फैसला लिया है।' विलियमसन ने कहा,' मैं पिछले कुछ दिन से इसके बारे में सोच रहा था और लगा कि यह सही समय है इसका दूसरा पहलू यह है कि मैं एक प्रतिभाशाली समूह देख रहा हूं, जिनके आगे एक सफर है, जो इस न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के साथ कुछ खास चीजें कर सकते हैं। वही टीम, जिसका मैं इतने लंबे समय तक हिस्सा बनकर बहुत खुशकिस्मत रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड टीम के लिए मेरे मन में काफी सम्मान है और इस खेल के लिए भी।*

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन

# सिंधू ने सू यू को मात्र 27 मिनट में हराया, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| सिडनी



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू यू को मात्र 27 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में सीधे गेमों में 21-6, 21-9 से पराजित किया। सिंधू ने शुरुआत से ही मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और आसानी से अंतिम चार में जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में सिंधू का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से होगा। यामागुची ने भारतीय किशोरी तन्वी शर्मा के शानदार अभियान का अंत करते हुए उन्हें 21-14, 21-14 से हराया। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला।

### सिंधू के लिए सेमीफाइनल काफी महत्वपूर्ण

सिंधू और यामागुची के बीच अब तक हुए मुकाबलों के आंकड़ों में भारतीय स्टार का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए 28 मुकाबलों में सिंधू ने 15 जबकि यामागुची ने 13 जीत दर्ज की हैं। सिंधू के लिए यह सेमीफाइनल काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि मौजूदा सत्र में उनका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को समाप्त करने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने की कोशिश कर रही हैं। सिंधू को दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीतने के बाद से अपने अगले खिताब का इंतजार है। पुरुष युगल में भारत के हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के चेन चेंग कुआन और लियू कुआंग हेंग से 19-21, 9-16 से पिछड़ने के बाद बाहर हा गए।

# वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया, पॉवेल ने लगाया शानदार सिक्स



एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन

रोवमैन पॉवेल ने अंतिम ओवर में छक्का लगाया, जिससे वेस्टइंडीज ने तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में श्रीलंका को 7 विकेट से हराया।

श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 147 रन बनाए। उसकी तरफ से कामिंदु मेंडिस ने 51 रन तथा कप्तान और सलामी बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने 36 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से जेसन होल्डर और शमर जोसेफ ने तीन-तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने 3 विकेट पर 149 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसकी तरफ से कप्तान और सलामी बल्लेबाज शाई होप ने नाबाद 65 रन बनाए। इसके बाद पॉवेल ने नाबाद 10 रन बनाकर टीम को चार गेंद पहले ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने 37 रन का योगदान दिया। टी20 श्रृंखला के आखिरी दो मैच शनिवार और रविवार को किंग्स्टन के सबीना पार्क में ही खेले जाएंगे।

# डब्ल्यूएफआई की कार्रवाई, 500 से अधिक पहलवान अयोग्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उम्र में धोखाधड़ी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंडर-17 राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता से 500 से अधिक पहलवानों को अयोग्य घोषित कर दिया है। आधार आधारित सख्त सत्यापन प्रणाली लागू होने के बाद खिलाड़ियों के दस्तावेजों में बड़े पैमाने पर विसंगतियां सामने आईं। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में 6 से 8 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्गों में करीब 1,200 पहलवानों ने पंजीकरण कराया था। आयु सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र के साथ-साथ खिलाड़ियों से मोबाइल नंबर से जुड़े आधार कार्ड प्रस्तुत करने और आधार ऐप के जरिए ओटीपी प्रमाणीकरण कराने को कहा गया। आधार ऐप में दस्तावेजों में किए गए सभी बदलावों का रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है, जिससे जांच और अधिक प्रभावी हो सकी।

### आधार और जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी में विसंगति

जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें आधार और जन्म प्रमाण पत्र की जानकारी मेल नहीं खा रही थी। कई जन्म प्रमाण पत्र खिलाड़ियों के जन्म के वर्षों बाद जारी किए गए थे, जिससे संदेह और गहरा गया। एक मामले में एक पहलवान ने जन्म प्रमाण पत्र में अपनी जन्म तिथि वर्ष 2007 और जन्म स्थान दिल्ली के नरेला क्षेत्र का बताया था, जबकि उसके आधार रिकॉर्ड में जन्म वर्ष 2004 और जन्म स्थान हरियाणा दर्ज था। इस विसंगति के बाद डब्ल्यूएफआई ने संबंधित अस्पताल से भी स्पष्टीकरण मांगा।

## मैदान के बाहर बेबाक अंदाज और युवा खिलाड़ियों को पहचानने में माहिर कोच

# सिर्फ चैंपियन नहीं, भारतीय शूटिंग में क्रांति का चेहरा थे राणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निशानेबाजी में विलक्षण प्रतिभा, मैदान के बाहर बेबाक अंदाज और युवा खिलाड़ियों को पहचानने में माहिर कोच, जसपाल राणा शायद पहले ऐसे निशानेबाज थे, जिन्होंने इस खेल में भारत के मजबूत होने से पहले ही भारतीयों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था।

राणा ने 49 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्हें दिल से जुड़ी समस्याएं हो गई थीं, जो म्यूनिख से दिल्ली लौटते समय उनकी उड़ान के दौरान सामने आईं। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में जन्मे राणा सिर्फ एक चैंपियन निशानेबाज ही नहीं थे। वह एक खेल क्रांति का चेहरा थे। भारत के विश्व में निशानेबाजी में एक ताकत के रूप में उभरने से काफी पहले किशोर राणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शानदार प्रदर्शन से एक पीढ़ी को प्रेरित किया और उस खेल के पहले स्टार खिलाड़ियों में से एक बन गए, जो उस समय भारत में क्रिकेट के दीवाने लोगों के लिए काफी हद तक अनजान था। उनका उदय भारतीय निशानेबाजी के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।



### निशानेबाजी के थे नायक

वह तस्वीर भारतीय खेल जगत की स्मृतियों में हमेशा के लिए बनी रहेगी जब विक्टोरिया में 1994 के राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद किशोर राणा को उनके पिता ने कंधों पर उठा दिया था। जिस निशानेबाजी खेल से भारत लगभग अपरिचित था, उस खेल में उन्हें एक नायक मिल गया था। उनका यह प्रदर्शन एक ऐसे खिलाड़ी का उदय था, जो एक चैंपियन और एक कोच दोनों के रूप में भारतीय निशानेबाजी के भाग्य को नई दिशा देने वाला था। उस सफलता ने राणा परिवार की किस्मत बदल दी, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने भारत के लिए पदक दिलाने वाले खेल के रूप में निशानेबाजी की क्षमता को उजागर किया।

### 12 साल की उम्र में जीता था स्वर्ण पदक

महज 12 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा का करियर लगभग दो दशकों तक चला, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में कई पदक जीते। वह ओलंपियन भी थे। उन्होंने 1996 के अटलांटा ओलंपिक खेलों में भाग लिया था लेकिन पदक नहीं जीत पाए थे। राजवर्धन सिंह राठौड़ (2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक) और अभिनव बिंद्रा (2008 बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक) ने बाद में ओलंपिक में पदक जीते लेकिन इसकी नींव एक तरह से राणा ने रखी थी। दोहा में 2006 के एशियाई खेलों में उन्होंने तेज बुखार और मतली आने के बावजूद तीन स्वर्ण पदक जीते।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे समारोह की अध्यक्षता, वायुसेनाप्रमुख भरेंगे किरण विमान में उड़ान

# हरियाणा की तन्नु समेत 231 फ्लाइट कैडेट आज वायुसेना की डिंडीगुल अकादमी से होंगे उत्तीर्ण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना की हैदराबाद स्थित डिंडीगुल अकादमी में शनिवार (13 जून) को आयोजित किया जाने वाला कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड (सीजीपी) समारोह बेहद खास होने वाला है। क्योंकि इसमें एक ओर हरियाणा के हिसार की रहने वाली तन्नु सहित कुल 231 युवा कैडेट अपनी स्नातक की डिग्री के साथ उत्तीर्ण होकर निकलेंगे।

जबकि दूसरी ओर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) खडकवासला से पिछले साल 2025 में पहले बैच से पास होकर निकली 5 लड़कियों को भी आधिकारिक रूप से वायुसेना में कमीशन किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इन पांच में से 2 लड़कियों को वायुसेना की फ्लाइंग ब्रांच और बाकी बची हुई 3 को लॉजिस्टिक और इंजीनियरिंग ब्रांच में कमीशन किया जाएगा। समारोह वायुसेना के फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के 217 वें कोर्स के फ्लाइट कैडेट से जुड़ा हुआ है। जिसमें अकादमी से पास होकर निकलने वाले 231 कैडेटों में 194 पुरुष और 37 महिलाएं शामिल होंगी।

यह समारोह एक प्रकार से युवा कैडेटों के लिए वायुसेना में आधिकारिक रूप से कमीशन होने से पहले की प्रक्रिया यानी प्री-कमिशनिंग से संबंधित है। क्योंकि इसके बाद ही उनकी बल की तमाम शाखाओं में कमीशन होने की औपचारिक कवायद शुरू होगी। वायुसेना ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।


फाइल फोटो

**पहले भी किरण उड़ा चुके वायुसेनाप्रमुख:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह परेड समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह वायुसेना में युवा पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले किरण विमान में उड़ान भरेंगे। यह हालांकि पहला मौका नहीं होगा।

जब वायुसेनाध्यक्ष की किरण में यह शानदार उड़ान होगी। इससे पहले वह पिछले साल 2025 में भी बल के इस विमान में एक सफल उड़ान भर चुके हैं। साथ ही उन्होंने वायुसेना के कई जंगी लड़ाकू विमानों में भी उड़ान भरी है। समारोह में बल के विमानों का आकर्षक फ्लाईपास्ट भी देखने को मिलेगा।


**अन्य सैन्य बलों की रहेगी भूमिका:** समारोह में भारतीय नौसेना के 9 अधिकारी, तटरक्षकबल के 3 अधिकारी और वियतनाम के 2 प्रशिक्षुओं को भी अपना हवाई प्रशिक्षण पूरा करने पर डिग्री से नवाजा जाएगा। जबकि 3 अधिकारियों को नेविगेशन ट्रेनिंग पूरा करने के लिए ब्रेवेट प्रदान की जाएगी। यह एक प्रकार की सैन्य रैंक है। जिसे किसी सैन्य अधिकारी को बिना अतिरिक्त वेतन के उच्च-पद या उपाधि के जरिए प्रदान किया जाता है।

### हिसार के गांव की तन्नु का सफर

*फ्लाइंग अधिकारी तन्नु हरियाणा के हिसार जिले के एक किसान परिवार में जन्मी हैं। जहां बच्चों के सपने खेत के मैदानों से बड़े नहीं होते या शायद उनसे कभी पार नहीं जाते हैं। ऐसे में उनकी दुनिया भी साधारण रही और एक्पोजर भी सीमित रहा। लेकिन वायुसेना अकादमी तक पहुंचने के पीछे तन्नु की माताजी श्रीमती मीनू का बेहद अहम योगदान रहा है। जो यह जानती थी कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा रास्ता है। जो उनकी बेटी के लिए एक अलग भविष्य के द्वार खोल सकता है। फिर क्या था उन्होंने अपनी बेटी को पास के एक शहर में भेजा? जहां उसे एक अलग वातावरण मिला। फिर दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज से स्नातक की डिग्री ली। लेकिन तब तक सशस्त्र सेनाओं में शामिल होने का जुनून तन्नु के दिमाग में घर कर गया था। 2024 में वायुसेना की प्रशासनिक शाखा में मेरिट हासिल की। जिसके बाद वह अपने परिवार की पहली सदस्य बनीं। जो वायुसेना में शामिल हुई। अपनी मेहनत के बूते 2026 में स्प्रिंग टर्म में महिला कैडेट कैप्टन बनी और अब 13 जून को उनका वायुसेना में अधिकारी बनने का सपना साकार होगा।*

## खबर संक्षेप

### नेपाल में बस दुर्घटना, 8 की मौत, 16 घायल



**काठमांडू।** नेपाल के कावेरपलानचौक जिले में शुक्रवार को एक यात्री बस के गहरी खाई में गिर जाने से आठ लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रोशी ग्रामीण नगरपालिका के सुंगुरे जा रही थी। काठमांडू से लगभग 60 किलोमीटर पूर्व बनेपा-बरदीबास राजमार्ग पर बुच्चाकोट के निकट सेल्फी हिलॉक में यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि बस में 24 यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक, बस पहाड़ी सड़क से करीब 200 मीटर नीचे खाई में जा गिरी।

### भारत ने अपने नागरिकों को सावधान किया




**ओटावा।** कनाडा में भारतीय मिशन ने भारतीय नागरिकों को परामर्श जारी कर कहा है कि वे फोन करने वाले ऐसे लोगों से सावधान रहें जो खुद को दूतावास का अधिकारी बताकर वीजा, आव्रजन स्थिति और नौकरी की पेशकश से जुड़ी धोखाधड़ी करते हैं। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश में भारतीय नागरिकों को धोखाधड़ी करने वाले लोगों से लगातार फोन आ रहे हैं, जो कभी-कभी दूतावास के अधिकारी होने का दावा करते हैं। नौकरी की पेशकश जैसी चीजों के बारे में होती हैं।

### पाकः अलग हमलों में दो पुलिसकर्मियों की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को निशाना बनाकर की गयी अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं में दो पुलिसकर्मी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पहली घटना सेदगी बकाखेल इलाके में उस समय हुई, जहां अज्ञात बंदूकधारियों ने घर के बाहर ही कांस्टेबल मोहम्मद रोशन की गोली मारकर हत्या कर दी। दूसरी घटना में, आजाद मंडी के पास अज्ञात हमलावरों ने पुलिस अधिकारी मिशक्वत उल्ला अमीर को निशाना बनाया।

## केंद्रीय गृहमंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा, बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा और आधुनिक तकनीक पर विशेष जोर

# 'बम-बम' रहेगी अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा, अमित शाह ने थामी कमान




### शिविर स्थल पर मौजूद रहें पुलिस बल

अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जाएगा। यात्रा मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन निगरानी, सीसीटीवी कैमरे, अत्याधुनिक सर्विलांस सिस्टम तथा अन्य तकनीकी उपकरणों की मदद से चौबीसों घंटे निगरानी रखी जाएगी।

इसके साथ ही पारंपरिक सुरक्षा तंत्र को भी और मजबूत किया जाएगा ताकि किसी भी संभावित खतरे से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि यात्रा के दौरान विभिन्न केंद्रीय सुरक्षा बलों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शिविर स्थलों पर नियमित रूप से मौजूद रहें और व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का समय-समय पर मूल्यांकन किया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने आगामी श्री अमरनाथ जी यात्रा की सुरक्षा और व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में यात्रा की सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं, आपदा प्रबंधन तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार श्री अमरनाथ जी यात्रा के श्रद्धालुओं की सर्वोच्च सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि यात्रा के दौरान सुरक्षा और सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। बैठक में यात्रा मार्ग पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से बहुस्तरीय एवं अभेद्य सुरक्षा ग्रिड स्थापित करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्री ने निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग, बेस कैंप, ठहराव स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए।

बैठक में श्रद्धालुओं के पंजीकरण, आवास, स्वास्थ्य सेवाओं और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। अमित शाह ने निर्देश दिया कि यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन और प्रशिक्षित टीमें तैनात रहें। यात्रा से जुड़े स्थानीय लोगों और पशुओं के पंजीकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्थानीय सेवा प्रदाताओं और यात्रा से जुड़े व्यक्तियों को क्यूआर कोड युक्त पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। इसके अलावा यात्रा में उपयोग किए जाने वाले घोड़ों, खच्चरों और अन्य पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

गृह मंत्री ने कहा कि मौसम की स्थिति और मौसम विभाग के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए ही श्रद्धालुओं के जत्थों को आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी। खराब मौसम या किसी अन्य जोखिम की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अमरनाथ यात्रा मार्ग के अतिरिक्त जम्मू-कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु धार्मिक दर्शन के साथ-साथ प्रदेश के पर्यटन स्थलों का भी सुरक्षित वातावरण में आनंद ले सकें। अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष अमरनाथ यात्रा को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, आधुनिक निगरानी प्रणाली और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय के माध्यम से यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुचारु बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।


आरोपी को ले जाती एटीएस

## भोपाल में एटीएस की बड़ी कार्रवाई

# संदिग्ध युवक गिरफ्तार, अफगानिस्तान जाकर विशेष ट्रेनिंग लेने की थी तैयारी

### देश विरोधी गतिविधियों में शामिल था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने राजधानी भोपाल में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने काजी कैंप क्षेत्र से मोहम्मद फराक नामक युवक को हिरासत में लिया है। एजेंसी का दावा है कि आरोपी देश विरोधी गतिविधियों में शामिल था और कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर संदिग्ध नेटवर्क के संपर्क में था। एटीएस ने देर रात कार्रवाई करते हुए आरोपी को काजी कैंप स्थित एक मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया। खुफिया इनपुट के आधार पर एजेंसी पिछले कुछ समय से उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। प्रारंभिक जांच में यह जानकारी सामने आई है कि आरोपी विशेष ट्रेनिंग हासिल करने के लिए अफगानिस्तान जाने की तैयारी कर रहा था। इसके लिए वह कुछ लोगों के संपर्क में भी था।

**पूछताछ के लिए रिमांड मांगा :** टीएस ने आरोपी के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया। एजेंसी ने उससे गहन पूछताछ के लिए रिमांड मांगा है ताकि उसके संपर्कों, फंडिंग के स्रोत और संभावित नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा सके।

### घर से आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद

एटीएस द्वारा आरोपी के घर की तलाशी लेने पर कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार तलाशी के दौरान जिहादी साहित्य और कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। कुछ दस्तावेज पाकिस्तान से भेजे जाने की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा मार्शल आर्ट और अन्य प्रकार के प्रशिक्षण से संबंधित सामग्री भी बरामद हुई है। जांच में कुछ मदरसों से जुड़े वित्तीय लेन-देन की जानकारी भी सामने आई है, जिसकी विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

## पाक को चीनी वेपन सिस्टम का लंबे समय से इंतजार था

# चीन में बनी हंगोर क्लास पनडुब्बी पहुंची कराची, पाक नौसेना करेगी इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ कराची



पाकिस्तानी नौसेना की रणनीतिक ताकत को बढ़ाने और उसके आधुनिकीकरण की दिशा में एक बहुत बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। चीन के साथ हुए समझौते के तहत निर्मित पाकिस्तान की पहली एडवांस हंगोर-क्लास पनडुब्बी सफलतापूर्वक कराची पोर्ट पर पहुंच गई है। पाकिस्तानी नौसेना ने कहा कि गुरुवार को कराची स्थित नौसेना डॉकयार्ड में इस पनडुब्बी के आने पर समारोह किया गया। इस समारोह में पाकिस्तान फ्लीट के कमांडर, वाइस एडमिरल अब्दुल मुनीब मुख्य अतिथि थे। समारोह में पाकिस्तान नेवल एकेडमी के कैडेटों ने कराची बंदरगाह में प्रवेश कर रही इस अत्याधुनिक पनडुब्बी और इसके जांबाज चालक दल को पारंपरिक समारोह सलामी दी। इसके साथ ही, आसमान में पाकिस्तानी नौसेना ने हेलीकॉप्टरों ने शानदार फ्लाई-पास्ट कर इस पनडुब्बी का स्वागत किया।

## भारत की तात्कालिक जरूरतों को पूरा कर सकता है एसयू-57

# एसयू 57 जेटः भारत के लिए गेमचेंजर हो सकता है सुखोई-57

एजेंसी ▶▶ मॉस्को



रूस ने एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान के नए 2 सीट वाले वेरिएंट का ऑफर भी भारत को दे दिया है। पिछले हफ्ते रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि रूस भारत के साथ पांचवी पीढ़ी के इस विमान का उत्पादन करना चाहता है और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए तैयार है। रूस यूएस-57 को एक समाधान के तौर पर भले ही पेश कर रहा है लेकिन इसके प्रोडक्शन से जुड़ी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर सकती है। इस महीने सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के एसयू-57 पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर के लिए बिना किसी रोक-टोक के जॉइंट प्रोडक्शन और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का अपना प्रस्ताव फिर से दोहराया।

## दीक्षांत समारोह में विक्रम मिसरी ने छात्रों को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया

# 12 देशों के 46 विद्यार्थियों ने आईआईटी मद्रास से ली डिग्री, अमेरिका-सोमालिया, सूडान के छात्र शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




एक ओर जहां बड़ी संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाते हैं, वहीं अब वैश्विक स्तर पर भारतीय शिक्षा का मान बढ़ रहा है। नेपाल, अमेरिका, सोमालिया, अफगानिस्तान, सूडान, युगांडा, तंजानिया और कैमरून समेत 12 देशों के 46 छात्रों ने आईआईटी मद्रास से एमटेक, एमए और एमएससी की डिग्री हासिल कर भारतीय शिक्षा प्रणाली पर अपना भरोसा जताया है। आईआईटी मद्रास में आयोजित विशेष दीक्षांत समारोह में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इन छात्रों को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित थे। विदेश सचिव ने तकनीक के बदलते स्वरूप पर जोर देते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में बदलाव की गति अत्यंत तीव्र है। उन्होंने बंगलूरू की तरह ही लागोस, अक्रा और काहिरा जैसे शहरों को उभरते हुए स्टार्टअप हब बताया। भारतीय उच्च शिक्षा की वैश्विक स्वीकार्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस सत्र में भारत के पहले विदेशी कैंपस आईआईटी जांजीबार से चार छात्र ग्रेजुएट हो रहे हैं। 17 देशों के लगभग 150 अंतरराष्ट्रीय छात्र पोस्ट-ग्रेजुएशन और पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए चयनित किए गए हैं, जो वैश्विक पटल पर भारत की शैक्षणिक साख को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

## नेत्र से बढ़ेगी वायु सेना की ताकत, अब दुश्मनों की खैर नहीं

# भारत की तीसरी आंख को 25 जून को मिलेगा फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की स्वदेशी हवाई निगरानी और टोही क्षमताओं के क्षेत्र में 25 जून को एक नया और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ आगामी 25 जून को बेंगलुरु स्थित सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स में स्वदेशी हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली- नेत्र के लिए फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

यह घोषणा भारतीय वायु सेना के लिए विकसित किए गए इस स्वदेशी रणनीतिक प्लेटफॉर्म के विकास, परीक्षण और परिचालन साइकिल की सफल समाप्ति का प्रतीक है। यह सिस्टम अब युद्ध या किसी भी सैन्य संकट के दौरान पूर्ण पैमाने पर मोर्चे पर तैनात होने के लिए पूरी तरह तैयार और प्रमाणित हो चुका है।



### आसमान में भारत की तीसरी आंख और इसकी मारक क्षमताएं

*डीआरडीओ द्वारा विकसित नेत्र सिस्टम को आसान भाषा में आसमान में उड़ता हुआ बेहद आधुनिक रडार और कमांड सेंटर कहा जा सकता है। यह अत्याधुनिक सर्विलांस सेंसर ब्राजीलियाई एम्ब्रेयर विमान पर फिट किए गए हैं। दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोनों, मिसाइलों और यहां तक कि समुद्री सतह पर मंडराने वाले खतरों की बहुत पहले ही टोह लेना और अर्ली वॉर्निंग जारी करना है।*

> भारत ने अपने पड़ोसी देश को संकट से उबारने की फिर से एक बड़ी पहल की है। अरब सागर में स्थित आइलैंड देश को बड़ी संख्या में मीजल्स वैक्सीन और अन्य मेडिकल सामग्री की जरूरत पड़ी और भारत ने तुरंत यह

## भारत ने पहुंचाई तुरंत सहायता, भारत बना भरोसेमंद फर्स्ट रेसपॉन्डर

# संकट के समय फिर पड़ोसी के साथ खड़ा हुआ भारत,गंभीर बीमारी से जूझ रहा है आइलैंड देश, कभी कहा था इंडिया आउट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने संकट के वक्त में अपने निकट पड़ोसी मालदीव की ओर फिर से मदद का हाथ बढ़ाया है। अरब सागर में स्थित यह आइलैंड देश अभी मीजल्स खसरा संक्रमण के संकट से जुझ रहा है, गुरुवार को भारत ने मीजल्स वैक्सीन की 20,000 डोज भेजी। भारत ने अलावा माले की सरकार की सहायता के लिए अलग से तीन टन अतिरिक्त मेडिकल सप्लाई भी भेजी है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार समय पर भेजी गई बढ़ते मामलों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।




**भारत से घनिष्ठ समन्वय दर्शाता है:** मालदीव के विदेश मंत्रालय ने भारत से समय पर पहुंची मदद की सोशल मीडिया के माध्यम से तुरंत ही सराहना की।

### कभी चल चुका है इंडिया-आउट अभियान

#### यह वही मालदीव है, जहां पहले भारत-विरोधी अभियान भी चला था

- मालदीव के नेता मोहम्मद मुइज्जू ने चीन के प्रभाव में आकर इंडिया आउट अभियान चलाने से भी परहेज नहीं किया था।
- मुइज्जू से पहले मालदीव में भारत-विरोधी भावना का बीज पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन बोकर गए।
- लेकिन, इंडिया आउट अभियान के कुछ ही समय बाद जब आइलैंड देश के मीठे पानी वाला अकेला प्लांट बैठ गया ने घंटों में द्वीप पीने का पानी पहुंचा दिया।
- यही नहीं, मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में जब भी माले ने नई दिल्ली की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखा है।
- भारत ने मालदीव को तेल और गैस की सप्लाई बनाए रखने में सहायता की हर संभव कोशिश की है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109